डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शनिवार
22.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 12
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-09 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह

पानी अगर मर्यादा तोड़ने पर आ जाये तो विनाश तय है और अगर जुबान मर्यादा तोड़े तो फिर होता है सर्वनाश।

कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्ताव मंजूर

रांची। शुक्रवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि राज्य मंत्रिपरिषद ने एथेनॉल पॉलिसी 2022 को लागू कर दिया है। इसके अलावा झारखंड आकस्मिक फंड से 500 करोड़ की बजाय 1200 करोड़ तक की अग्रिम राशि ली जा सकेगी। विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के अंतर्गत पांच डिग्री कॉलेज बड़कागांव, सिमरिया, जमुआ, बगोदर के प्राचार्य, शिक्षकों व कर्मियों के 145 पद सृजित किये गये। इसमें सालाना 11 करोड़ रुपये खर्च होंगे। रामगढ़ न्यायालय के लिए 14 पद सृजित किये गये। सिमरिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के लिए 440 करोड़ की स्वीकृति दी गयी। इसके लिये पंचायत व गांव में बदलाव भी किया गया। खरसावां में श्री सीमेंट को औद्योगिक कार्य के लिए जमीन सशुल्क लीज पर दी गयी। बिहार राज्य में निबंधित संस्थाओं को झारखंड में निबंधन कराने के लिए 28 फरवरी 2023 तक की समय सीमा में अवधि विस्तार दी गयी है। रांची जिला के कांके के कदमा मौजा में सीसीएल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने के लिए 5.53 एकड़ जमीन दी गयी। रिनपास के सीनियर रेजिडेंट के वेतनमान में बदलाव को स्वीकृति दी गयी। अभी इन्हें 60 हजार रुपये फिक्स वेतन मिलता है।

जांच के दौरान बाइक सहित 10 केजी अफीम जब्त

चतरा। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर नक्सिलयों के तलाश में निकली पुलिस टीम ने जांच के दौरान बाइक सहित 10.874 केजी गीला अफीम और 7.700 केजी डोड़ा मिश्रित पोस्ता दाना किया जप्त। उपरोक्त जानकारी देते हुए एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि सीआरपीएफ 190वीं बटालियन के सहायक समादेष्टा परमजीत कुमार, एसआई अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा मओवादी के गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अभियान परन निकली थी और इस दौरान नाका लगाकर आने जाने वालों की जांच की जा रही थी। इसी क्रम में एक मोटरसाईकिल पर दो व्यक्ति अमकुदर के तरफ से आ रहे थे और पुलिस को देखकर बाइक छोड़कर भागने लगे, तभी सुरक्षा बल के द्वारा पीछा किया गया परंतु घने जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। उसके बाद स्पेलंडर प्लस (बिना नंबर) के बाइक की तलाशी ली गई तो एक थैला में 5.500 केजी व दुसरे प्लास्टिक में 4.174 केजी, स्टील केन में 1.200 केजी केन सहीत गीला अफीम कुल 10.874 केजी एवं 7.700 केजी डोडा मिश्रित पोस्ता दाना मिली। जिसे विधिवत जब्त किया गया।

रांची में प्लाईवुड दुकान में दिनदहाड़े गोलीबारी, एक घायल

रांची। रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र के विष्णु गली में मंगलम प्लाईवुड में शुक्रवार को दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना हुई जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। बताया जा रहा है कि दुकान पर बैठे व्यक्तियों पर अपराधियों ने अचानक फायरिंग कर दी जिसमें दुकानदार का एक मित्र घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी की घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी और अफरा-तफरी मची रही। खबर मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरा से अपराधियों की पहचान कर रही है ताकि आरोपियों को गिरफ्तार किया जा सके।

कर्रा में 322 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास व परिसंपत्ति का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को खूंटी के कर्रा में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया तथा 322 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सुदूर क्षेत्र में लोगों को कैसे योजना का लाभ मिले। इसको लेकर आपकी सरकार चिंतित थी। पूर्व की सरकारों में लोगों को जरूरतमंदों को योजना का लाभ नहीं मिला। लेकिन आपकी सरकार ने योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है, जिसका प्रतिफल है कि सरकार आपकी योजनाओं को लेकर आपके द्वार पहुंच रही है। गांव-गांव पदाधिकारी पहुंच रहें हैं और आपको योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंद आगे आकर योजनाओं का लाभ लें। योजनाएं यहां के लोगों के अनुरूप बनायी गयी है।

सभी का ध्यान रख रही सरकार : मुख्यमंत्री ने कहा कि खूंटी वीर भूमि है। यहां हक अधिकार को लेकर आंदोलन हुए थे। पूर्व की सरकार में पत्थलगड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को आपकी सरकार ने वापस लिया है। राज्य सरकार राज्यकर्मियों को लेकर भी निर्णय लिया है। उनके वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया गया। पुलिसकर्मियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

शिक्षा की बेहतरी का हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से सभी बच्चियों को जोड़ना है। इसके लिये आयोजित हो रहे शिविर सहायक बन रहें हैं। सरकारी स्कूलों को निजी विद्यालय के तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। जहां सीबीएसई के तर्ज पर शिक्षा दी जायेगी। यहां के प्रतिभावान बच्चे विदेश में सरकार के सहयोग से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं।

बूढ़ा पहाड़ से भागे माओवादियों ने गारू में ली शरण

बूढ़ा पहाड़ व कोल्हान इलाकों में नये जगह पर शिफ्ट हुए माओवादी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान के बाद माओवादी तीतर-बितर हो गये हैं। बूढ़ा पहाड़ को सुरक्षाबलों ने 11 सितम्बर को नक्सलियों से मुक्त करा लिया था। बूढ़ा पहाड़ की मुक्ति के बाद वहां कैंप कर रहे सौरभ जी उर्फ मारकुश बाबा, सरजीत यादव, नवीन यादव के दस्ते ने अपना ठिकाना लातेहार के गारू व उसके आसपास के पठारी इलाके को बनाया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक, बूढ़ा पहाड़ से हटने के बाद मारकुश बाबा उर्फ सौरभ अपने साथी रवींद्र यादव के दस्ते के साथ सक्रिय है। वहीं, नवीन व सरजीत यादव अपने एक दर्जन साथियों के साथ गारू के इलाके में ही गांव में सक्रिय हैं। पुलिस इन चिन्हित उग्रवादियों के खिलाफ टारगेट बेस्ड अभियान चलाने की तैयारी में है।

कोल्हान में भी ट्राइजंक्शन से खदेड़े गये माओवादी : चाईबासा, खूंटी और सरायकेला के कुचाई में भाकपा माओवादियों ने बीते तीन सालों से अपना बसेरा बना रखा था। सुरक्षा बलों ने अगस्त महीने की आखिरी सप्ताह में ट्राइजंक्शन पर ऑपरेशन थंडरबोल्ट चलाया था। इस ऑपरेशन के दौरान एक महिला व एक पुलिस सेक्शन कमांडर मारे गये थे। दोनों के पास से एके-47 हथियार भी बरामद किया गया था। इस ऑपरेशन के बाद माओवादियों ने ट्राइजंक्शन के कुचाई इलाके को छोड़ दिया था। माओवादियों के एक करोड़ के ईनामी पतिराम मांझी उर्फ अनल के दस्ते के दो माओवादियों के मारे जाने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

रेलवे साइट पर उग्रवादियों ने दिनदहाड़े बरसाई गोलियां

साइट पर काम कर रहे तीन कामगारों को मारी गोली, दहशत

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत मालहन पंचायत के केंदुआटांड़ स्थित थर्ड रेलवे लाईन का निर्माण कार्य करा रही केइसी कंपनी के साइट पर शुक्रवार को दिन दहाड़े गोली बारी की बड़ी घटना सामने आई है। उग्रवादियों द्वारा किये गए गोलीबारी में तीन युवकों को गोली लगी है। जिसमें से एक युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दो युवकों के पैर और एक युवक को सीने में गोली लगी है। मिली जानकारी के अनुसार साइट पर अन्य दिनों की तरह काम चल रहा था । तभी वहां अचानक से 10 से बारह की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी पहुंचे और गोलीबारी शुरू कर दी । साइट पर काम कर रहे केइसी कंपनी के इंजीनियर औरंगाबाद बिहार निवासी शिवकुमार यादव के सीने पर दो गोली लगी है। जिससे उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं बालूमाथ सीरम निवासी विशेश्वर याद,विकास ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा पुलिस गिरफ्त में सात अपराधी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सतबरवा थाना की पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। मिनी गन फैक्ट्री मिलने के बाद पुलिस ने फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस ने मौके से सात संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। पलामू में एक लंबे वक्त के बाद हथियारों की सूचना मिली थी कि सतबरवा थाना फैक्ट्री पकड़ी गई है। फैक्ट्री से पुलिस ने दो देसी कट्टा, एक रायफल, दो पिस्टल और भारी मात्रा में अर्ध निर्मित हथियारों को बरामद किया है। पुलिस की टीम विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर रही है। दरअसल पलामू पुलिस को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

बद्रीनाथ में पूजा के बाद मोदी ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

माणा गांव में ताजा हुआ 25 साल पुराना दिलचस्प किस्सा

बद्रीनाथ में बोले पीएम मोदी

बाबा केदार और बद्री विशाल जी के दर्शन करके मन प्रसन्न हो गया, जीवन धन्य हो गया। माणा गांव, भारत के अंतिम गांव के रूप में जाना जाता है। लेकिन मेरे लिये सीमा पर बसा हर गांव, देश का पहला गांव है। 21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला- अपनी विरासत पर गर्व, दूसरा- विकास के लिए हर संभव प्रयास। देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर मैंने लाल किले पर एक आह्वान किया, ये आह्वान हैं गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्ति का। क्योंकि आजादी के इतने वर्षों बाद भी, हमारे देश को गुलामी की मानसिकता ने ऐसा जकड़ा हुआ है कि प्रगति का कुछ कार्य कुछ लोगों को अपराध की तरह लगता है। विदेशों में वहां की संस्कृति से जुड़े स्थानों की ये लोग तारीफ करते नहीं थकते थे, लेकिन भारत में इस प्रकार के काम को हेय दृष्टि से देखा जाता था।

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छठवीं बार शुक्रवार 21 अक्टूबर को उत्तराखंड के हिमालय में मौजूद केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन करने पहुंचे। मोदी ने सबसे पहले सुबह श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा की। यहां प्रधानमंत्री केदारनाथ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

हेट स्पीच देनेवालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की है जरूरत : सुप्रीम कोर्ट

- दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड पुलिस को नोटिस जारी कर ऐसे अपराधों के खिलाफ की गयी कार्रवाई पर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा
- पुलिस अधिकारियों को औपचारिक शिकायत की प्रतीक्षा किये बिना हेट स्पीच के मामलों में स्वतः संज्ञान लेने का आदेश
- कार्रवाई करने में विफल दोषी अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना मानी जायेगी

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस केएम जोसेफ व जस्टिस हृषिकेश रॉय की बेंच नफरत फैलानेवाले बयान (हेट स्पीच) को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि हेट स्पीच देनेवालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि हम धर्म के नाम पर कहां पहुंच गये हैं। इस तरह के बयान (अभद्र भाषा) परेशान करनेवाले हैं, खासकर ऐसे देश के लिए जो लोकतांत्रिक और धर्म-तटस्थ है। सुप्रीम कोर्ट भारत में मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने और आतंकित करने के कथित बढ़ते खतरे को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग करनेवाली एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड पुलिस को नोटिस जारी किया और उनसे अपने अधिकार क्षेत्र में ऐसे अपराधों के खिलाफ की गयी कार्रवाई पर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा। कोर्ट ने राज्य सरकारों और पुलिस अधिकारियों को औपचारिक शिकायत की प्रतीक्षा किये बिना हेट स्पीच के मामलों में स्वतः ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

दिवाली बंपर छूट में साइबर गिरोह आपको लूट न लें

स्कैमर दिवाली कैशबैक, ऑनलाइन शॉपिंग व गिफ्ट के नाम पर लगा रहे हैं चूना

- आरएनएम

नयी दिल्ली। दिवाली लोग खूब करते हैं। इसी का फायदा उठाने के लिए शातिर साइबर गिरोह भी एक्टिव हो गये हैं। स्कैमर दिवाली कैशबैक, ऑनलाइन शॉपिंग और गिफ्ट के नाम पर लोगों को चपत लगा रहे हैं। साइबर सेल में फ्री दिवाली गिफ्ट के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आ रहे हैं। इसको लेकर आईटी मंत्रालय के इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने अलर्ट भी जारी किया है। सीईआरटी-आईएन ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि यदि आपको उन वेबसाइटों के लिए सोशल मीडिया लिंक प्राप्त हुए हैं जो मुफ्त दिवाली उपहार का वादा करती हैं, तो इससे सावधान रहें। यूजर्स को इन लिंक के द्वारा चाइनीज वेबसाइट पर भेजा जाता है और यह यूजर्स की निजी जानकारी के साथ बैंकिंग की जानकारी भी चुराती हैं। सीईआरटी-आईएन ने कहा कि इन लिंक की मदद से आपके डाटा की चोरी संभव है और इससे आपका बैंक अकाउंट भी खाली हो सकता है। जानकारी के लिए बता दें कि हाल ही में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

25 को सूर्य ग्रहण, जानिये दीपावली पर असर पड़ेगा या नहीं

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। साल 2022 का अंतिम सूर्य ग्रहण 25 अक्टूबर मंगलवार को होगा। यानी दीपावली के ठीक अगले दिन। ऐसा दुर्लभ संयोग कई दशकों में एक बार बनता है। यह आंशिक सूर्य ग्रहण होगा ,जो भारत में दिखाई देगा। धार्मिक और ज्योतिष नजरिए से यह ग्रहण काफी खास होगा। हमीदगंज स्थित सूर्य मंदिर के पंडित छोटन मिश्रा के अनुसार आंशिक सूर्यग्रहण 25 अक्टूबर मंगलवार को आइसलैंड में दोपहर 2:29 से शुरू होगा और शाम 6:32 पर अरब सागर में समाप्त होगा। भारत में इसकी शुरूआत शाम लगभग 4:22 से होगी और सूर्यास्त के साथ ही यह समाप्त हो जायेगा। झारखंड में यह ग्रहण शाम 4:42 से शुरू होगा और 5:15 पर समाप्त हो जायेगा। गोड्डा में यह आंशिक सूर्य ग्रहण की शुरूआत शाम 4:42 से होगी और इसका समापन 5:06 पर हो जायेगा। पंडित नितेश मिश्रा के मुताबिक इस बार यह सूर्य ग्रहण स्वाति नक्षत्र एवं तुला राशि पर लग रहा है। सूर्य ग्रहण का सूतक काल ग्रहण शुरू होने के 12 घंटे पहले प्रारंभ हो जाता है। भारत में सूर्य ग्रहण की शुरूआत शाम 4:22 से हो रही है । ऐसे में इसका सूतक सुबह 4:22 से आरंभ हो जायेगा। इस अवधि में मंदिरों में प्रवेश करना, मूर्ति स्पर्श करना, भोजन करना व यात्रा करना वर्जित है। बालक, वृद्ध व रोगी अति आवश्यक होने पर फलाहार ले सकते हैं। ग्रहण काल में दान, जप तथा मंत्र सिद्ध करने का विधान है। खगोलीय जानकारों के अनुसार जब धरती सूरज की परिक्रमा करती है और चंद्रमा धरती की परिक्रमा करता है। जब सूर्य और धरती के बीच चंद्रमा आ जाता है तो सूर्य की रोशनी को कुछ समय के लिए ढक देता है। इसी घटना को सूर्य ग्रहण कहा जाता है। यह सूर्य ग्रहण देश के पश्चिमी एवं उत्तरी हिस्सों में देखा जा सकेगा। लेकिन पूर्वोत्तर भारत में यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अरूणाचल प्रदेश में सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चार की मृत्यु

ईटानगर (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में सेना का हेलीकॉप्टर 'रुद्र' शुक्रवार को क्रैश हो गया। हादसा टूटिंग हेडक्वार्टर से 25 किलोमीटर दूर सिंगिंग गांव के पास हुआ है। जहां ये हादसा हुआ है वो एरिया सड़क मार्ग से कनेक्टेड नहीं है। भारतीय सेना के मुताबिक दोपहर तक हेलीकॉप्टर क्रैश में मारे गये लोगों में से चार के शव मिल गये थे। पांचवें की तलाश जारी है। दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का पता लगाने के लिए वायु सेना और सेना की संयुक्त बचाव टीमों ने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया जिसमें एक एमआई -17 और दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा सेना की तीन टकड़ियां शामिल थी। सेना की ओर से बताया गया है कि हेलीकॉप्टर में पांच व्यक्ति सवार थे जिनमें से चार के पार्थिव शरीर मिल गये हैं। अभी दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चला है और विस्तृत ब्योरे की प्रतीक्षा है। इससे पहले पांच अक्टूबर यानी दो हफ्ते पहले ही अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में आर्मी का एक चीता हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ था। हेलीकॉप्टर में दो पायलट सवार थे। हादसे के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ यादव ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

जनता दरबार में उपायुक्त ने लोगों की सुनी समस्या

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के जनता दरबार में शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने समस्याएं सुनायी। जिसमें अपने हिस्से के जमीन पर आवास निर्माण किये जाने के बावजूद गोतिया द्वारा रोक लगाने,पत्थर के खनन पर रोक लगाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। नौडीहा बाजार प्रखंड के चराई 2 पंचायत से आये ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिये आवेदन में कहा कि पत्थर खनन के लिए ठेकेदार द्वारा फर्जी ग्राम सभा कर वन भूमि में पत्थर खनन किया जा रहा है। जिससे पंचायत के हरिडीह, नावाडीह, तुकार्डीह, गांव प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पत्थर खनन के रास्ते में सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय भी अवस्थित जिससे बच्चे भी प्रभावित हो रहें हैं। अतः ग्रामीणों ने उपायुक्त से खनन स्वीकृति पर रोक लगाने की मांग की। **ऑन द स्पॉट यूडीआईडी कार्ड हुआ निर्गत** :जनता दरबार में पाटन के नावाजयपुर से आये योगेंद्र प्रसाद ने उपायुक्त को बताया कि उनका पोता अनुज कुमार 90 प्रतिशत दिव्यांग है। कई बार ब्लॉक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दौड़ लगाने के बावजूद आज तक यूडीआईडी कार्ड निर्गत नहीं किया। इस पर उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को उचित कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने बताया कि नॉन कृमि लेयर व जाति प्रमाण पत्र जमा करने के पश्चात उनका एडमिशन कंफर्म हो पायेगा। अंचल में आवेदन किया है लेकिन राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल होने की वजह से प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। जिसके कारण एडमिशन कैंसिल होने का खतरा बना हुआ है। अतः उन्होंने उपायुक्त से प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु अनुरोध किया । जिसके बाद उपायुक्त ने चैनपुर सीओ को फोन कर प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह तरहसी के पूजा कुमारी ने भी आय प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर डीसी से अनुरोध किया। इसके अलावे आवास, पेंशन रुक जाने, राजस्व, समेत अन्य विभागों से जुड़े आवेदन आए। जिसे उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को फॉरवर्ड करते हुए 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया।

मुखिया ने निजी खर्च से बटाने नदी पर बनाया डायवर्सन, ग्रामीणों ने किया श्रमदान

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। प्रखंड के तूरी-अररुआ बटाने नदी मार्ग पर तूरी पंचायत के मुखिया संदीप यादव ने निजी खर्च से बटाने नदी पर होम पाइप लगाते के बाद उस पर बालू भरे बोरे बिछाकर डायवर्सन बनाया और आवागमन को शुचारू किया। वही ग्रामीणों ने भी श्रमदान कर सहयोग किया। मालूम हो कि इसके पहले भी संदीप के द्वारा नदी में डायवर्सन बनाया गया था। जो बरसात के दौरान नदी के तेज बहाव की धार की वजह से बह गया था। किंतु अब दुबारा डायवर्सन के बन जाने से तुरी, बरवादोहरी, करमलेवा, परसलेवा, लंगूराही, चहका सहित निकटवर्ती बिहार के दुलारे, छुछियां आदि कई गांवों के हजारों लोगों को अवागमन में सहूलियत होने लगी। डायवर्सन निर्माण हो जाने से एक ओर जहां ग्रामीणों में हर्ष है। वहीं दूसरी ओर लोगों ने अच्छे कार्य करने के लिए मुखिया संदीप यादव के प्रति आभार जताया है। मुखिया संदीप यादव ने बताया कि नदी में करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे पुल निर्माण का कार्य अधूरा रह जाने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर मुखिया के अभिवावक रामू यादव, महादेव यादव के अलावा जीतेंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव, संतोष यादव, पकंज यादव, अजय यादव, गेंदालाल यादव, अरविंद यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

मनरेगा कनीय अभियंता पर रिश्वत मांगने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में रिश्वतखोरी चरम सीमा पर है। पंचायत सचिव हो यह राजस्व कर्मचारी बिना चढ़ावे के कोई भी कार्यो का निष्पादन नहीं करतें है। हालांकि स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रखंड से लेकर अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि जो कर्मचारी क्षेत्र के लोगों से रिश्वत मांगते है। वैसे कर्मचारियों को छोड़ा नहीं जायेगा। वहीं विधायक के इस चेतावनी के बाबजूद कार्यो के बदले अब मोबाइल से खुलेआम घूस मांग रहे है। ऐसा ही एक मामला प्रखंड कार्यालय के एक कर्मी के द्वारा मांगे जाने से संबंधित प्रकाश में आया है।। हुसैनाबाद प्रखंड के मनरेगा कनीय अभियंता अभिषेक कुमार पासवान द्वारा मनरेगा कार्य में कोड छोड़ने के लिए पतरा खुर्द पंचायत के संडा गांव निवासी जयकेश पासवान व पंकज कुमार पासवान से रिश्वत की मांग की है। वहीं अन्य लाभुकों से भी रिश्वत की मांग की गई है। उन्होंने लाभुकों से कहा कि हम बिना रिश्वत लिए कोई कार्य नहीं करते है। जयकेश पासवान ने बीडीओ को प्रमाण के साथ एक लिखित शिकायत की है। उधर स्थानीय विधायक ने ऐसे कनीय अभियंता पर बीडीओ को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

प्रिंसिपल पर पैसे लेने का आरोप,जांच शुरू

नवीन मेल सवांददाता

सतबरवा। सुकन्या ,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में सतबरवा राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू विद्यालय के प्रिंसिपल राम रक्षा प्रसाद के द्वारा पैसे लिए जाने के मामले की जांच शुक्रवार को पांकी के क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह तथा सतबरवा बी ई ई ओ हरेंद्र तिवारी ने की। जांच टीम ने सैकड़ों बच्चों तथा शिक्षकों से बात की। सभी ने प्रिंसिपल की करतूतों की परत दर परत कलई खोलते गये। छात्र छात्राओं ने एडमिशन से लेकर रजिस्ट्रेशन तथा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना व परिचय पत्र तथा किताब देने में भी पैसा लेने का आरोप लगाया। जांच के बाद क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रिंसिपल रामरक्षा प्रसाद पर लगे आरोपों की जांच करने पहुंचे थे। जांच में लगे आरोप सही पाये गये हैं, जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंप दिया जायेगा।

क्या है मामला : सुकन्या ,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के फार्म पर हस्ताक्षर करने के एवज में राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू विद्यालय के प्रिंसिपल के द्वारा पैसा लिए जाने की जानकारी सतबरवा के सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को ट्विटर के माध्यम से दी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्काल इस पर एक्शन लेते हुए पलामू उपायुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि कृपया मामले की जांच कर कार्रवाई करते हुए सूचित करें। मेरा स्पष्ट निर्देश है कि हमारी बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ लेने तथा किसी भी जरूरतमंदों को सरकार की योजना का लाभ लेने में दिक्कत न हो।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने सबंधित मामले की जांच की

सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में अगर इस प्रकार से शिक्षक करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों का क्या होगा। अतुल कुमार ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद करते हुए कहा कि बेहतर शासन व्यवस्था का यह एक अच्छा नमूना है, मुख्यमंत्री ने एक छोटे से शिकायत को गंभीरता से लेकर एक अच्छी पहल की है।

चार सूत्री मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन करने की घोषणा

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। उर्दू मिडिल स्कूल परिसर में अजाप्टा की मैराथन बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी व संचालन सचिव निर्मल कुमार ने की। मौके पर जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, वरीय उपाध्यक्ष रामानुज प्रसाद, छत्तरपुर प्रखंड अध्यक्ष उमेश प्रसाद, संगठन सचिव सुशील कुमार और हैदरनगर के सचिव अरुण कुमार चौधरी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में उपस्थित संघीय पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में कई बार अजाप्टा के शीर्ष केंद्रीय नेतृत्व ने विभाग का ध्यान शिक्षा और शिक्षक हित में आकृष्ट कराया है। समय समय पर ज्ञापन देने और विभागीय नियमों के आलोक में सार्थक तर्क देने का काम किया है। विभाग द्वारा सकारात्मक आश्वासन भी मिला है,फिर यह फाईलों में ही दम तोड़ दिया। इससे शिक्षक आहत हैं। आनेवाली पीढ़ी न कोसे, इसके लिए अजाप्टा ने संघर्ष का रास्ता अख्तियार करने का निर्णय लिया। पदाधिकारियों ने कहा कि बीते 15 अक्टूबर 2022 को राज्य कार्यकारिणी की बैठक में विभाग की हठधर्मिता पर गहरा रोष व क्षोभ व्यक्त किया गया था। विभिन्न जिलों से पहुंचे शिक्षक प्रतिनिधियों की सहमति से चार सूत्री मांगें निर्धारित की गयी थी। जिसमें एमएसीपी जो 10,20व 30 वर्षों के बाद वृत्ति उन्नयन है, दिया जाय। बिहार के प्रोन्नति नियमावली ही अब तक झारखंड में प्रभावी है, और बिहार में मिल गया है, झारखंड के शिक्षकों को भी मिलना चाहिए। छठे वेतन आयोग के वेतन विसंगतियों को दूर करते हुए इन्ट्री पे स्केल दिया जाए ,खेद है कि सचिवालय कर्मियों को दिया गया और शिक्षकों को इससे परे रखा गया। इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर को सहज बनाया जाय और आरटीई के मान्यदंड़ों के प्रतिकूल और एनजीओ के दबाव में गैर शैक्षणिक कार्यों की बहुलता से पठन-पाठन बाधित हो रहें हैं, इससे शिक्षकों को मुक्त किया जाय। उक्त मांगों पर बल देने के लिए और विभाग की मनमानी जो पराकाष्ठा पर पहुंच गयी है,ससमय नहीं माने जाने पर चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया। आंदोलन के प्रथम चरण में आगामी 4 और 5 नवंबर को काला बिल्ला लगाना, दूसरे चरण में 7 से 12 नवंबर को जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपना, तीसरे चरण में 19 नवंबर को माननीय मुख्यमंत्री का घेराव करना है। इसके बाद भी मांगें नहीं मानें जाने पर चौथे और अंतिम चरण में 17 दिसंबर से राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण- अनशन करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबों की भागीदारी अपेक्षित है। पलामू प्रमंडल के सोशल मीडिया प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि शैक्षणिक कार्यों के करने के साथ-साथ गैर शैक्षणिक कार्यों को बखूबी करने के बाद विभाग की शिक्षकों के प्रति अच्छी सोंच नहीं है।

समाजसेवी ने चापाकल की मरम्मत करा, पेयजल मुहैया कराया

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने शुक्रवार को निजी खर्च से नगर पंचायत क्षेत्र के सरकारी अस्पताल के बगल में अररुआ खुर्द एनएच 98 किनारे स्थित महीनों से खराब सार्वजनिक चापाकल की मरम्मत कराते हुए, ग्रामीणों को पेयजल मुहैया कराया। बता दें कि इन्होंने अब तक विभिन्न क्षेत्रों में एक सौ से ज्यादा खराब चापाकलों की अपने खर्च से मरम्मत कराकर लोगों को पेयजल आपूर्ति की सुविधा बहाल करायी है। इस बावत जनहित के इस कार्य को लेकर ग्रामीणों ने राजीव रंजन के प्रति आभार जताया है।

पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिवंगत मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवादाता

पांकी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव के पांकी थाना रोड स्थित आवास पर शुक्रवार की दोपहर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें प्रदेश एवं प्रखंड स्तर के समाजवादी पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई । जिसके उपरांत सपा कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात उनकी जीवन यात्रा और राजनीतिक कैरियर को याद किया गया।

न्यूज गैलरी

नपं मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के लिए प्रपत्र ख जमा करें : सीओ

हुसैनाबाद। नगर निकाय चुनाव को लेकर विभागीय प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। शुक्रवार को सीओ नंद कुमार राम ने हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड छह में बूथ संख्या 123 का स्थानांतरण को लेकर दिनेश चौक के चार धाम के निकट सामुदायिक भवन व विवाह मंडप का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वार्ड छह के उक्त बूथ एक निजी भवन में बनाया गया था। जिससे सामुदायिक भवन व विवाह मंडप में स्थानांतरित किया जायेगा। इस दौरान मतदाताओं से कहा कि मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है। सभी मतदाता इसका मिलान कर लें, स्थान,नाम या अन्य त्रुटियों में सुधार के लिए अंचल कार्यालय परिसर में ससमय प्रपत्र 'ख' जमा करने की बात कही। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इस मौके पर मुख्य रूप से वार्ड छह के वार्ड पार्षद अर्जुन प्रसाद गुप्ता, पंचायत सचिव वशिष्ठ तिवारी, नगर पंचायत कर्मी धीरज कुमार आदि मौजूद थे।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पदाधिकारी जाते हैं या नहीं, इसकी जांच हो

मेदिनीनगर। हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को मेदिनीनगर शहर में अपने आवास पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन कर कहा कि झारखण्ड सरकार द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन आदेश पारित होनी चाहिए कि कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारी जाते है कि नही इसकी जांच करने वाला कोई नही है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर देखा गया कि कार्यक्रम में पदाधिकारी के जगह दूसरे लोग चले जा रहे हैं । वर्ष 2021 दस हजार किवंटल अनाज ऊपर से ही ऊपर लाकर बेच दिया गया । इस सवाल का आवाज विधानसभा में विधायक कमलेश सिंह ने उठाने की बाते कही,अगर इस मामले को सही ढंग से जांच नही जायेगी तो एनसीपी पार्टी सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी । बिजली विभाग की लचर व्यवस्था और मनमानी बिल को लेकर ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। वही विधायक कमलेश सिंह ने सरकार से मांग की है कि मेदिनीनगर के खास महल जमीन को फ्री होल्ड किया जाए। होल्डिंग टैक्स में भी मनमानी तरीके से बढ़ोतरी कर दी गई है। जिसका मूल्यांकन कर सुधार की जाए। हुसैनाबाद विधानसभा सभा क्षेत्र में 6 विद्यालय में मेंटेन्स की राशि दी गई है। लेकिन सही ढंग से मेनटेन्स का कार्य नही किया गया है। इसके साथ साथ हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के कई अहम मुद्दों को लेकर विधायक कमलेश सिंह ने प्रेसवार्ता की। साथ ही एनसीपी पार्टी में कई लोगो ने सदस्यता भी ग्रहण किया। मौके पर एनसीपी पार्टी के बिनू सिंह,समेत एनसीपी पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मीर वारिस आलम बने राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष

नावा बाजार। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा व समर्पण को देखते हुए मीर वारिस आलम को नावाबाजार प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। पार्टी के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार जयसवाल ने प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मीर वारिस आलम को पत्र दिया। मौके पर श्री जयसवाल ने कहा कि आशा व विश्वास है कि वारिस आलम के कुशल नेतृत्व में पार्टी उत्तरोत्तर विकास करेगा। इधर मीर वारिस आलम को प्रखंड अध्यक्ष बनने पर नावा बाजार प्रखंड से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में पूर्व जिला परिषद अनुज राम, वीरू दुबे, विकास दुबे, राजमणि पांडेय, धनंजय पांडेय सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

छिपादोहर चौक पर चला विशेष वाहन चेकिंग अभियान

विश्रामपुर। विश्रामपुर इटको मुख्यमार्ग पर शुक्रवार को नावाडीह ओपी अंतर्गत छिपादोहर खुर्द के देवी धाम चौक पर नावाडीह ओपी पुलिस द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस के जवानों ने आने जाने वाले सभी दोपहिया व चारपहिया वाहनों के डिक्की, सिटबेल्ट, हेमलेट आदि की गहनता पूर्वक जांच की। वही वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व कर रहे नावाडीह ओपी प्रभारी अजय करकेटा ने बताया की पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया है,जो की निरंतर आगे भी जारी रहेगी। वही प्रभारी ने सभी वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चालक अपने साथ गाड़ी की सारी कागजात, हेलमेट, लाइसेंस आदि को लेकर चले। अन्यथा कानूनी कार्रवाई के साथ साथ फाइन भी वसूला जायेगा। वाहन चेकिंग अभियान में मुख्य रूप से ओपी प्रभारी अजय करकेटा, हवलदार बंगाली प्रसाद मेहता, आरक्षी जयजीत उरांव सहित शस्त्र बल के कई जवान मौजूद थे।

एनएसयूआई का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एनएसयूआई पलामू जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को जीएलए कॉलेज परिसर में दूसरे दिन भी 7 सूत्री मांग को लेकर जीएलए कॉलेज के प्राचार्य डॉ आईजे खलखो को हटाने का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष तिवारी ने कहा कि कॉलेज प्रशासन अपनी मनमानी कर रहीं हैं । पलामू प्रमंडल के छात्रों के साथ अन्याय हैं। उन्होंने प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्राइवेट कॉलेज से मिलीभगत कर कॉलेज में नामांकन कम लेने की साजिश चल रही है। झारखंड के किसी भी कॉलेज में इतने कम सीटों पर पर नामांकन नहीं हो रहा है। प्राचार्य की तानाशाही एनएसयूआई पलामू किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी । छात्रहित में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन को इस पर पहल करना चाहिए नहीं तो दिवाली, छठ पूजा छुट्टी के बाद विश्वविद्यालय का घेराव एनएसयूआई पलामू करेगी। पलामू जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश ने कहा कि कॉलेज प्रशासन को महिला छात्रावास को अभिलंब शुरू करना चाहिए। प्राचार्य की तरफ से पहल की जाती तो आज महिला छात्रावास शुरू हो जाता एवं बाहर कमरा लेकर रह रहे छात्राओं को कैंपस में रहकर पढ़ाई करने का मौका मिलता। जिला महासचिव आशीष ठाकुर ने कहा कि कॉलेज प्राचार्य नियमित कलास एवं 75 परसेंट उपस्थिति लागू कराने में विफल साबित हुए हैं ।इन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।जिला सचिव अभिनव ने कहा कि कॉलेज की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है छात्रों का अच्छे मार्क्स आने के बाद भी कम सीट होने के कारण नामांकन नहीं हो पा रहा है ।कॉलेज की जेएन दीक्षित छात्रावास जर्जर स्थिति में है ।नए छात्रावास निर्माण हेतु पहल नहीं की जा रही है। जीएलए कॉलेज अध्यक्ष सत्यप्रकाश ने कहा कि बीएड विभाग की चारदीवारी एवं साफ सफाई नहीं होने के कारण छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।कॉलेज प्रशासन से शिकायत करने के बाद भी कोई पहल नहीं की जा रही है ।छात्रों की समस्याओं का निदान नहीं कर पा रहे हैं तो पद पर नहीं रहना चाहिए। मांगे पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा धरना।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD

E-PROCUREMENT NOTICE (SHORT-TERM NOTICE)

Sl.	Ward no.	Reference no.	Scheme name	Estimated cost	Earnest money (2% of est. Cost)	Tender fee	Time of completion of work
नागरिकसुविधा मद							
1	14	UDD/NPH/01/ 2022-23	Repair Of Drain with Cover from Qayyum RayeenHouse to Jasim Rayeen House.	374956	7500	1000	1Month
2	11	UDD/NPH/05/ 2022-23	Construction of Hume pipe drain from Ujjawal House to Umendra Thakur's House.	192954	3900	1000	1 Month
3	08	UDD/NPH/06/ 2022-23	Repair of Vivaah Bhavan	931823	18700	5000	2 Month
4	Date of publication of tender on website			22.10.2022, 02:00 pm			
5	Date starts of submission of bids			22.10.2022, 08:00 pm			
6	Last date/time of submission of bids			05.11.2022, 05:00 pm			
7	Last date/time of submission at office cost of BOQ, earnest money and tender document			07.11.2022, 02:00 pm			
8	Date of bid opening			09.11.2022, 01:00 pm			
9	Name & address of office inviting tender			NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD			
10	Contact no. Of procurement officer			7070832962			
11	Helpline number of e- procurement cell			7091335901			

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhandtenders.gov.in and Notice Board office of theNagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 280684 Urban Development(22-23).D

NATIONAL HEALTH MISSION
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

कार्यालयः- असैनिक शल्य चिकित्सक -सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

निविदा संख्या – 03/2022
–: अल्पकालीन निविदा :–

स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु ECG मशीन की प्रतिष्ठित निर्माताओं/उनके अधिकृत विक्रेताओं से विभिन्न शर्तों के साथ मुहर बन्द निविदा दिनांक 11.11.2022 के अपराह्न 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक अथवा स्वयं निविदादाता या अन्य प्रतिनिधि जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 11.11.2022 के अपराह्न 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जाएगा। अधिक जानकारी हेतु सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा में कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है एवं विस्तृत जानकारी लोहरदगा एन0आई0सी0 के बेवसाइट https://lohardaga.nic.in पर उपलब्ध है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 280715 Lohardaga(22-23).D

जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (आपदा प्रबंधन कोषांग)

अपील

दीपावली में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पटाखे छोड़े जाते हैं। दीपावली के दौरान आग से होने वाले या अन्य किसी तरह के हादसों से बचने के लिए निम्नलिखित सुरक्षा निर्देशों का पालन अवश्य करें।

क्या करें	क्या न करें
पटाखों को ज्वलनशील पदार्थों एवं बच्चों की पहुँच से दूर रखें।	कभी भी भीड़ वाले जगह, संकरी गलियों अथवा घरों के अन्दर पटाखे न जलायें।
पटाखे जलाते समय कम से कम 1 मीटर की दूरी पर खड़े हों।	कभी भी बच्चों को अकेले में पटाखे न जलाने दें।
सम्भावित आग से बचाव के लिए पानी से भरी बाल्टियों एवं कम्बल तैयार रखें।	किसी भी स्थिति में अधजले पटाखे को दोबारा जलाने की कोशिश न करें।
पटाखे जलाते वक्त जूता या चप्पल अवश्य पहनें।	सड़क पर कभी भी पटाखे न जलायें, क्योंकि इससे कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।
अगर कोई व्यक्ति जल जाता है तो उसके शरीर के जले हुए हिस्से को तुरन्त पानी में डुबायें। उसके बाद उस स्थान पर कोई मलहम लगा दें। यदि जलन ज्यादा गम्भीर हो तो पीड़ित को तुरन्त अस्पताल ले जाएं।	पटाखे जलाते समय अपने चेहरे को उसके सामने न ले जायें।
आग से अधिकतम सुर क्षा के लिए सूती कपड़ों का प्रयोग करें।	किसी भी तरह से पटाखे को हाथ से पकड़ कर जलाने की कोशिश कदापि न करें।
दीपावली के दौरान धुएं से प्रदूषण बढ़ जाने के कारण श्वास रोगियों को विशेष सावधानी रखने की जरूरत है।	पटाखे जलाते समय ज्यादा ढ़ीले कपड़े न पहने, क्योंकि इससे आग पकड़ने की सम्भावना बढ़ जाती है।
कम उम्र के बच्चों को पटाखा जलाते समय अभिभावक उनके साथ रहें। उन्हें पटाखा जलाने का सुरक्षित तरीका बताएं।	पटाखों के साथ कोई छेडछाड़ अथवा खुद से बनाने का प्रयास न करें।
आजकल बाजार में कम कीमत और नकली पटाखों की कोई कमी नहीं है, इसलिए हमेशा अच्छे ब्राण्ड वाले पटाखे ही खरीदें।	रॉकेट जैसे पटाखों को जलाते समय यह ध्यान रखें कि ऊपर या आस पास कोई पेड़, घर विशेष कर झोपड़ियाँ, दीवार आदि न हों।
रात को 10:00 बजे से पहले ही पटाखे जलायें।	किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में अफरा–तफरी न मचाएं। ऐसी स्थिति में शान्ति एवं संयम से काम लें।
	रात को 10:00 बजे से लेकर सुबह 6:0 0 बजे तक पटाखे न जलायें।
	सार्वजनिक स्थानों पर पटाखा न जलायें।

जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, लोहरदगा। | अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा। | उपायुक्त, लोहरदगा।

Celebrate eco-friendly diwali not pollution-friendly.
Distribute happiness not firecrackers at this Diwali.

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा जनहित में जारी।
सचेत लोहरदगा, सुरक्षित लोहरदगा।

PR280714 (Lohardaga)22-23*D

न्यूज गैलरी

जिला कांग्रेस ने दीनानाथ तिवारी को बधाई दी

मेदिनीनगर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीनानाथ तिवारी को जिला मंत्री प्रतिनिधि बनाये जाने पर जिला कांग्रेस में प्रसन्नता जाहिर की है। गौरतलब है कि जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी को खाद आपूर्ति एवं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के द्वारा जिला के मंत्री प्रतिनिधि बनाया गया है । जिससे पलामू में कांग्रेसियों में हर्ष है । इस मौके पर पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में एक सादे समारोह में कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने दीनानाथ तिवारी का अभिनंदन एवं स्वागत कर बधाई दी । मौके पर दीनानाथ तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के खाद एवं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने जो जिम्मेदारी दी है। उसे ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक सम्मानित कांग्रेस जनों के साथ मिलकर धरातल पर उतारने का कार्य करूंगा । पलामू जिला में आम आवाम एवं जरूरतमंद लोगों के हित में कार्य हो, इसके लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करूंगा। मौके पर,रामआशीष पांडे ,ईश्वरी प्रसाद सिंह , विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, इंदु भगत, भिकारी राम जीवन प्रसाद सिंह, सत्येंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना खान ,शंकर पांडे, जितेंद्र कमलापुरी, चिंतामणि तिवारी ,सुनील दुबे ,राजेश चौरसिया, नफीस खान, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, नसीम खान, देवांग शुक्ला सौरभ पांडे ,विनोद पाठक, उमेश यादव दयाशंकर तिवारी खुर्शीद आलम मुख्तार आलम छोटू पाठक ,अजय साह,समीर कुजूर इत्यादि लोग उपस्थित थे।

गोली चालन में दो अपराधी गिरफ्तार

मेदिनीनगर। मनातू जमीन विवाद में बेटे ने पिता पर गोली चलवा दी। हालांकि, इस घटना में पिता बाल-बाल बच गए और मामूली रूप से जख्मी हो गए। घटना पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के रहेया की है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे और शूटर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार शूटर हाल ही में जेल से पेरोल पर बाहर निकला है। मनातू थाना क्षेत्र के रहेया के रहने वाले याकूब अंसारी ने दो शादियां की है। याकूब अंसारी की पहली पत्नी के बेटे परवेज के साथ लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। इसी जमीन विवाद में परवेज अंसारी द्वारा शूटर शाहिद खान के माध्यम से फायरिंग करवाने का आरोप है। मनातू थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि फायरिंग की घटना के दोनों आरोपी परवेज अंसारी और शूटर शाहिद खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि परवेज अंसारी ने जमीन विवाद में अपने पिता पर फायरिंग के लिए शूटर शाहिद खान को एक लाख रुपये दिए थे। बताया जा रहा है कि इस पूरी घटना में परवेज अंसारी के मां की भी भूमिका सामने आ रही है। पुलिस मामले में सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। परवेज अंसारी और शूटर शाहिद ने पहले घर का दरवाजा खुलवाया था, उसके बाद गोली चलाई थी। गोली दरवाजे से टकराते हुए याकूब अंसारी को छू कर चली गई। अंसारी को बांह में गोली के छर्रे लगे हैं। उन्हें स्थानीय स्तर पर इलाज के लिए लाया गया फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं।

राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनने पर दी गई बधाई

मेदिनीनगर। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, नौजवान संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी,अभय कुमार, आलोक तिवारी, एआईएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने भाकपा के पलामू जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी को भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनने पर बधाई दिया। इन्होंने कहा कि श्री तिवारी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बनने पर पलामू सहित झारखंड के नौजवानों को उनकी समस्याओं को लेकर उन्हें संघर्ष पर उतारने एवं पार्टी के साथ जोड़ने में बल मिलेगा जिससे पार्टी मजबूत होगी। इनके राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बनने पर पार्टी के नौजवानों -छात्रों के अलावा पार्टी सदस्यों एवं झारखंड के नौजवानों में उत्साह है। अभी 14 से 18 अक्टूबर तक सीपीआई का पार्टी महाधिवेशन आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में संपन्न हुआ । जिसमें पूरे देश से करीब दो हजार प्रतिनिधि के साथ 20 देशों के विदेशी प्रतिनिधि भी शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को शुभकामना दी। सम्मेलन के अंत में सर्वसम्मति से डी राजा को पार्टी का महासचिव चुना गया। 131 सदस्य राष्ट्रीय परिषद का गठन किया गया। सम्मेलन में पार्टी ने देश के सभी ग्राम स्तर की शाखाओं को मजबूत कर शोषण मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए संघर्ष को तेज करने को कहा।

पत्थर लदा ट्रैक्टर पलटने से बालक की मौत

मेदिनीनगर। छतरपुर थाना क्षेत्र के करमा- चराई पथ के करमा ढोढा के पास अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टर पलट जाने से राम दयाल उरांव का 13 वर्षीय पुत्र रामु उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रशासनिक मिलीभगत से करमा चराई के आसपास के लगभग एक दर्जन से अधिक गांव में पत्थर माफियाओं के द्वारा वन विभाग के क्षेत्र से अवैध रूप से दिन-रात पत्थर तोड़े जाते हैं। और क्रेशर पर पहुंचाए जाते हैं। जिसमें ट्रैक्टर के द्वारा अत्यधिक ट्रिप के लिए तेज गति के कारण अक्सर हादसे होते रहते है। इसी कड़ी में बीती रात सुंगरी निवासी रामचंद्र यादव के ट्रैक्टर से वन विभाग से पत्थर लाया जा रहा था । तभी तेज गति होने के कारण ट्रैक्टर पलट गया । जिसमें सवार नाबालिग मजदूर रामू उरांव की मौत हो गई। मौत के तुरंत बाद चालक मौके से ही ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया । घटना के बाद अहले सुबह ग्रामीणों ने इसकी जानकारी छतरपुर थाना को दी। छतरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर कई ग्रामीण बताते हैं कि जो भी क्रशर माफिया और पत्थर माफिया के खिलाफ बोलता है। तो उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई कर दी जाती है। वही शिकायत करने पर तत्काल शिकायतकर्ता की जानकारी इन माफियाओं को विभाग द्वारा दे दी जाती है। जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे मे पड़ जाती है।

आइसा ने दिया एक दिवसीय धरना

मेदिनीनगर। ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के द्वारा 21 अक्टूबर को जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय के नेतृत्व में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन दिया गया। धरना का संचालन महासचिव कौशल किशोर ने किया। छात्रों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने कहा कि महाविद्यालय परिसर छात्रों के बिना वीरान लगता है । महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को कॉलेज से जोड़ने का कोई प्रयत्न नहीं कर रहा है। क्योंकि उन्हें छात्रों को पढ़ाना पड़ेगा ,वह नहीं चाहते कि यहां के छात्र पढ़े, और पढ़कर देश विदेश में इस महाविद्यालय और जिले का नाम रौशन करें । उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय में दूसरे राज्यों के छात्र भी पढ़ने आया करते थे । लेकिन अब पलामू जिले के ही छात्रों को पढ़ने से वंचित किया जा रहा है । महाविद्यालय में सीट निर्धारित कर छात्रों को ठगा जा रहा है। वहीं जिला कार्यकारी अध्यक्ष सह महाविद्यालय प्रभारी राहुल कुमार ने कहा कि मैं इस महाविद्यालय का छात्र तो नहीं हूं। मगर कई मित्र इस महाविद्यालय के छात्र हैं,जो कभी महाविद्यालय नहीं आते।

पलामू पहुंचे दीपक प्रकाश, प्रगति के पथ पर पुस्तक का किया विमोचन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के गांधी स्मृति टाउन हॉल में भाजपा अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य में संपोषित भ्रष्टाचार चल रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने परिवार के नाम पर लीज कराकर खनिज संपदा का दोहन कर रहे हैं। उनके चेले चपाटी भी खनिज के दोहन में लगे हैं। वे शुक्रवार को डालटनगंज स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में प्रगति के पथ पर पुस्तिका का विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। खचाखच भरे टाउन हॉल में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश झारखंड की हेमंत सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का गठन भाजपा के प्रयास का प्रतिफल है। इसे संवारने का काम भाजपा की सरकार ही कर सकती है। हेमंत राज्य में लूट एवं गुंडागर्दी चरम पर है। उन्होंने कर्यकर्ताओं से गावं गांव पहुंचकर

लोगों की समस्याओं से अवगत होने की अपील की। उन्होंने यथा संभव उनकी समस्या का निराकरण कराने में सहयोग करें। प्रगति के पथ पर पुस्तिका को पलामू के सांसद वीडी राम ने प्रकाशित किया है। इसमें पलामू संसदीय क्षेत्र में उनके कार्यकाल की उपलब्धियां दशार्यी गयी है। कुल 57 पेज की पुस्तिका सांसद ने लिखी है। आज जब विमोचन के पश्चात पुस्तिका पर अपनी बात रखते हुए सांसद ने भाउक हो गए। उन्होंने वैश्विक महामारी कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास से कई जगह फंसे मजदूरों को लाया गया था। कोरोना जैसी बीमारी देश को पीछे ले गए ,अन्यथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास और तेजी से होता। आज के कार्यक्रम में पांकी के विधायक शशिभूषण मेहता, मेयर अरूण शंकर, भाजपा के जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक सहित सैकड़ों गणमान्य मंचासीन थे। समारोह में गढ़वा जिला के भाजपा कार्यकर्ता भी पहुंचे थे।आज के कार्यक्रम में डिप्टी मेयर मंगल सिंह, भाजपा के प्रदेश महासिचव बालमुकुंद सहाय, गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, अविनाश वर्मा, श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, रामचन्द्र केसरी, भाजपा के प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, विभाकर पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे। समारोह का मंच संचालन भाजपा सांसद के प्रतिनिधि विजय ओझा ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने वंदे मातरम गीत प्रस्तुत किया। गीत के तुरंत बाद अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई।

छठ पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छठ पूजा को लेकर जिले में तैयारी शुरू हो चुकी है। जिला प्रशासन भी अपने स्तर से शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने की रणनीति तय कर ली है। शुक्रवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह ने शहर थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कहा कि दीपावली व आस्था का महापर्व छठ हर्षोल्लास पूर्वक,सौहार्द के साथ मनाया जायेगा। इसके लिए जिला प्रशासन कई अहम निर्णय लिए हैं। पूजा घाट तक आने जाने वाले सभी मार्गों पर तेज गति से वाहन चलाना मना रहेगा। अगर वाहन की गति तेज हुई तो वाहन जब्त कर लिया जायेगा। सभी घाटों पर गोताखोर तैनात करने का निर्देश दिया गया है। जिले में जो भी अग्निशामक वाहन हैं। सभी में पानी भरकर तैयार स्थिति में रखने का निर्देश दिया गया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री साह ने बताया की प्रभारी पदाधिकारी आपदा, सिविल सर्जन,सभी अंचल अधिकारी एवं सभी नगर निकाय के अधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा है। घाटों की साफ सफाई का दायित्व संबंधित नगर निगम को दिया गया है। सभी घाटों पर मेडिकल टीम भी तैनात रहेंगे। सभी घाट पर रात्रि प्रहरी एवं एसडीआरएफ की टीम तैनात रहेंगे। बैठक में एसडीपीओ सुरजीत कुमार, एसई सुरजीत सिंह,शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, महानगर दूर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष दूर्गा जौहरी, उपाध्यक्ष नवीन तिवारी, बृजेश शुक्लासहित काफी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक में दूसरे समूदाय की अनुपस्थिति चर्चा में रही।

सेंट्रल जेल में विचाराधीन कैदी एचआईवी संक्रमित, अलर्ट जारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू सेंट्रल जेल में एक विचाराधीन कैदी एचआईवी संक्रमित पाया गया है। दरअसल, झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा पलामू सेंट्रल जेल में सभी कैदियों के लिए जांच शिविर लगाया गया था। इस जांच शिविर में तीन विचाराधीन कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाये गए थे। दोबारा जांच होने पर एक कैदी में एचआईवी संक्रमित होने की पुष्टि हुई। संक्रमित व्यक्ति अक्टूबर महीने में ही पलामू सेंट्रल जेल में पहुंचा है, जो गढ़वा का रहने वाला है। चोरी के मामले में वह जेल में आया है। पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि संबंधित कैदी का इलाज किया जा रहा है। उसकी काउंसिलिंग की गई है। मामले में आगे की पहल की जा रही है। पलामू सेंट्रल जेल में 1050 से अधिक कैदी बंद है। एक साथ सभी की एचआईवी की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जांच किट में शुरूआती दौर में तीन कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए थे। बाद में ब्लड सैंपल से हुई जांच में एक कैदी में एचआईवी की पुष्टि हुई है। गुरुवार को गढ़वा जेल में कैदियों के लिए एचआईवी जांच कैंप लगाया गया था। गढ़वा का कोई भी कैदी एचआईवी संक्रमित नहीं पाया गया है। राज्य सरकार की ओर से कैदियों के एचआईवी जांच के लिए एक एक नोडल अधिकारी की तैनाती की गई है। नोडल अधिकारी की मौजूदगी में ही कैदियों के एचआईवी जांच की गई थी।

दीवाली को लेकर बाजारों में चहल पहल, खरीददारी को लेकर उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में त्योहार सीजन की खरीदारी को लेकर बाजारों की रंगत निखरने लगी है। शहर के बाजारों में खरीददारों में गजब का उत्साह है। ग्राहकों की भीड़ से दुकानें गुलजार हो उठी हैं। मुख्य बाजार,बेलवाटीका बाजार, मॉल सहित सभी छोटे-बड़े मार्केट में साज-सज्जा से लेकर कपड़े और रंग-बिरंगी लाइटों की खरीददारी के लिए लोगों की भारी भीड़ जुट रही है। दीवाली का पर्व जैसे जैसे करीब आ रहा है बाजारो में रौनक भी आ रहा है। चारो तरफ साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। सभी व्यापारी अपने अपने व्यवसाय को लेकर सक्रीय हो गए है। बाजारो में मिटटी के कारोबार करने वाले कुम्हारों के लिए भी दीवाली एक बड़ा अवसर होता है जब वे अपने दीये और बर्तन को बेचने के लिए तैयारी करते है। पलामू के बाजारो में मिटटी के दीये, बर्तन, घड़ा, अंगीठी, और बच्चों के खिलोने बिकते है। शहर के बेलवाटिक, नवाटोली, हमीदगंज में कुम्हारो का परिवार रहता है ,जो मिटटी के सामानों का कारोबार करते है। कुम्हारो का पूरा परिवार लगा रहता है मिटटी के बर्तन बनने में। मिट्टी का कारोबार करने वाले राजेश प्रजापति ने बताया की हमलोग पुरे साल मिट्टी का सामान बनाते है । लेकिन दीवाली में हमलोग ज्यादा सामान बनाते है। लोगों के द्वारा मिट्टी के सामानों मांग भी ज्यादा रहती है। जिसके कारन ज्यादा सामान बनना पड़ता है। वही अनूप कुमार प्रजापति ने कहा कि बाजारो में चीन के सस्ते सामानों की वजह से हमलोगों के कारोबार में असर पड़ा है। लोगो के द्वारा चीन में बनी सस्ते झालर और लाइट को खरीदने के कारन मिट्टी के दीये की बिक्री कम हो जाती है। उसने बताया की दीवाली के कारन हमलोग ज्यादा मात्रा में मिट्टी खरीद कर लाते है। मिट्टी भी बहुत मुश्किल से मिलते है और महंगा भी पड़ता है। फिर भी मिट्टी लाकर दीये बनाते है और बाजारो में बेचते है। लेकिन अब पहले की तरह व्यापार नहीं हो पाता है। साल भर की कमाई के लिए हमलोग दीवाली का इंतजार करते है और सस्ते सामानों के आ जाने के कारण हमलोगो के व्यापार करने में परेशानी हो जाती है। स्थानीय बाजारों में दीवाली को लेकर अभी से ही भीड़ उमड़ रही है। दीवाली की खरीदारी करने के चक्कर में ज्यादातर लोगों ने कोरोना प्रोटोकाल का पालन नहीं कर रहे है। बिना मास्क लगाए ही लोग बाजार में पहुंच रहे है। हालांकि बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत लाभुकों तक पहुंच रही जनउपयोगी योजनाएं: आयुक्त

योजनाओं की सौगात लेकर आई है सरकार : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सरकार की जनउपयोगी योजनाएं लोगों तक पहुंच रही है। यह कार्यक्रम लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित हुई है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लाभुकों को एक ही स्थान पर सुलभ हो पा रहा है। इसके लिए उन्हें कार्यालय या पदाधिकारियों के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। बल्कि सरकारी पदाधिकारी ही आमलोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ देने पहुंचे हैं। यह बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे आज 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पलामू प्रमंडल के लातेहार जिले के धनकारा पंचायत में आयोजित शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं सभी वर्ग के लोगों के लिए है। 60 से अधिक आयुवर्ग के लिए सर्वजन पेंशन योजना है। वहीं बालिकाओं के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना है,जो बालिकाओं को उच्च शिक्षा में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि लातेहार जिले में 2 लाख से अधिक लोगों को लाभांवित करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार की विभिन्न योजनाओं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी, सोना सोबरन सहित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई, पलामू की ओर से कलाकारों द्वारा नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया गया। ओम शांति नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कलाकारों के अभिनय से दर्शक काफी खुश हुए। साथ ही मंच पर उपस्थित अतिथियों में भी कलाकारों के अभिनय को सराहा और इसके संदेश से प्रेरणा लेते हुए जागरूक रहने को कहा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा था। अतिथियों ने भी लाभुकों को ऑन स्पॉट योजनाओं का लाभ दिया। साथ ही परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। कार्यक्रम में उक्त अतिथियों के अलावा आईटीडीए डायरेक्टर विंदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव,, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, प्रखंड प्रमुख परशुराम दोहरा, अशोक पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कलाकार, लाभुक उपस्थित थे।

पलामू संस्मरण दिवस पर याद किये गये बलिदानी पुलिसकर्मी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के पुलिस स्टेडियम में शुक्रवार को पलामू पुलिस ने जिले में शहीद हुए बलिदानी पुलिसकर्मियों की याद में संस्मरण दिवस मनाया गया। तत्पश्चात शहीदों के सम्मान में पुलिस लाइन में समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर डीआईजी राजकुमार लकड़ा, पुलिस अधीक्षक चन्दन सिन्हा, डीएसपी सुरजीत कुमार, टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, सार्जेन्ट मेजर अनीश मोहित कुजूर,चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता,सदर थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही साथ बलिदानियों के स्वजनों को शॉल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि पलामू जिला बल मातृभूमि की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों के परिवार के साथ हम सभी खड़े है। इनके दुख और सुख में हम हमेशा साथ रहेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को बलिदानी पुलिसकर्मियों के सम्मान में यह आयोजन होता है। एक वर्ष के भीतर बलिदान होने वाले पुलिसकर्मियों को याद कर उनके प्रति श्रद्धा अर्पित की जाती है। बलिदानियों के स्वजनों को सम्मानित किया जाता है। मौके पर शाहिद जवान के परिजन भी अमर जवान स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीद जवानों को सलामी दी।

जेएसएससी ने 405 पदों पर नियुक्ति के लिए कैलेंडर जारी किया

मेदिनीनगर। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने प्रोन्नति के बाद नियुक्ति प्रक्रिया भी तेज कर दी है। इसके लिए प्रथम चरण में आयोग ने गुरुवार को 13 विभागों के कुल 405 पदों पर नियुक्ति के लिए कैलेंडर जारी कर दिया है। इंटरव्यू की संभावित तिथि सात नवंबर 2022 से 21 दिसंबर 2022 तक रखी गयी है। आयोग विवि में कई विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रेगुलर पदों पर नियुक्ति के लिए इंटरव्यू लेगा। वहीं, राज्य में मेडिकल अफसर और वेटनरी डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए भी इंटरव्यू की तिथि निर्धारित कर दी है। **जेपीएससी आयोग द्वारा जारी कैलेंडर** :आयोग द्वारा जो परीक्षा ली जायेगी।

आज धनतेरस की धूम, सभी तैयारियां पूरी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। दीपावली महापर्व हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। पांच दिनों तक चलने वाले इस पर्व की शुरूआत धनतरेस के साथ हो जाती है। इसे लेकर पलामू में सभी तैयारियां पूरी हो गई है। इस साल तिथियों का दो दिनों तक होने के कारण धनतेरस की तिथि को लेकर काफी असमंजस चल रहा है कि आखिर किस दिन धनतरेस का पर्व मनाना शुभ होगा। बता दें कि कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि 22 अक्टूबर को शाम में 6 बजकर 3 मिनट से शुरू होकर 23 अक्टूबर को शाम 6 बजकर 4 मिनट तक रहेगी। इसलिए धनतेरस 23 अक्टूबर को मनाना शुभ होगा। वहीं यमदीप 22 अक्टूबर को जलाना शुभ होगा। पुरोहित ओम पाठक के अनुसार पंचांग की गणना और तारीखों के बढ़ते क्रम के साथ तिथियों की संधि में दीपोत्सव का पर्व मनाया जायेगा। क्योंकि जब भी कोई विशेष पूजा तिथि होती है तो वह पहली तिथि के बाद सूर्योदय के उदय से अंत तक स्पर्श करती है, तो दूसरी तिथि को स्पर्श करने के कारण इसकी मान्यता प्रबल हो जाती है। **कब है धनतेरस का शुभ मुहूर्त :** धनतेरस की शुभ मुहूर्त कार्तिक माह कृष्ण पक्ष त्रयोदशी तिथि की आरंभ आज शाम 6 बजकर 02 मिनट से शुरू होगा। जो अगले दिन शाम 6 बजकर 03 मिनट तक रहेगा। पंचांग के अनुसार तिथि घटने-बढ़ने से इस बार पांच दिवसीय दीपावली पर्व को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है। धर्मशास्त्रियों के अनुसार इस बार तिथि परिवर्तन से सांधिकाल में पांच दिनों के पांच पर्व मनाये जायेंगे। इस बार धनतेरस आज है। जबकि भगवान धन्वंतरि का प्राकट्योत्सव 23 अक्टूबर को मनाया जायेगा। रूप चतुर्दशी 24 अक्टूबर को सुबह और प्रदोष काल में शाम के समय दीपावली मनायी जायेगी। दीपावली के अगले दिन यानी 25 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण पड़ रहा है । 26 अक्टूबर को सुहाग पड़वा मनाया जायेगा। भाई दूज का पर्व 27 अक्टूबर को मनाया जायेगा।

धनतेरस पर बना रहा शुभ योग: इस बार धनतेरस पर शुभ योग भी बन रहा है। इस साल 23 तारीख को शनि देव मार्गी हो रहे हैं। ऐसे में कई राशियों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा धनतेरस के दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग बन रहा है। **क्या है धनतेरस का महत्व :** धनतेरस को धनत्रयोदशी के रूप में भी जाना जाता है। शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान धनतेरस के दिन ही भगवान कुबेर, देवी लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। इसलिए इस दिन तीनों देवताओं की पूजा की जाती है। इसके साथ ही इस दिन खरीदारी करना भी शुभ माना जाता है।

न्यूज गैलरी

गनियारी कला पंचायत भवन में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

धुरकी। प्रखंड के गनियारी कला पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जिला पार्षद सुनीता कुमारी मुखिया शम्भु साह, प्रमुख शांति देवी, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक कृषि सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाये गये। बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती-लुंगी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ शिविर में लगाये गये स्टॉल की जानकारी दी। उस मौके पर विभाग के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

केतार में वाहन चेकिंग अभियान में 6 बाइक जब्त

केतार। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर शुक्रवार को केतार- भवनाथपुर मुख्य पथ स्थित कोल मोड़ पर केतार थाना की पुलिस ने एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सभी दो पहिया वाहनों की कागजात की जांच की गई। पुलिस के द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस, इस्युरेंस, हेलमेट ट्रिपल लोडिंग, जूता और डीकी की गहनता से जांच की। वाहन चेकिंग अभियान में 6 बाईक चालक बीना हेलमेट के सफर करते पकड़े गये जिनका बाईक जब्त कर थाना लाया गया और चलान किया गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन के सभी कागजात को दुरुस्त करा लें जिनके पास डीएल ना हो वह व्यक्ति वाहन नहीं चलायें। क्योंकि बिना अनुभव के कारण भी सड़क दुर्घटना होता है ऐसे लोग अपने साथ-साथ दूसरे के जीवन को भी खतरे में डाल देते हैं। उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना हेलमेट पहने वाहन नहीं चलाएं परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पकड़े जाने पर जुमार्ना के साथ-साथ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में जगह जगह पर वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में कृष्णा उरांव, संजय हेंब्रम, बिकास दुबे सहित पुलिस बल मौजूद थे।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी लोगों की भीड़

ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की दी गयी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

मंझिआंव/गढ़वा। आपकी योजना, आपका सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का प्रथम चरण में नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। वहीं नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया।

वही कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतीश कुमार भास्कर को बुके देकर सम्मानित किया गया। आपकी सरकार आपके द्वार शिविर कार्यक्रम में सभी योजनाओं से संबंधित नंबर वाइज स्टॉल लगाया गया था। जिसमें योग्य लाभुकों ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि

योजना, राशन कार्ड सुधर वान एवं नए सिरे से बनवाने, आधार कार्ड सुधर वान एवं नए सिरे से बनवाने, तथा ऋण से संबंधित लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से संबंधित प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से छात्राओं ने आवेदन जमा किया।किशोरी समृद्धि योजना से संबंधित 11 छात्राओं को प्रमाण पत्र भी कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। वहीं कई छात्राओं ने किशोरी समृद्धि योजना से लाभ मिलने पर वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दे दिया और कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा हम सभी गरीब छात्राओं के लिए यह योजना चलाया गया है मुझे जो भी राशि के रूप में प्राप्त हुआ है मैं इसे पढ़ाई के रूप में खर्च करूंगी और डॉक्टर आईएस जैसे अधिकारी बनूंगी। आपकी योजना आपके साथ द्वार शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित अपने अपने स्टॉल पर बैठे कर्मियों ने योग्य लाभुकों को आवेदन करने हेतु भरपूर सहायता किया। मौके पर नगर पंचायत कर्मी राकेश कुमार सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, अमित कुमार पाठक, विकास कुमार सिंह, रामाशीष राम, अनूप तिवारी, राकेश कुमार पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जेएमएम केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य की हत्या के बाद परिजनों से मिले मंत्री, कहा

अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। पंचायत के मुखिया पति सह जेएमएम केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अयूब मंसूरी की हत्या की जानकारी मिलने के बाद सुबे के स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर रांची से हेलीकॉप्टर के द्वारा चीनिया पहुंचे एवं मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में ढाढ़स बंधाया तथा शोक सांत्वना व्यक्त की व मृतक के पार्थिक शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किए। उन्होंने कहा कि अपराधी कितना भी बड़ा क्यों ना हो पुलिस उसे सजा जरूर मिलेगी। चाहे वह कितना भी बड़ा पहुंच वाला हो या

कोई भी साजिशकर्ता हो उसे बक्सा नहीं जाएगा हमने झारखंड के डीजीपी डीआईजी सभी को सख्त निर्देश दिया है कि एसआईटी का टीम गठन कर इस घटना में संलिप्त अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे. यह एक बहुत बड़ी घटना है हत्यारा आरोपी को सजा मिलनी चाहिए । वही मौके पर मंत्री मिथिलेश ने मृतक के बड़े बेटे दानिश मुराद को दो लाख का चेक भी प्रदान किया और कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरे झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोग इस परिवार के साथ खड़ा है तो वही मृतक अयूब मंसूरी के जनाजे में हजारों लोगों की भीड़ उपस्थित हुई। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, पूर्व सांसद घूरन राम, गुड्डू सिंह, दिलीप सिंह, सुल्तानी सिंह आदि मौजूद थे।

डीहवार बाबा पीपल स्थल पर रामायण सीरियल कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

डंडई। दीपक का पर्व लक्ष्मी पूजा के अवसर पर बीती रात्रि गुरुवार को डंडई के डीहवार बाबा पीपल स्थल पर सीरियल रामायण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया । जिप सदस्य मोहन पासवान, उप प्रमुख अंजली देवी, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, उपप्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, अलख निरंजन प्रसाद,भोला राम ,विवेकानंद , इत्यादि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । जूनियर जय हिंद क्लब सामाजिक संस्था के देखरेख में आयोजित उक्त कार्यक्रम में पहुंचे जनप्रतिनिधियों को क्लब्के सदस्यों के द्वारा माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया । महेश्वर राम ने उक्त स्थल पर निर्मित चबूतरा के ऊपर पाया युक्त छतरी का

निर्माण अपने 15वें बीत की राशि से कराने की बात लोगों से कही । महेश्वर ने कहा कि छतरी के अभाव में क्लब के सदस्यों को खुले आसमान के नीचे मां लक्ष्मी की प्रतिमा को रखना पड़ रहा है । छतरी का निर्माण हो जाने से जहां उन्हें मां की प्रतिमा को स्थापित करने में सहूलियत होगी । वही स्थानीय लोगों को ठंढ व गर्मी के दिनों में उक्त छतरी युक्त चबूतरा काफी लाभदायक साबित होगा । मौके पर राम कुमार मेहता, ललन मेहता, प्रमोद कुमार रवि ,देव शरण मेहता, अनिल मेहता सहित सभी क्लब के सदस्य लोग उपस्थित थे ।

कार्यकर्ताओं ने झामुमो नेता के निर्मम हत्या पर शोकसभा का आयोजन किया

श्री बंशीधर नगर। स्थानीय जलक्रांति भवन में झामुमो के केंद्रीय सदस्य अयूब मंसूरी की निर्मम हत्या पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने शोकसभा का आयोजन किया। शोकसभा में कार्यकर्ताओं ने कहा कि झामुमो के केंद्रीय सदस्य अयूब मंसूरी की गोली मारकर निर्मम हत्या की गई है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा देने की मांग किया। शोकसभा के अंत मे कार्यकर्ताओ ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया.शोकसभा में प्रखण्ड अध्यक्ष अमर राम, प्रखण्ड सचिव सुरेश शुक्ल,जिप सदस्य बाला रानी, झामुमो के वरिष्ठ नेता अमरनाथ पांडेय,प्रमोद कुमार,मनोज पासवान, आलमीन अंसारी,झामुमो नेत्री नेहा कुमारी,किरण देवी,वेद प्रकाश, बाबूलाल दुबे,अजय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

-: आवश्यक सूचना :-

लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ थाना कांड सं0-264/2019, दिनांक-18.12.2019, धारा-302/120(बी) भा0द0वि0 एवं 27(iii) Arms Act के अप्राथमिकी अभियुक्त, अमन श्रीवास्तव, पे0 सुशील श्रीवास्तव, सा0-कुब्बा, थाना-हण्टरगंज, जिला-चतरा के विरूद्व अनुसंधान के क्रम में उक्त काण्ड के अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार-प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

क्रम	अभियुक्त का नाम एवं पता
1.	अमन श्रीवास्तव, पे0 सुशील श्रीवास्तव, सा0-कुब्बा, थाना-हण्टरगंज, जिला-चतरा।

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार

PR 280664 Police(22-23).D

कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)" 2.0 अर्न्तगत शहरी क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण तैयार करने एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए समाज के सभी वर्गो की भागीदारी आवश्यक है, उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सब की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं सभी वर्गो को शामिल करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार एवं स्वच्छता पर आधारित गतिविधियां की जानी है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के "सिटिजन इनगेजमेंट" के तहत् अक्टूबर से नवम्बर 2022 तक विभिन्न स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जो निम्नवत् है:-

क्र0	प्रतियोगिता का नाम
1	स्वच्छ अस्पताल प्रतियोगिता
2	स्वच्छ सरकारी कार्यालय प्रतियोगिता
3	स्वच्छ विद्यालय प्रतियोगिता
4	स्वच्छ हाउसिंग सोसाईटी/मुहल्ला/RWA प्रतियोगिता
5	स्वच्छ होटल प्रतियोगिता
6	स्वच्छ बाजार समिति (पंजीकृत बाजार समिति)

अतः सभी होटल/विद्यालय/हाउसिंग सोसाइटी/अस्पताल, बाजार समिति (पंजीकृत बाजार समिति) एवं सरकारी कार्यालय उक्त प्रतियोगिता में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

विस्तारपूर्वक जानकारी के लिए WhatsApp No. 9110064990 या नगर परिषद, लोहरदगा कार्यालय में कार्य अवधि तक संपर्क किया जा सकता है। विजेताओं को निकाय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

पुरूस्कार- प्रथम-1, द्वितीय-1, तृतीय-1 एवं 3 सांत्वना पुरस्कार, स्वच्छता प्रमाण पत्र/प्रशस्ति पत्र के रूप में दिया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 280596 (Lohardaga)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID: eedwsd.lohardaga@gmail.com

शुद्धि पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/10/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR-280090 (Lohardaga) 22-23(D) है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है -

क्र0		पूर्व में प्रकाशित	संशोधित
5	कार्य पूर्ण करने की अवधि	30 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.)	21 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.)
6	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	03.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न से	29.10.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
7	प्री बीड मिटिंग की तिथि	दिनांक 10.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची	दिनांक 05.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची
8	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	14.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक	09.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक
9	अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान	16.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला का कार्यालय 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची का कार्यालय	10.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में। 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में।
10	निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय	17.11.2022, 11:30 बजे पूर्वाह्न से	11.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR280598 (Lohardaga)22-23*D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

आवश्यक सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के विज्ञापन ज्ञापांक ME/01/393/2006/Part File/1537 दिनांक 06.09.2021 एवं संशोधित विज्ञापन ज्ञापांक GE/8/145/2021/1680 दिनांक 20.09.2021 के अनुपालन में जिले के विभिन्न कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) एवं लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर (महिला) के रिक्त पदों के विरूद्ध पूर्णयतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से दिनांक 30.09.2021 तक प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रविष्टि के उपरांत तैयार डाटाबेस जिले के आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करते हुए आपत्ति की मांग की गई। तदुपरांत स्वीकार योग्य आपत्ति का निराकरण करते हुए डाटाबेस में अपेक्षित सुधार कर अस्वीकृत आवेदनों की पदवार विवरणी जिले के आधिकारिक वेबसाइट www.garhwa.nic.in पर प्रकाशितहै।अगर किसी अभ्यर्थी को प्रकाशित अस्वीकृत आवेदन के संबंध में कोई आपत्ति दर्ज करानी हो तो वे दिनांक 01.11.2022 के सायं 5:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा के कार्यालय में साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। टंकनीय भूल के अलावा कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा आवेदन के साथ उपलब्ध कराये गये दस्तावेज के अतिरिक्त आपत्ति के साथ प्रस्तुत कोई भी नया दस्तावेज या दावा मान्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि के समाप्ति के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना,गढ़वा

PR 280669 Human Resource Developement(22-23)#D

कार्यालय :- कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू - 822101

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति

सामयिक सूचना अंक - 02/2022

प्रिय किसान भाईयों,

जोहार! रबी फसल लगाने का मौसम आ चुका है। यह आवश्यक है कि हम सभी उसकी उचित तैयारी कर लें। इस क्रम में किसान बंधुओं को यह परामर्श दिया जाता है कि रबी फसल लगाने के पहले अपने **खेतों की मिट्टी** एवं **उसमें लगने वाले बीज का उपचार** अवश्य कर लें। मिट्टी एवं बीज में उपस्थित रोग कारक फसल को रोगी बनाते हैं, जिससे फसल की उपज में कमी होती है। यदि इन रोग कारकों को पूर्व में ही नष्ट कर दिया जाय तो फसल में रोग होने की संभावना कम हो जाती है। इसके लिए लगाने वाले बीजों एवं खेत की मिट्टी में अनुशंसित रसायन मिलाया जाता है। यह प्रक्रिया अत्यंत सस्ती एवं सरल है जिसके द्वारा अल्प श्रम एवं कम खर्च में बहुत बड़े क्षेत्र के फसलों को बचाया जा सकता है।

अतः बीज लगाने से पूर्व बीज उपचार एवं मिट्टी उपचार अवश्य करें।

मिट्टी उपचार हेतु :-

(1) खेतों की अंतिम जुताई के समय यदि खेत की मिट्टी का पी0एच0 मान 5.5 से कम हो तो चूना तत्व जैसे - बुझा चूना/डोलोमाईट का प्रयोग 120-160 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से उपयोग करें।

(2) क्लोर-पायरीफॉस धूल 8 से 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से खेतों में उपयोग करें।

बीज उपचार का महत्व :-

(1) मिट्टी जनित एवं बीज जनित रोगों से सुरक्षा
(2) बीज सड़न में कमी
(3) बेहतर अंकुरण
(4) जड़ में वृद्धि
(5) प्रतिरोधी क्षमता का विकास
(6) स्वस्थ एवं सुदृढ़ फसल
(7) उत्पादन में वृद्धि

बीज उपचार हेतु अनुशंसित रसायन :-

गेहूँ, दलहन, तेलहन, सब्जी, कन्द फसल एवं मक्का हेतु कार्बेन्डाजिम 50% WP या कार्बेन्डाजिम+मैकोजेब 2 ग्राम प्रति किलो बीज दर से उपचारित करें। या ट्राइकोडरमा 5 ग्राम प्रति किलो बीज या क्लोरपाइरीफॉस 20% EC (दीमक एवं अन्य कीट) 4 मि0ली0 प्रति किलो बीज दर से उपचारित करें। सभी दलहनी फसलों के लिए राइजोबियम कल्चर का दो पैकट एक एकड़ के लिए आवश्यक बीज हेतु उपयोग करें।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 280607 Agriculture(22-23)#D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(आपदा प्रबंधन शाखा)

अपील

दीपावली के दौरान शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पटाखे छोड़े जाते हैं। दीपावली के दौरान आग दुर्घटना जैसे हादसों से बचने के लिये निम्नलिखित सुरक्षा निर्देशों का पालन अवश्य करें .....

क्या करें	क्या न करें
■ पटाखों को ज्वलनशील पदार्थो एवं बच्चों की पहुँच से दूर रखें।	■ कभी भी भीड़ वाले जगह, संकरी गलियों अथवा घरों के अन्दर पटाखे न जलायें।
■ पटाखे जलाते समय कम से कम 1 मीटर की दूरी पर खड़े हों।	■ कभी भी बच्चों को अकेले पटाखे न जलाने दें।
■ सम्भावित आग से बचाव के लिए पानी से भरी बाल्टियों एवं कम्बल तैयार रखें।	■ किसी भी स्थिति मे अधजले पटाखे को दोबारा जलाने की कोशिश न करें।
■ पटाखे जलाते वक्त जूता या चप्पल अवश्य पहनें।	■ सड़क पर कभी भी पटाखे न जलायें, क्योंकि इससे कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।
■ अगर कोई व्यक्ति जल जाता है, तो उसके शरीर के जले हुए हिस्से को तुरन्त पानी में डूबायें, उसके बाद उस स्थान पर कोई मलहम लगा दें। यदि जलन ज्यादा गम्भीर हो तो पीड़ित को तुरन्त अस्पताल ले जाएं।	■ पटाखे जलाते समय अपने चेहरे को उसके सामने न ले जायें।
■ आग से अधिकतम सुरक्षा के लिए सूती कपड़ों का प्रयोग करें।	■ किसी भी तरह से पटाखे को हाथ से पकड़ कर जलाने की कोशिश कदापि न करें।
■ दीवाली के दौरान धुएं से प्रदूषण बढ़ जाने के कारण श्वास रोगियों को विशेष सावधानी रखने की जरुरत है।	■ पटाखे जलाते समय ज्यादा ढीले कपड़े न पहने, क्योकि इससे आग पकड़ने की सम्भावना बढ़ जाती है।
■ कम उम्र के बच्चों को पटाखा जलाते समय उनके साथ रहें। उन्हें पटाखा जलाने का सुरक्षित तरीका बताएं।	■ पटाखों के साथ कोई छेड़ छाड़ अथवा खुद से बनाने का प्रयास न करें।
■ आजकल बाजार में कम कीमत और नकली पटाखों की कोई कमी नही है, इसलिए हमेशा अच्छे ब्राण्ड वाले पटाखे ही खरीदें।	■ रॉकेट जैसे पटाखों को जलाते समय यह ध्यान रखें की ऊपर या आस पास कोई पेड़, घर विषेष कर झोपड़ियां, दीवार आदि न हों।
■ रात को 10.00 बजे से पहले ही पटाखे जलायें।	■ किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में अफरा-तफरी न मचाएं। ऐसी स्थिति में शान्ति एवं संयम से काम लें।
	■ रात को 10.00 बजे से लेकर सुबह 6.00 बजे तक पटाखें न जलायें।
	■ सार्वजनिक स्थानों पर पटाखा न जलायें।

किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिये 101, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562-231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

डी0डी0एम0ओ0, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू

PR 280621 Palamu(22-23)D

न्यूज गैलरी

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से समस्याओं का हो रहा समाधानः विधायक

चंदवा। लातेहार विधानसभा क्षेत्र के चंदवा प्रखंड के बारी पंचायत के पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे लातेहार के विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाएं सीधे ग्रामीण तक पहुंच रही है। झारखंड सरकार की यह योजना बेरोजगारों के लिए स्वरोजगार दिलायेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से जनता की समस्याओं का सीधा समाधान हो रहा है।स मौके पे जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ,प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष सुरेश गांझू ,मुखिया सुष्मिता कुमारी,युवा नेता अंकित पाण्डेय ,रंजीत कुमार ,दीपक कुमार जी,समेत सैकड़ों ग्रामीण जनता मौजूद थे।

बरवाडीह में विहिप की बैठक

बरवाडीह। विश्व हिंदू परिषद की पंचमुखी मंदिर में प्रखंड स्तरीय बैठक एवं सभी पंचायत के पालक सदस्यों की उपस्थिति में हुई। बैठक का मुख्य विषय हित चिंतक महा अभियान को गांव गांव तक कार्यकर्ता जाकर विश्व हिंदू परिषद का सदस्य बनाना अपना लक्ष्य है। जिसमें बरवाडी के पालक गौतम पांडे जी खुरा पंचायत के पालक संतोष कुमार मोरवाई पंचायत के उज्जवल छेछा पंचायत के राहुल व अतुल, मंगरा पंचायत के मणि शंकर केचक्की पंचायत के सागर वर्मा, बेतला पंचायत के राजूराम व संतोष कुमार, पोखरी पंचायत के संतोष कुमार व राजू कुमार , उकामांड पंचायत के मनी शंकर को बनाया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की प्रखंड समिति की आगामी बैठक सभी पंचायत के कार्यकताओं के एक बड़ी टोली की बैठक 5 नवंबर स्थानीय सामुदायिक भवन सुबह 11:00 बजे से होगी। जिसमें हित चिंतक अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से विभाग मंत्री कुमार गौरव, गोपाल तिवारी, मनोज प्रसाद एवं सभी गणमान्य लोग की उपस्थित हुए।

बालू के दाम बढ़ाये जाने से पीएम आवास के लाभुक नाराज

महुआडांड़। बालू के दाम बढ़ाये जाने से पीएम आवास के लाभुक नाराज महुआडांड़ प्रखंड के अंतर्गत बोहटा (सेमरबुढ़नी) और अक्सी नदी पर एनजीटी द्वारा रोक हटने के बाद से बालू का उठाव आरंभ कर दिया गया है. परन्तु बालू के दाम बढ़ने से लाभुकों में नाराजगी है। गाड़ी मालिको ने बढ़ाया 100 रूपए ट्रैक्टर बालू का मूल्य।15 जून से बालू का उठाव बंद रहने से प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास समेत सरकार के ग्रामीण विकास के विभिन्न कार्यों के साथ लोगों के निजी भवन का निर्माण कार्य भी बालू के अभाव में प्रभावित थे। ट्रैक्टर मालिकों द्वारा इस बार बालू बिक्री में सौ सीएफटी पर 100 रूपए बढ़ा देने से प्रधानमंत्री आवास के लाभूक नाराज हैं। उन्होंने बताया कि पहले 900 एवं 850 रूपए ट्रैक्टर बालू गिराया जाता था, अब 1000 रूपए ट्रैक्टर बालू दिया जा रहा है। इस संबंध में चैनपुर पंचायत मुखिया रेणुका टोप्पो ने कहा कि ग्राम पंचायत समिति ओर से निर्धारित मुल्य 100 रूपए ही लिया जा रहा है। बालू उठाव में समिति की ओर से पैसा नही बढ़ाया गया है। ट्रैक्टर मालिक कहते हैं कि मजदूरी बढ़ गई है। डीजल बहुत महंगा है। पहले मजदूर 100 सीएफटी (एक ट्राली) बालू का उठाव करने में 150 रुपए लेते थे, अब मजदूर ने 200 प्रति ट्राली ले रहे हैं।

ग्राम सभा का आयोजन

गिद्धौर(चतरा)। प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत के खलारी, सिन्दूरबे व रोहमर गांव में शुक्रवार को ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा समाजसेवी मुकेश कुमार साव व रोजगार सेवक स्वर्णलता कुमारी के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित समाजसेवी ने ग्रामीणों को गांव के विकास कार्य के लिए विस्तृत जानकारी दिया। उपस्थित ग्रामीणों ने गांव के विकास के लिए मनरेगा से तालाब, कूप, डोभा सहित अन्य योजनाओं का चयन किया। जबकि बीआरजीएफ के तहत पीसीसी पथ, नाली, चबूतरा, पुल, पुलिया, बकरी सेड, मुर्गी पालन, गोशाला व चापाकल सहित अन्य योजनाओं का चयन ग्राम सभा के माध्यम से किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीण उपस्थित थे।

बच्चों के बीच पोशाक वितरित

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खलारी में शुक्रवार को शिविर लगाकर बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। पोशाक वितरण कार्य पहरा समाजसेवी मुकेश कुमार साव व प्रधानाध्यापक अब्राहम नाग द्वारा संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रधानाधयापक ने बताया कि वर्ग 1 व 2 के बच्चों को जूता सहित दो-दो सेट पोशाक दिया गया। पोशाक वितरण कार्य में बच्चों के साथ कई ग्रामीण उपस्थित थे।

उदयन पब्लिक स्कूल में दीपावली प्रतियोगिता का आयोजन

सिमरिया (चतरा)। शुक्रवार को सिमरिया प्रखंड के तेतर मोड़ में संचालित उदयन पब्लिक स्कूल में दीपावली के अवसर पर विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से यूकेजी के लिए रंग भरें प्रतियोगिता, कक्षा 1 के लिए दीया रंगों, कक्षा 2 से 4 के लिए दीया सजाना, कक्षा 5 से 7 तक के लिए बोर्ड एवं कक्षा की सजावट एवं कक्षा 8 से 10 तक के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा सजावट में कक्षा 7 प्रथम, कक्षा 5 द्वितीय व कक्षा 6 तृतीय, बोर्ड सजावट में रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय, ग्रीन हाउस तृतीय, येलो हाउस को चौथे स्थान मिला। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में सभी छात्रों के लिए पांच समूह बनाए गए थे। जिसमें से ग्रुप 4 प्रथम, ग्रुप 1 एवं 3 द्वितीय, ग्रुप 2 तृतीय व ग्रुप 5 चौथे स्थान पर रहा। विद्यालय प्राचार्या टेंसी थॉमस ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजन करने से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा देखने को मिलती है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रबंधन समिति के सदस्य अनुज चंद्रा, प्राचार्या, सभी शिक्षक, शिक्षेत्तर कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, बोले आयुक्त

लोगों तक पहुंच रही जनउपयोगी योजनाएं

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सरकार की जनउपयोगी योजनाएं लोगों तक पहुंच रही है। यह कार्यक्रम लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित हुई है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लाभुकों को एक ही स्थान पर सुलभ हो पा रहा है। इसके लिए उन्हें कार्यालय या पदाधिकारियों के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है, बल्कि सरकारी पदाधिकारी ही आमलोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ देने पहुंचे हैं। यह बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे आज 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पलामू प्रमंडल के लातेहार जिले के धनकारा पंचायत में आयोजित शिविर में बोल रहे थे।

आयुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्व प्रचारित है। इसके लिए लोगों को

जागरूक किया गया है, ताकि वे सरकार की योजनाओं का अधिक-से-अधिक लाभ ले सकें। जिले के बॉर्डर क्षेत्र में शिविर को लगाने का मुख्य उद्देश्य बॉर्डर क्षेत्र के जरूरतमंद एवं योग्य लाभुकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं सभी वर्ग के लोगों के लिए है। 60 से अधिक आयुवर्ग के लिए सर्वजन पेंशन योजना है। वहीं बालिकाओं के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना है,जो बालिकाओं को उच्च शिक्षा में मदद करेगी।

आयुक्त ने कहा कि फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के माध्यम से सरकार महिलाओं को सशक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ लेकर लोग कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में रोजगार सृजन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के बारे में उन्होंने कहा कि इस योजना से स्वरोजगार करने में लोगों को आसानी हुई है। बिरसा किसानों के लिए केसीसी है। इसका लाभ लेकर किसान भाई कृषि कार्य को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने अपील किया कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में सभी लोग आगे आएं और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लें।

ज़िला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी ने कहा कि लातेहार जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोग कार्यालय जाकर योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। लोगों में जागरूकता का भी अभाव है। ऐसे में सरकार 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से पंचायतों तक पहुंची है। यहां आकार लोग आवेदन दें और योजनाओं का लाभ उठाएं।

प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई, पलामू की ओर से कलाकारों द्वारा नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया गया। ओम शांति नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कलाकारों के अभिनय से दर्शक काफी खुश हुए। साथ ही मंच पर उपस्थित अतिथियों में भी कलाकारों के अभिनय को सराहा और इसके संदेश से प्रेरणा लेते हुए जागरूक रहने को कहा।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा था। अतिथियों ने भी लाभुकों को ऑन स्पॉट योजनाओं का लाभ दिया। साथ ही परिसंपत्तियों का भी वितरण किया।

छह महीने बाद भी नहीं बना प्रतापपुर के कई गांव के चापाकल

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। वर्षा ऋतु समाप्त हो गई है, अब दीपावली का त्यौहार है। ऐसे में साफ-सफाई करने के साथ रोजमर्रा की जरूरत है पानी। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत कारूडीह, शिवपुर व कोसियारा गांव में कई चापाकल करीब 6 माह से खराब पड़े हैं, लेकिन अबतक बनाया नही गया है। ऐसे में लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोमे में मनोज पासवान के घर के समीप चापाकल पिछले 6 महीने से खराब है, इसकी शिकायत विभाग के जेई से भी की गई, लेकिन स्थिति जस का तस है, लोग पानी के लिए यहां-वहां भटक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चापाकल से 50 घर के लोग पानी पीते हैं। वहीं पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने मुखिया बसंती देवी का भी ध्यान कई बार आकृष्ट कराया है। इस संदर्भ में मुखिया ने बताया कि गोमे

ही नहीं बल्कि कोसियारा, शिवपुर व कालूडीह सहित अन्य गांव में कई चापाकल खराब होने की सूचना प्राप्त हुई है। मैंने पेयजल विभाग के संबंधित अधिकारी को सूचना दी हूं, लेकिन उनकी ओर से कोई पहल तत्काल होता नहीं दिख रही है। जबकी कनीय अभियंता देवानंद से खराब चापाकल के संबंध में बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण नहीं बन पाया है। शीघ्र ही मिस्त्री को भेजकर ठीक करवा लिया जाएगा।

संत क्लारेट स्कूल में दीपावली उत्सव सह क्लारेट डे को लेकर कार्यक्रम आयोजित

बरवाडीह। प्रखंड के उककामाड पंचायत अंतर्गत लेदगाई में संचालित संत क्लारेट स्कूल में शुक्रवार को दीपावली उत्सव सह क्लारेट डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जहाँ कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि फादर जॉर्ज और फादर जॉर्ज माटम फादर जोशी समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के साथ-साथ संत क्लारेट की तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया गया ।कार्यक्रम को लेकर सर्वप्रथम पूरे स्कूल परिसर को मिट्टी के बने दीपों से सजाया गया था साथ ही साथ इस दौरान कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत पेश करने के बाद एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक गीत नृत्य पेश करने का काम किया गया । इस दौरान फादर जॉर्ज के द्वारा मौजूद छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए सभी को दीपावली की अग्रिम बधाई देने के साथ-साथ संत क्लारेट डे की भी बधाई

दी गई । संत क्लारेट स्कूल में पढ़ने वाले कई छात्र छात्राओं के द्वारा संत क्लारेट डे और दीपावली को लेकर नाटक का मंचन करने का भी काम किया गया जिसकी सभी छात्र छात्राओं और शिक्षाकर्मियों ने प्रशंसा भी की ।इस दौरान मौके पर फादर पारिस प्रिस्ट डोमनिक कुजूर फादर जोशी ब्रदर अखिल सिस्टर बेनडेड, नीता सिन्हा नेहा शर्मा, रानी तनु, रश्मि , खेल शिक्षक कोमल टोपनो, मनोज बेक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शहीद पुलिस कर्मियों की कुर्बानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकताः एसपी

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। पुलिस संस्मरण दिवस पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि अपने कर्तव्यों का निवर्हन करने के दौरान वीरगति को प्राप्त होने वाले पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों की कुर्बानियों को भूलाया नहीं जा सकता है। लातेहार पुलिस शहीदों के परिजनों की मदद के लिए हमेशा तैयार है। एसपी ने यह बाते न्यू पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होने कहा कि शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा पर नौकरी मिल चुकी है और वें अपने दिवगंत के स्थान पर नौकरियां कर रहे हैं। दो मिनट का मौन रख कर

श्रद्धांजलि दी गयी।

इससे पहले कार्यक्रम में एक सितंबर 2021 से 31 अक्टूबर 2022 तक शहीद होने वाले पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों के नामों की जानकारी पुलिस अधीक्षक ने दी। शहीदों को पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गयी। पुलिस अधीक्षक ने शहीद पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के परिजनों को शॉल व अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लातेहार संतोष कुमार मिश्रा, सार्जेंट मेजर सुशांत कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुलिस निरीक्षक लातेहार अंचल बबलू कुमार, पुलिस निरीक्षक आशुतोष कुमार, सार्जेंट संतोष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राणा भानु प्रताप सिंह, पुलिस मेंस एसोसिएशन के कई पदाधिकारी व पुलिस के अन्य जवान उपिस्थत थे।

भू-अर्जन से संबंधित मामलों को लेकर डीसी ने की समीक्षा

लातेहार। उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भू-अर्जन से संबंधित प्राप्त अधियाचना के आलोक में प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में भूमि अधिग्रहण, भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र व राशि उपलब्धता आदि भू-अर्जन से संबंधित मामलों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने पथ चौड़ीकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। भू अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

पंदनी में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

28 आवदेनों को मिली पेंशन स्वीकृति, बने 80 जॉब कार्ड

नवीन मेल संवाददाता

मयूरहंड(चतरा)। जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत पंदनी पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख मिक्की देवी, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, बीपीओ राजीव रंजन सिंह, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, 20 सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव और मुखिया अजय कुमार भुईयां ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 40 आवेदन जामा किए गए, जिसमें 28 की तत्काल स्वीकृति दी गई। 5 को सर्टिफिकेट बीडीओ द्वारा निर्गत किया गया। वहीं रुके हुए 50 पेंशन की जांच की गई। 10 जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मनरेगा के तहत 80 जॉब कार्ड बनाए गए। शिक्षा विभाग

में बैंक खाता खोलने हेतु 55 आवेदन जमा किए गए। 15वें वित्त की योजना संबंधी 44, प्रधानमंत्री आवास के तहत लगभग 50 आवेदन जमा किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनप्रतिनिधि, बीडीओ, बीपीओ, नोडल पदाधिकारी सतीश कुमार मिश्रा, बीएओ चंदन कुमार, पेंशन कोषांग के मुकेश कुमार, मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर चंदन कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

बीडीओ ने किया विद्यालयों का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

गिद्धौर(चतरा)। शुक्रवार को बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड के आधा दर्जन विद्यालयों का औचिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भुरकुंडा, उमवि लुब्धिया, गांगपुर के बच्चों से पढ़ा से संबंधित जानकारी लेने के साथ उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। साथ हीं शिक्षक व आठवीं के छात्राओं को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के फार्म भरने की जानकारी दी। साथ ही बीडीओ ने बताया कि किशोरी समृद्धि योजना के तहत 18 वर्ष के बाद छात्राओं को योजना का लाभ मिलेगा। निरीक्षण में प्रखंड समन्वयक सीताराम रजक, 15 वें वित्त के कनीय अभियंता सोनम सैराज आदि शामिल थे।

भूमि अतिक्रमण मामले की सीओ ने की जांच, कार्य रोकने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

टंडवा (चतरा)। टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत किसुनपुर में अतिक्रमण के दो मामलों की जांच अंचलाधिकारी विजय दास ने शुक्रवार को घटनास्थल पर पहुंच कर किया। जांचोपरांत निर्माण कार्य को समुचित जांच होने तक स्थगित करने के निर्देश दिए। पहला मामला मेलाटांड में महाबीर राम द्वारा किए जा रहे गृह निर्माण को लेकर सैंकड़ों ग्रामीणों ने एक सप्ताह पूर्व अतिक्रमण मुक्त करने का लिखित पत्र सौंपा था। जिसपर आरोपियों को अविलंब काम रोकने का निर्देश देते हुए संबंधित भूमि के दस्तावेजों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। दूसरे इसी गांव में इंडियन आयल पेट्रोल पंप के नव निर्माण के लिए प्लाट संख्या 31 को बाजबरन अतिक्रमण कर टंकी डालने का प्रयास किये जाने का विरोध करते हुए ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक उपयोग के लिए जमीन होने की बात कही गई थी। जिसपर सीओ ने पंप के मालिक पंकज शाहा को समुचित जांच होने तक कार्य रोकने का निर्देश दिया। इसके साथ हीं अतिक्रमणकारियों को विभागीय नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर जबाब मांगने की बात सीओ ने कही। सीओ ने मौके पर मौजूद सरकारी अमीन दिलीप राम को दोनों मामलों का भूमि मापी कर जांच प्रतिवेदन सौंपने का भी निर्देश दिए। जांच के दौरान बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, मनोज पाठक, अरविंद पाठक, शिवदयाल साहू, केदार महतो, तरुण पाठक, जुगेश्वर राणा आदि मौजूद थे।

मिश्रौल पंचायत में हुए घोटाले की सुनवाई टली

टंडवा (चतरा)। मिश्रौल पंचायत में बहुचर्चित घोटाले पर शुक्रवार को दायर याचिका की होने वाली सुनवाई टल गई है। ज्ञात हो कि चिंतामन साव बनाम झारखंड सरकार रिट पिटीशन संख्या 452/2022 की सुनवाई उच्च न्यायालय में सूचिबद्ध था, जिसपर लोगों की निगाहें टिकी थी। जानकारी देते हुए अधिवक्ता शेखर प्रसाद ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई में गठित बेंच ने पूर्व में राज्य सरकार से तीन सप्ताह के अंदर ऑडिट रिपोर्ट एवं उपयुक्त से जबाब की मांग की गई थी। जहां निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के बावजूद अबतक जबाब उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। वहीं इस मामले में हीं एक सप्ताह पूर्व पंचायती राज पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम ने स्थल निरीक्षण किया था, जिसपर याचिकाकर्ता ने असंतोष जाहिर करते हुए आपत्ति जताई थी।

अवैध वसूली की जांच करने सीसीएल तेतरियाखांड कोल परियोजना पहुंचे डीएमओ, कहा

अवैध वसूली पर दी हिदायत, कर्मियों पर रखे कड़ी निगरानी

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ। सीसीएल तेतरियाखांड में लगातार अवैध वसूली एवं अनियमितता मिलने की शिकायत के बाद जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार बृहस्पतिवार को बालूमाथ स्थित तेतरियाखांड कोलियरी पहुंचे एवं अवैध वसूली एवं हो रहे अनियमितता की जांच की। डीएमओ सबसे पहले खनन पटटा स्थल के प्रवेध द्वारा की जांच की जहां उन्होंने पाया कि प्रवेश द्वारा पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा गार्ड नहीं है और नहीं वहां पर सीसीटीवी कैमरा ही लगा हुआ है,जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त कि एवं अविलंब प्रवेश द्वारा सुरक्षा बढ़ाने एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। इसके पश्चात डीएमओ कम्प्युटर कक्ष एवं कांटा की जांच की,जहां पाया कि कम्प्युटर कक्ष में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा

है,जबकि कांटा घर में महज दो ही सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है,जिसके बाद स्पष्ट निर्देश दिया कि कोल परियोजना के अतिमहत्वपूर्ण स्थलों जहां से अवैध वसूली होने की संभावना है,वहां पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें। जांच के क्रम में डीएमओ के द्वारा प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि कोयला खनिख के प्रेशन के लिए लगाए गए डीओ के कागजातों को अविलंब अपलोड कर जेम्स पोर्टल पर परमिट के लिए करना सुनिश्चित करे। जांच के क्रम में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध वसूली कर्मियों के द्वारा नहीं हो इस पर कड़ी निगरानी रखे एवं ऐसा होने पर नियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अवैध पैसे की मांग करें तो दें जानकारीःआनंद

जिला खनन पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि कोल परियोजना में अवैध वसूली की अगर पुष्टि होती है तो संबंधित दोषी कर्मी एवं प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपील की है कि अगर किसी प्रकार की अवैध राशि की मांग कर्मियों के द्वारा की जाती है तो इसकी जानकारी दे ताकि ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने प्रबंधन को भी निर्देशित किया है कि अवैध वसूली करने वाले व्यक्तियों एवं कर्मियों पर पूरी निगरानी रखें अन्यथा अगर कहीं से भी अवैध वसूली की सूचना मिलती है तो प्रबंधन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आजादी की लड़ाई में नीलांबर-पीताम्बर का योगदान अहमः शशि

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड के ग्राम जुरुहार विद्यालय प्रांगण मे नीलांबर पीतांबर विकास सोसाइटी द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर उनके द्वारा चला गया क्रांति को याद किया गया. कार्यक्रम में विकास सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी एव सोसाइटी कोषाध्यक्ष देवनाथ सिंह खरवार ने संयुक्त रूप से दीप्रज्वलित कर स्थापना दिवस मनाया गया। इसके उपरांत सहित शहीद नीलांबर पीताम्बर को याद करते हैं उनकी तस्वीर पर पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोसायटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर दोनों सहोदर भाई ने 21 अक्टूबर 1857 के दिन अंग्रेजो के खिलाफ बिगुल फूंक दिए थे। उन दोनों भाइयों ने प्रण किया की जब तक अंग्रेजों भारत देश छोड़कर नहीं भागता

है तब तक हम लोगों का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने उन्होंने देश आजादी में एवं अंग्रेजों से लोहा लेने में दोनों भाइयों की अहम योगदान बताया

कार्यक्रम में नीलांबर पीतांबर विद्या मंदिर विद्यालय के बच्चों का परीक्षा फल वितरित किया गया एवं बच्चों को वीर सपूतों को जीवनी के लिए बताया गया। मौके पर सविता देवी, संदीप ठाकुर, कृष्णा किशोर सिंह, काजल कुमारी, अमृता कुमारी, कृपा उरांव, अमित कुमार, उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों ने पान मसाला तंबाकू को लेकर चलाया छापेमारी, वसूला जुर्माना

सिमडेगा। अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा महेन्द्र कुमार के आदेशानुसार सिमडेगा मुख्यालय में शुक्रवार को दिपावली एवं छठ पर्वो के मदेनजर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा के नेतृत्व में सिमडेगा जिला के खाद्य दुकानों में प्रतिबंधित पान मसाला, तम्बाकु उत्पाद के निमित छापामारी अभियान चलाते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूना संग्रह करते हुए जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। छापेमारी के क्रम में खाद्य कारोबारी के दुकान से 5 दुकानों में तम्बाकू उत्पाद बरामद हुआ जिसे कोटपा एक्ट के तहत प्रत्येक उल्लंघनकर्त्ता के उपर 200 जिसमे कुल 1000 जुमार्ना वसूला गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा आगामी त्योहारो के मदेनजर छापामारी अभियान निरंतर जारी रहेगा। खाद्य कारोबारियों के द्वारा खाद्य सामग्रीयों के मात्रा को बढ़ाने के लिए पुरानी सामग्रीयों में इसकी मिलावट की जाती है, इस पर अंकुश लगाने हेतु जिला प्रशासन लगातार अभियान चलेगी। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित पान मसाला किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा भंडार बिक्री करते पाया गया तो उक्त के विरूध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी टीम में सुश्री अपूर्वा मिंज, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा। राहुल कुमार एफएलसी, एनसीडी एवं खाद्य सुरक्षा की टीम उपस्थित थे।

सड़क हादसे में घायल शिक्षिका की इलाज के दौरान मौत, शिक्षकों में शोक

बानो। प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुरपी की प्रधानाध्यापिका ग्लोरिया लुगुन की गुरुवार रात्रि रांची के मेडिका अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। मालूम हो कि ग्लोरिया लुगुन का पिछले दिनों 13 अक्टूबर को बानो प्रखंड मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर बेलकरघा के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। जिसका तुरन्त इलाल के लिये सीएचसी बानो लाया गया था।वहां से डॉक्टरो ने स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए रेफर कर दिया गया। शांत स्वभाव के गोलोरिया लुगुन के निधन से प्रखंड के शिक्षा विभाग व बानो में शोक की लहर दौड़ गई उनका निधन गुरुवार रात्रि लगभग 11 बजे हुई। प्रखंड सभी स्कूलों में एक मिनट का मौन रख कर आत्मा की शांति प्रार्थना किया गया। झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखड अध्यक्ष मनोज भगत ने शोक प्रगट करते हुए कहा ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। उनके परिजन को इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करे।

ईदगाह मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सिमडेगा। शहर के ईदगाह मुहल्ला निवासी मो .नौशाद का 19 वर्षीय पुत्र मो अल्ताफ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि वी अपने कमरे मे खाना खोकर सो रहा था। इसी क्रम में रात में ही अपने कमरे के पंखे मे फांसी के फंदे में झूल कर अपनी इहलिला समाप्त कर ली। परिजनों को घटना की जानकारी शुक्रवार को सुबह मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र के वार्ड पार्षद अजिमुल्लाह अंसारी, झामुमो नेता सफीक खान, शौकत अली अंसारी आदि मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी सदर पुलिस को दी गई। सदर थाने में सबइंस्पेक्टर सुधीर बाड़ा,ललिता सोरेन सदल बल मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संदर्भ में पुलिस अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर घटना के कारणों का पता लगा रही है। सबइंस्पेक्टर सुधीर बाड़ा ने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग के कारण युवक ने आत्महत्या की होगी। हालांकि पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंचे। इधर पुलिस ने इस मामले में यूडी केस दर्ज करते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

बोलबा के नरपति उच्च विद्यालय समसेरा में शहीद प्रभुदान टोप्पो का मनाया बलिदान दिवस

बोलबा। बोलबा प्रखंड के नरपति उच्च विद्यालय समसेरा प्रांगण में शुक्रवार को वीर शाहिद प्रभुदान टोप्पो का बलिदान दिवस मनाया गया इस मौके पर शहीद के तस्वीर पर पुष्पांजलि समर्पित किया गया। इस मौके पर बताया गया कि 12 जून 2009 को बोरमो थाना अन्तर्गत माइंस स्थित भारतीय स्टेट बैंक का पैसा फुसरो स्थित स्टेट बैंक में जमा कराकर वापस लौटने के क्रम में पुलिसकर्मी बैंक के पास खड़े थे कि अचानक 5-6 की संख्या में भाकपा माओवादी का उग्रवादियों ने चाकू एवं छुरे से हमला कर दिया। इस घटना में झरखंड पुलिस के हवलदार प्रभुदान टोप्पो अपने प्राणों की आहुति देकर वीरगति को प्राप्त हो गए। वीर शाहिद के बलिदान दिवस के मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे ने प्रभुदान टोप्पो के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके साथ शहीद के परिजनों को सील ओढ़ाकर समानित किया गया। इस मौके पर फादर अगुस्टिन डुंग डुंग, पुष्प तिर्की, जागेश्वर मांझी, विकास सिंह के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

सदर प्रखंड के जोरी पंचायत में आयोजित हुआ 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम

आप अपना आवेदन इस कैंप में दें, सरकार आपको योजना का लाभ देगी : विप्रा भाल

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सदर प्रखंड के जोरी पंचायत में शुक्रवार आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विप्रा भाल, सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेन्स विभाग, झारखण्ड सरकार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव महोदया, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम में सचिव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सरकार की यह अत्यंत महत्वकांक्षी कार्यक्रम है जिसमें सरकार प्रत्यक्ष रूप से लोगों से जुड़ रही है। आप सभी अपने पंचायतों में लगनेवाले शिविर में

अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और योजनाओं का लाभ उठाएं। अपना पंजीयन शिविर में लगे स्टॉल में करायें। आपके आवेदन की मॉनिरिंग सीधे राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। आपका आवेदन बिल्कुल सुरक्षित रहेगा और निष्पादित किया जायेगा। सचिव ने कहा कि कार्यक्रम में राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के स्टॉल लगे हैं। इन स्टॉलों में दिये गये आवेदन की मॉनिटरिंग आप स्वंय कर सकते हैं। सभी प्राप्त आवेदनों की ऑनलाईन इंट्री की जा रही है। जिन आवेदनों पर त्वरित निर्णय लिया जा सकता है उनका त्वरित निष्पादन होगा। अगले माह दिनांक 1-14 नवंबर तक आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का द्वितीय चरण प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान जिन पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे, वहां आप अवश्य पहुंचें। इन कार्यक्रम में योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है जो काफी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि हर उम्र के व्यक्ति के लिए कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिसका लाभ लेने के लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत में लग रहे है ताकि आपको कार्यालय न जाना पड़े। बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र,किशोरियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, स्वरोजगार हेतु मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,जे एस एल पी एस के माध्यम फूलो झानो आशीर्वाद योजना, किसानों के लिए केसीसी, बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवाओं, निराश्रितों के लिए पेन्सन आदि योजनाओ का लाभ ज्यादा से ज्यादा कैम्प में आवेदन देकर प्राप्त करें।

20 योजनाओं का शुभारंभ

सचिव महोदया द्वारा कार्यक्रम में जोरी पंचायत में कुल 20 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सचिव महोदया एवं अन्य अतिथियों द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 21 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, मनरेगा के 20 योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान के 09 लाभुकों के बीच 10-10 हजार रुपए की राशि, 25 किसानों के बीच के 75-75 हजार रुपये का केसीसी ऋण, 12 लाभुकों के बीच हरा राशन कार्ड, 160 लाभुकों के बीच चना बीज, 30 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। सचिव महोदया और उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण किया गया।

नुक्कड़-नाटक दल ने किया जागरूकता कार्यक्रम

कार्यक्रम में सांस्कृतिक कला मंच, नारी नवाडीह, किस्को के कलाकारों ने घनश्याम महतो के नेतृत्व में जनजागरूकता कार्यक्रम नुक्कड़-नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजुर, प्रखंड प्रमुख परमुनी उरांव, मुखिया राजू उरांव, उप मुखिया रुकैया खातून, समेत अन्य उपस्थित थे।

बोलबा सुदूरवर्ती क्षेत्र पीड़ियापोछ गांव में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' में पहुंची उपायुक्त

ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से किया दूर

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र बोलबा प्रखंड के पीड़ियापोछ पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंची, जहां उन्होने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जाना साथ हीं समस्या निराकरण की दिशा में प्रखंड पदाधिकारी, कर्मियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिएं। उपायुक्त ने कोर्नेलिया तिर्की के रूके हुए विधवा पेंशन को पंचायत सचिव को चालु कराने का निर्देश दिया। वहीं रंगोनी देवी को विधवा पेंशन नहीं मिल रहा था, जिसका आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा और विधवा पेंशन देने हेतु त्वरित कार्यवाही करने का

निर्देश दिया। अवगा बुढ़ा पहार की क्रिस्टीना टेटे का प्रधानमंत्री आवास पूर्ण नहीं हुआ था, जिसका आवेदन मिला। उपायुक्त ने स्वंय सेवक को आवास निर्माण के अपूर्ण कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वृद्धा पेंशन का लाभ लेने हेतु मनचेतन नायक उपायुक्त के पास पहुंचे। उपायुक्त ने कागजातों की जांच की और प्रखंड विकास पदाधिकारी को वृद्धा पेंशन से संबंधित कागजी प्रक्रिया का निराकरण कर पेंशन का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। ऐठु लोहरा ने वृद्धा पेंशन हेतु आवेदन दिया। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के उद्देश्य एवं योजनाओं के प्रति जागरूक किया। उन्होने कहा कि पिड़ियापोछ पंचायत जिला मुख्यालय से काफी दूर है। ऐसे में आप सभी को प्रखंड व जिला आने-जाने में काफी पेरशानी होती होगी। आज आपकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु सभी विभाग के स्टॉल आपके पंचायत में लगाए गए है, यहां प्रशासनिक महाकमा उपस्थित है। आवेदन देकर अपने समस्याओं का निराकरण कराएं एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ लें। कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी-सह-जिला नजारत उप समाहर्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी बोलबा उषा मिंज, अंचलाधिकारी बोलबा, पूर्व विधायक बंसत लोंगा, मुखिया, प्रमुख, वार्ड सदस्य व अन्य उपस्थित थें।

छठे पुनरीक्षित वेतन में फिटमेंट कमिटी की अनुमान्यता पर करेंगे विचार : रामेश्वर उरांव

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। छठे पुनरीक्षित वेतन में फिटमेंट कमिटी की सिफारिश को लागू करने में हुई अनियमितता को लेकर शुक्रवार को झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से मिलकर वेतन निर्धारण में हुई विसंगतियों को लेकर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री को बताया कि छठे वेतन पुनरीक्षण में 01.01.2006 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों का वेतन 16290 पर निर्धारित किया जाना चाहिए था किन्तु इसमें विसंगति करते हुए 13500 पर निर्धारित कर दिया गया। वेतन निर्धारण को लेकर आपत्ति किए जाने के बाद इसमें सुधार के लिए वित्त पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सहमति थी। किंतु तत्तकालीन वित्त सचिव द्वारा आपत्ति जताते हुए रोक लगा दी गयी। वहीं समान प्रकिया के तहत सचिवालय कर्मियों को इसका लाभ दे दिया गया। प्राथमिक शिक्षक इसे अपने साथ

वेतन निर्धारण में भेदभाव मानते हैं और लगातार इस विसंगति को दूर करने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को झापसा का एक शिष्टमंडल माननीय वित्त मंत्री से मिलकर छठे वेतन वेतन निर्धारण पर लगाई गई रोक को हटाने की मांग की। मंत्री ने सकारात्मक रूख अपनाते हुए जल्द ही नियमसंगत समाधान निकालने का आश्वासन दिया। मामलों को लेकर छठ पूजा के बाद मिलकर वार्ता का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन, महासचिव प्रेम प्रसाद राणा, संयुक्त सचिव मुमताज अहमद तथा झापसा रांची जिला संयोजक डॉ अरविंद कुमार लाल मौजूद थे।

सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में दीपावली पूर्व संध्या पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में शुक्रवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा चतुर्थ पंचम एवं तृतीय की बहने सहभागी हुई। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अभिभावक सत्यवती कुमारी, संजू जायसवाल, शकुंतला कुमारी ने भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल ने रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा पंचम की सृष्टि भगत प्रेरणा तिग्गा विधाता के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा चतुर्थ की आशा कुमारी अंजली कुमारी आरुषि पन्ना चंचला कुमारी हिमानी चला के समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम की पल्लवी कुमारी उर्मिला कुमारी साक्षी कुमारी एनसी नयन एक्का के समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के आचार्य सुनीता कुमारी के दिशा निर्देशन में प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के

आचार्य नंद किशोर साहू, महेंद्र कुमार मिश्रा, मीनाक्षी दिव्या, लक्ष्मी देवी, जगदीश पांडे, त्रिलोचन साहू, अशोक कुमार साहू, अशोक कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से भैया बहनों के बीच उनकी कलात्मक प्रतिभा का विकास होता है और इस प्रकार से संस्कारों के माध्यम से एक समूह में किसी कार्य करने की आदत का विकास होता है। भैया बहनों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

जय मां काली पूजा समिति, निगनी के द्वारा किया जायेगा भव्य काली पूजा : डॉ. टी साह

लोहरदगा। जय माँ काली पूजा समिति, निगनी के द्वारा इस वर्ष बड़े ही उत्साह के साथ काली पूजा मनाई जा रही हैं। जिसकी तैयारियां लगभग पूरी कर लिया गया है। काली पूजा में शामिल होने के लिए जिले के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ अधिकारियों, नागरिकों और आमजनों तक निमंत्रण पत्र भी बांटा जा रहा है। निमंत्रण पत्र के माध्यम से जिले के गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों को इस भव्य पूजा का साक्षी बनने की अपील की गई है। इस संदर्भ में काली पूजा समिति निंगनी के आजीवन संरक्षक रिटायर्ड आर्मी सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने बताया कि निंगनी में इस बार काली पूजा को आकर्षक ढंग से किया जाएगा। तैयारियां पूरी कर लिया गया है और सभी को इस भव्य काली पूजा में शामिल होने की अपील की गई है। इसके लिए जिले के राज्यसभा सांसद, लोकसभा सांसद, विधायक सह मंत्री, उपायुक्त, उपविकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, एसडीपीओ, थाना प्रभारी समेत जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। पूजा का कार्यक्रम 24.10.2022 (सोमवार)- शाम 6:00 बजे से 11:00 बजे तक होगी। वही रात्री 12 बजे से बली दिया जाएगा। प्रातः 05:00 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। 25.10.2022 को - नागपुरी रंगा-रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी एवं 26 अक्टूबर को मूर्ति विर्सजन किया जाएगा।

लोहरदगा पुलिस केंद्र में मनाया गया पुलिस संस्मरण दिवस

शहीद जवानों को एसपी आर रामकुमार समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस केंद्र लोहरदगा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहीद जवानो को श्रदांजलि अर्पित की गई। साथ ही सेरेंगदाग थाना क्षेत्र में शहीद हुए जवान दुलेश्वर पराश के परिजनों का पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार व वरीय पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने पुष्प गुच्छ व सॉल देकर अभिवादन किया ।वही देश की आंतरिक सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बताया गया कि चीन के साथ देश की सीमा की रक्षा करते हुए जो बलिदान दिया था, उसकी याद में हर साल पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। ये बात साल 1959, 21 अक्टूबर की है जब 10 पुलिसकर्मियों ने अपना बलिदान दिया था। तब तिब्बत के साथ भारत की 2,500 मील लंबी सीमा की निगरानी की जिम्मेदारी भारत के पुलिसकर्मियों

की थी। इस घटना से एक दिन पहले 20 अक्टूबर, 1959 को तीसरी बटालियन की एक कंपनी को उत्तर पूर्वी लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स नाम के स्थान पर तैनात किया गया था। इस कंपनी को 3 टुकड़ियों में बांटकर सीमा सुरक्षा की बागडोर दी गई थी। लाइन ऑफ कंट्रोल में ये जवान गश्त के लिए निकले। आगे गई दो टुकड़ी के सदस्य उस दिन दोपहर बाद तक लौट आए। लेकिन तीसरी टुकड़ी के सदस्य नहीं लौटे। उस टुकड़ी में दो पुलिस कॉन्स्टेबल और एक पोर्टर शामिल थे। अगले दिन फिर सभी जवानों को इकट्ठा किया गया और गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए एक टुकड़ी का गठन किया गया। दोपहर के समय चीन के सैनिकों ने एक पहाड़ी से गोलियां चलाना और ग्रेनेड्स फेंकना शुरू कर दिया। अपने साथियों की तलाश में निकली ये टुकड़ियां खुद की सुरक्षा का कोई उपाय नहीं करके गई थीं, इसलिए ज्यादातर सैनिक घायल हो गए। तब उस हमले में देश 10 वीर पुलिसकर्मी शहीद हो गए जबकि सात अन्य बुरी तरह घायल हो गए। जनवरी 1960 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिरीक्षकों का वार्षिक सम्मेलन हुआ था। इसी सम्मेलन में लद्दाख में शहीद हुए उन वीर पुलिसकर्मियों और साल के दौरान ड्यूटी पर जान गंवाने वाले अन्य पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने का फैसला लिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वरीय पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक कुमार पांडेय, परिचारी पीयूष कुमार, पप्पु विश्वकर्मा, एवं अन्य पुलिस के जवान एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

दीपावली आते ही दीपक, झाड़ू और मोरपंख की बढ़ी बिक्री

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। दीपक, झाड़ू और मोरपंख कहने को तो छोटे-छोटे व्यवसाय हैं, लेकिन दिवाली पर्व के आते ही इनकी बिक्री अचानक बढ़ गई है। दरअसल, दीपावली पर इनकी विशेष मांग होती है और इनके बिना यह त्योहार नहीं मनाया जाता। इसलिए दीपपर्व पर इनकी डिमांड काफी बढ़ जाती है, क्योंकि इनसे ही सभी घरों में दीपावली मनती है। इन छोटे व्यवसाय करने वालों के लिए दीपावली सबसे व्यस्त व मुख्य सीजन होता है। इस दौरान ये पूरे साल के लिए एक मोटी रकम कम पाते हैं। व्यवसायियों के अनुसार दीपक, खजूर की झाड़ू व मोरपंखी का लाखों रुपए का कारोबार होता है। इसमें से केवल धनतेरस पर ही आधे से अधिक का कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। दीपावली पर पशुधन को सजाने की परंपरा है। पशुपालक दीपावली के दूसरे दिन इनका पूजन करते हैं। पशुओं को सजाने के लिए मोरपंखी का उपयोग होता है। अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले समाज विशेष के लोग परंपरागत रूप से दीपावली के मद्देनजर मोरपंख

बनाने में जुट जाते हैं। एक सेट की कीमत 200 रुपए से लगाकर एक हजार रुपए तक रहती है। चमकीली रद्दी पन्नी, रिबन, मोर पंख, प्लास्टिक की सुतली से गाय, बैलों के लिए मोरपंख तैयार होते हैं। समाज के लोगों के अनुसार विशेषकर दीपावली पर ही इस काम से जुड़ते हैं, शेष दिनों में नहीं। अधिकांश कुम्हार समाज के परिवार बरसों से मिट्टी के दीपक बना रहे हैं। छोटे दीपक की कीमत महज 1.50 रुपए है, अधिकतम 10 रुपए तक की वैराइटी है। फुटपाथ पर इनकी छोटी दुकानें लगती हैं। घरों में त्योहार पर दीपक लगाए जाएंगे। व्यवसाय से जुड़े सुजीत प्रजापति के मुताबिक धनतेरस के दो सप्ताह पहले से दुकानें लगाते रहे हैं। समाज का हर परिवार औसतन 250 से 300 मिटटी के दीपक रोज बाजार लेकर आता है। खजूर की झाड़ू धनतेरस की सुबह तकरीबन हर घर में खरीदी जाती है। मान्यता है इसको खरीदने से घर में लक्ष्मी का आगमन होता है और वह लक्ष्मी दीपावली के पांचों दिन घर में विराजती है। धनतेरस पर शहर में झाड़ू का कारोबार लाखों में होता है। अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों परिवार खजूर व अन्य झाड़ू बनाने में जुड़े हैं। एक झाड़ू की बाजार में कीमत 40 से 80 रुपये तक होती है।

धनतेरस को लेकर सजा लोहरदगा का बर्तन बाजार, होगी धनवर्षा

इस बार धनतेरस से दो दिन पहले ही लोहरदगा का बर्तन बाजार सजकर तैयार हो गया है। पर्व को लेकर बाजार में चहल पहल दिखाई दे रही है। स्टील से निर्मित बर्तन समेत अन्य चीजों के कच्चे माल में तेजी होने के बाद भी व्यापारियों को धनतेरस पर लाखो करोड़ो के कारोबार की उम्मीद है। व्यापारियों की मानें, तो इस धनतेरस बाजार से करीब दो से तीन करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है। धनतेरस और दीपावली पर सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स, बर्तन और गिफ्ट आइटम की दुकानों से करोड़ों का कारोबार होगा। बिक्री को लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह है। शहर के अपर बाजार, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, महावीर चौक, सोमार बाजार, सराफा बाजार में दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। वहीं, सबसे ज्यादा धनतेरस पर बर्तन बाजार चमकने की उम्मीद है। अलग-अलग वैराइटी के बर्तन दुकानों पर सजा रखे हैं। अकेले बर्तन का ही एक करोड़ से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद जताई जा रही है। इधर बर्तन व्यापारी विकास कांस्यकार, पिंटू कसेरा आदि का कहना है की इस बार धनतेरस पर नए स्टाक में स्टील के नए डिजाइन के बर्तन मंगाए हैं। इंडेक्शन कढ़ाही, भगौना, चायपेन, थ्री इन इन वन, कूकर सहित स्टील के नए डिजाइन के बर्तनों की खूब मांग है। ताकि ग्राहक मायूस होकर वापस न लौटे। वही धनतेरस पर शाही बर्तनों की खूब खरीदारी की जाती है। इसलिए बाजार में नए डिजाइन के बर्तन मंगाए गए है। ताकि ग्राहकों को सामान पंसद आ सकें। इस बार कोरोना की रफ्तार काफी धीमी है। ऐसे में कारोबार होने की पूरी संभावना है।

नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा ने ब्रिलिएंट हाई स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान

सिमडेगा। नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा शुक्रवार को प्रखंड सिमडेगा के प्रस्तावित ब्रिलियेंट हाई स्कूल सिमडेगा में स्वच्छ भारत 2.0 के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवा मंडल सदस्यों और स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गोरखनाथ सिंह ने भी सूखे कचरे विशेषकर प्लास्टिक को एकत्र कर उसका निपटान किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पुनीता मिंज और सुषमा प्रधान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत प्राचार्य गोरखनाथ सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों का भारत बनाने के लिए हम सभी को मिलकर अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। हमें प्रत्येक सप्ताह में कुछ समय स्वच्छता के लिए जरूर देना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम स्वयं के साथ औरों को भी देश को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए आगे लेकर आएँ।हमारा देश स्वच्छ होगा तभी स्वस्थ होगा। मौके पर स्कूली शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

Office of the Executive Engineer Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.

e-Procurement Notice

Short e-Tender Reference no.- **RCD/Daltonganj/906**
Dated :-19.10.2022

1	Name of Work	**Construction of Drain in Patan-Daltonganj (Bairiya Chowk to Saguan More) Road Length 17.9 km Under Non-Plan for the year 2022-23 (Drain Length-1620.00 m Bairiya Chowk to Gursuti Nala)**
2	Estimated Cost	**Rs.- 94,99,756.00** (Ninety Four Lacs Ninety Nine Thousand Seven Hundred Fifty Six Only).
3	Bid Security (Amount)	**Rs.- 1,90,000.00** (One Lacs Ninety Thousand Only).
4	Time of Completion	**03 Months**
5	Mode of Bid Submission	**e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in)**
6	Date of Publication of Tender on Website	**22-10-2022 from 10.30 A.M.**
7	Last Date/Time of Online Bid Submission	**07-11-2022 upto 12.00 Noon**
8	Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD	**09-11-2022, 15:00 PM**
9	Date and Time of Bid opening	**10-11-2022 at 12.30 P.M.**
10	Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address	**Chief Engineer (Com)-cum-Nodal Officer, e-Procurement Cell, R.C.D., Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004**
11	Name & address of officer Inviting tender	**Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj,**
12	Contact no. of e-procurement officer	**06562-225019**
13	Helpline number of e-Procurement cell	**0651-2401010**

Note : Estimated amount may vary.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Daltonganj

PR 280629 Road(22-23)D

कार्यालय, जिला परिषद, पलामू

सूचना

जिला परिषद, पलामू अन्तर्गत विभिन्न सैरातों यथा दुकान, बहुदेशीय भवन, डाक बंगला इत्यादि के किराया बकायेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू द्वारा किराया वसूली हेतु प्रखण्डवार शिविर आयोजित किया जायेगा जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

क्र0	प्रखण्ड का नाम	शिविर की तिथि
1	मनातू	28.10.2022
2	हुसैनाबाद	28.10.2022
3	लेस्लीगंज	28.10.2022
4	मेदिनीनगर (कचहरी परिसर)	28.10.2022
5	मेदिनीनगर (सद्दिक चौक)	29.10.2022
6	नावाबाजार	29.10.2022
7	पाटन	01.11.2022
8	मोहम्मदगंज	01.11.2022
9	सतबरवा	01.11.2022
10	तरहसी	02.11.2022
11	विश्रामपुर	02.11.2022
12	रेहला (विश्रामपुर)	03.11.2022
13	हरिहरगंज	03.11.2022
14	छतरपुर	04.11.2022

अतः सभी बकायेदारों को ताकिद की जाती है कि निर्धारित तिथि को शिविर में अपना संपूर्ण बकाया राशि जमा कर दें अन्यथा आवंटित सैरात का आवंटन रद्द कर दिया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, पलामू

PR 280667 District (22-23)_D

Office of the Executive Engineer Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.

e-Procurement Notice

Short e-Tender Reference no.- RCD/Daltonganj/907
Dated :- 19.10.2022

1	Name of Work	**Construction of Guard Wall of 3 metres & 2.0 metres height in approach Road of High Level Bridge at 12th KM in Hutar-Chainpur Road under Non-plan for the year 2022-23**
2	Estimated Cost	**Rs.- 59,98,262.00** (Fifty Nine Lacs Ninety Eight Thousand Two Hundred Sixty Two Only).
3	Bid Security (Amount)	**Rs.- 1,20,000.00** (One Lacs Twenty Thousand Only).
4	Time of Completion	**03 Months**
5	Mode of Bid Submission	**e- tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)**
6	Date of Publication of Tender on Website	**22-10-2022 from 10.30 A.M.**
7	Last Date/Time of Online Bid Submission	**07-11-2022 upto 12.00 Noon**
8	Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD	**09-11-2022, 15:00 PM**
9	Date and Time of Bid opening	**10-11-2022 at 12.30 P.M.**
10	Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address	**Chief Engineer (Com)-cum-Nodal Officer, e-Procurement Cell, R.C.D., Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004**
11	Name & address of officer Inviting tender	**Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj,**
12	Contact no. of e-procurement officer	**06562-225019**
13	Helpline number of e-Procurement cell	**0651-2401010**

Note : Estimated amount may vary.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Daltonganj

PR.NO.280631 Road(22-23):D

पेट्रोल–डीजल के दामों में कोई परिवर्तन नहीं

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोतरी के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में शुक्रवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.40 प्रतिशत बढ़कर 92.75 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.43 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 84.87 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID: eedwsd.lohardaga@gmail.com

शुद्धि पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/12/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 280201 Lohardaga (22-23) D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

क्र0		पूर्व में प्रकाशित	संशोधित
6	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	07.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न से	03.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
7	प्री बीड मिटिंग की तिथि	दिनांक 10.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची	दिनांक 07.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची
8	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	18.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक	11.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक
9	अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान	19.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला का कार्यालय 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची का कार्यालय	12.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में। 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में।
10	निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय	21.11.2022, 11:30 बजे पूर्वाह्न से	14.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 280601 Lohardaga(22-23)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID: eedwsd.lohardaga@gmail.com

शुद्धि पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/09/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 280086 Lohardaga (22-23)_D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

क्र0		पूर्व में प्रकाशित	संशोधित
5	कार्य पूरा करने की अवधि	24 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.)	21 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.)
6	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	07.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न से	03.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
7	प्री बीड मिटिंग की तिथि	दिनांक 10.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची	दिनांक 07.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची
8	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	18.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक	11.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक
9	अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान	19.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला का कार्यालय 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची का कार्यालय	12.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में। 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में।
10	निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय	21.11.2022, 11:30 बजे पूर्वाह्न से	14.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR280597 (Lohardaga)22-23#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/RPWS/Med-18/2022-23 (1st Call)**
दिनांक 21.10.2022

क्र0 सं0	कार्य का नाम	केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Detailed survey, designing and drawing, Construction with allied works etc. all complete job for **Chhattarpur-Naudiha Bazar-Hariharganj-Pipra and Adjoining Multi villages Rural Pipe Water Supply Scheme** under D.W & S. Division, Medininagar on turnkey basis. Year 2022-23.
1	प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में)	**44236.70** (चार सौ ब्यालीस करोड़ छत्तीस लाख सत्तर हजार रूपये मात्र)
2	अग्रधन की राशि (लाख में)	**442.37** (चार करोड़ ब्यालीस लाख सैंतीस हजार रूपये मात्र)
3	परिमाण विपत्र का मूल्य	**10,000/-** (दस हजार रूपये मात्र)
4	कार्य पूर्ण करने की अवधि	27 (सताईस) महीना + 3 (तीन) महीना **Trial & Run**
5	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय	**10/11/2022 / 12.30** बजे अपराहन तक।
6	प्री बीड की तिथि एवं समय	**14/11/2022 / 12.30** बजे अपराहन से (अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची, नेपाल हाउस)
7	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	**24/11/2022 / 05.00** बजे अपराहन तक।
8	अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय	**25/11/2022 / 05.00** बजे अपराहन तक (क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, राँची प्रक्षेत्र राँची, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची, अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
9	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	**26/11/2022 / 04.00** बजे अपराहन में।
10	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
11	निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
12	प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0	**9835068475**
13	ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0	**0651-2490920**

नोटः– निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा। विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

PR280703 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (विकास-शाखा)

सूचना

इस कार्यालय का ज्ञापांक 609/वि0 दिनांक 14.09.2022 द्वारा निकाली गयी विज्ञापन को अपरिहार्य कारणवश रद्द करते हुए लोहरदगा जिला के समाहरणालय परिसर अवस्थित जिला कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, लोहरदगा में छात्रों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने हेतु जिला DMFT मद से निम्नांकित पद पर अनुभवी एवं योग्य कम्प्यूटर प्रशिक्षक की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित की जाती हैं :–

क्र	पद का नाम	पद की संख्या	न्यूनतम योग्यता	निर्धारित मानदेय (प्रति घंटा आधारित)
01	Computer Trainer	01	1st division from any recognized University or Institute in following **Degree :-** MCA / MSc(Computer Science) / B.E. (Comp. Sc.) / B.Tech. (Comp. Sc.) / BCA / B.Sc. (Comp. Sc.) / NEILIT O/A/B/C Qualifier.	राज्य के डिग्री कॉलेज में संविदा के आधार पर घंटी आधारित मानदेय के अनुरूप

चयनित कम्प्यूटर प्रशिक्षक को सर्वप्रथम 01 वर्ष के लिए संविदा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जायेगा तथा एक वर्ष के कार्यकलापों के मूल्यांकन के पश्चात् संतोशजनक पाए जाने पर ही अगले एक वर्ष हेतु कार्यावधि विस्तार दिया जायेगा। इच्छुक अनुभवी उम्मीदवार दिनांक 05.11.2022 को अपराह्न 05.00 बजे तक विहित प्रपत्र में अपना वांछित सभी प्रमाण पत्र प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, DRDA कार्यालय, जिला परिशद भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा PIN 835302 में स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक से समर्पित करेंगे।

नोटः– नियुक्ति से संबंधित योग्यता एवं आवेदन–पत्र का प्रारूप सहित विस्तृत जानकारी **https://www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है।

प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, लोहरदगा | उप विकास आयुक्त, लोहरदगा | उपायुक्त, लोहरदगा

PR.NO.280594 Lohardaga(22-23):D

Office Of The Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division Latehar

E Procurement Short Tender Notice

Tender Referance No- DWSD/LTR/SVS-27/21-22(4th Call) Dt 21.10.2022

1	Name of Department	:-	Drinking Water & Sanitation Department
2	Date & Time of Tender Uploading in Website	:-	22.10.2022 at 04.00 P.M
3	Last Date of Receipt of Bid	:-	29.10.2022 at 05.00 P.M
4	Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money	:-	01.11.2022 at 05.00 P.M 1. EE DW & S Div Latehar 2. SE DW& S Circle Medininagar
5	Date of Opening Tender	:-	02.11.2022 at 04:30 P.M
6	Name & Address of Tender Inviting Authority	:-	Executive Engineer D. W & S Division Latehar
7	Contact No of Procurement Office	:-	Executive Engineer D. W & S Division Latehar

Detail of Work:-

Sl No	Name of Work	Group No	No of Scheme	No of FHTC	Eastimated Cost	Earnest Money	Cost of BoQ	Time of Completion
01	Const. of Rural Water Supply for SVS under JJM In Different Village of Latehar District With FHTC Work under D W & S Division Latehar for F.Y- 2021-22	SVS Murup	11	229	7581066.00	152000.00	10000.00	03 Month
02		SVS Mangru	12	416	12104475.00	242100.00	10000.00	03 Month

1. Eastimated Cost & Earnest Money May be Changed
2. Further Detail Can be seen on website http//:jharkhandtender.gov.in
3. Only Registered Contractor in this Department In (Appropriate Class) Participate In Said Tender.

PR.NO.280685 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

Executive Engineer, D. W & S Division Latehar

झारखण्ड सरकार
कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती के संबंध में

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ,लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा तथा पेशरार अंचल अवस्थित राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती दि0 10.11.2022 को 11.00 बजे से कार्यालय अवधि तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खुला डाक द्वारा विभागीय परिपत्र सं0 114 , दिनांक 18.01.1992 में निहित प्रकिया के अनुसार की जाएगी । खुला डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को जलकर की प्रतिभूति राशि वार्षिक सुरक्षित जमा का 10 प्रतिशत जमानत के रूप मे जमा करना होगा। जमा की गई राशि उच्चमत डाक वक्ता को छोडकर शेश डाक वक्ताओं को डाक समाप्ति के उपरांत वापस कर दिया जाएगा । बंदोबस्ती तीन वर्शो अर्थात 2022–23 से 2024–25 तक के लिए होगी। जिन जलकरों की बंदोबस्ती उक्त तिथि को नहीं हो सकेगी उसकी बंदोबस्ती दिनांक 17.11..2022 को 11.00 पूर्वा0 मैं की जाएगी। यदि प्रखण्ड स्तरीय निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति जलकरों की बंदोबंस्ती लेने के लिए इच्छुक हो तो उन्हें जलकर बंदोबस्ती लेने हेतु वांछित कागजातों के साथ प्रस्ताव समर्पित करने पर उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

सफल डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरंत बाद जलकर बंदोबस्ती की अधिकतम बोली की राशि जो एक वर्श अर्थात 2022–23 के लिए होगी पूरी राशि एक मुश्त जमा करना अनिवार्य होगा राशि जमा नहीं करने पर उनका डाक रद्ध करते हुए जमानत की राशि को जब्त कर ली जायगी । शेश दो वर्शों का राजस्व समयावधि में जमा कर देना अनिवार्य होगा। सक्षम पदाधिकारी से बदोबस्ती की स्वीकृति प्राप्ति के पश्चात उंच्चतम डाकवक्ता को विभाग के साथ विधिवत एकरारनामा एवं निबंधन कराना होगा, जिसका पूरा व्यय डाकवक्ता को वहन करना होगा।

खुला डाक के लिए निर्धारित प्रथम तिथि से ही सभी जलकरों की बंदोबस्ती प्रकिया संपन्न की जाएगी। जिन जलकरों की बंदोबस्ती प्रकिया पूर्ण होगी अथवा पूर्व से बंदोबस्त होगी वह जलकर सूची से स्वतः बाहर समझा जाएगा तथा अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बतायें डाक को स्थगित करने तथा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

राजस्व जलकरों की सूची निम्नवत है :–

अंचल :– सेन्हा

क0	जलकर का नाम	ग्राम	खाता सं0	प्लॉट सं0	रकबा	सुरक्षित जमा राशि
1	मुर्की तालाब	कोराम्बे	–	347,348,25,26	5.24	6800.00
2	चंदकोपा नया तालाब	चंदकोपा	85	1396	1.22	5800.00
3	सेन्हा कोयनार टोली तालाब	सेन्हा	276	100	1.25	2000.00
4	बुटी तालाब	बुटी	–	337	1.87	5000.00
5	चमडू तालाब	चमडू	69	09	1.20	7000.00
6	पाढी तालाब 3	पाढी	102	508	1.09	800.00
7	गड़गॉव तालाब	गड़गॉव	–	279,280	5.72	1200.00
8	कल्हेपाट बॉध	कल्हेपाट	135	861	0.74	1200.00
9	गगेया तालाब	गगेया	53	40,41	0.80	600.00
10	तोड़ार पत्थल टोली तालाब	तोड़ार	206	1350	1.54	800.00
11	दतरी सरना तालाब	दतरी	71	681,813	1.30	1500.00
12	अलौदी छापर तालाब	अलौदी	235	175,178	0.65	700.00
13	जमीरा तालाब	जमीरा	34	296	1.23	2000.00
14	अलौदी तार तालाब	अलौदी	60	542,544	1.41	1000.00
15	चुरकु महूआ टोली तालाब	चुरकु	118	674	0.36	350.00
16	अर्रू तालाब	अर्रू	252	1544,1545	1.89	4600.00

अंचल– पेशरार

क0	जलकर का नाम	ग्राम	खाता सं0	प्लॉट सं0	रकबा	सुरक्षित जमा राशि
1	अम्बापावा बाँध	अम्बापावा	30	99	0.20	300.00
2	माची तालाब	माची	35	355,268	0.26	500.00

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदा0, लोहरदगा

PR.NO.280719 Lohardaga(22-23):D

सम्पादक की कलम से...

राज व राजभवन का खेल

झारखंड में चुनाव आयोग के लिफाफे का खेल सबकी समझ से बाहर होता जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि अगर इसके अंदर के राज को राजभवन नहीं बताता है तो कुछ नहीं कर पायेंगे सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी जेएमएम। तीन महीने से झारखंड के सियासी मैदान में जो सबसे बड़ा खेल चल रहा है, उसमें फिलहाल इंटरवल का टाइम है। जेएमएम-कांग्रेस और राजद की सरकार का क्या होगा, इसका अंदाजा भी कोई नहीं लगा रहा है। मुख्यमंत्री कैमरे के आगे आकर बोल रहे हैं कि आखिर चुनाव आयोग के लिफाफे में क्या है, बताया जाये। यहां तक कह रहे हैं कि अगर मैं दोषी हूं तो मुझे सजा दी जाये। लेकिन राजभवन इस खेल में इंटरवल पीरियड को एंज्वॉय कर रहा है। अब तो मीडिया के सामने राज्यपाल रमेश बैस चुटकी भी ले रहे हैं। कह रहे हैं कि लिफाफा ऐसा चिपका है कि वो खुल ही नहीं रहा है। सारे रास्ते बंद होने के बाद अब जेएमएम आरटीआई के माध्यम से सूचना मांगने की कोशिश कर रहा है। जेएमएम की तरफ से प्रवक्ता विनोद पांडे ने राजभवन में आरटीआई दाखिल कर जानकारी मांगी है। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि अगर राजभवन उन्हें जवाब नहीं देता है, तो भी जेएमएम कुछ नहीं कर सकता है। यह बात समको पता है। इसकी वजह खुद जेएमएम की सरकार को माना जा सकता है। मई 2020 से ही सूचना आयोग डिफंक्ट है। न कोई सूचना आयुक्त हैं और न ही मुख्य सूचना आयुक्त। लिफाफे को लेकर जैसा राजभवन का रुख है, उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिलहाल राजभवन सीएम हेमंत सोरेन के माइनिंग लीज के मामले को लेकर कोई जल्दबाजी करने के मूड में नहीं है। जेएमएम को अगर राजभवन की तरफ से आरटीआई का जवाब नहीं मिलता है, तो जेएमएम राजभवन में पहली अपील के लिए जायेगा। फिर भी जवाब ना मिला तो जेएमएम दूसरी अपील करेगा। फिर भी जवाब ना मिलने की सूरत में जेएमएम को सूचना आयोग जाना होगा। लेकिन अफसोस कि हेमंत सरकार में सूचना आयोग है ही नहीं। ऐसे में आखिर जेएमएम क्या करेगा। इसकी रणनीति पर जेएमएम शायद कुछ सोच रहा हो। कुछ महीने पहले के आंकड़े की बात करें तो सूचना आयोग में 20 हजार से ज्यादा आवेदन पेंडिंग हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने मुख्य सूचना आयुक्त के एक पद और सूचना आयुक्तों के छह पदों के लिए दो साल पहले ही आवेदन मांगा था। मुख्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए कुल 63 लोगों ने आवेदन किया है। जबकि सूचना आयुक्त के छह पदों के लिए 354 आवेदन कार्मिक विभाग में आये हैं. इतने आवेदन के बावजूद न तो सूचना मुख्य आयुक्त और न ही सूचना आयुक्तों का चयन हो पाया है। यहीं पेच फंसते नजर आ रहे हैं। झारखंड सरकार ने अभी तक नेता प्रतिपक्ष को मान्यता नहीं दी है। इसको लेकर अभी भी सदन में खींचतान चल रही है। लेकिन सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए बनी कमेटी में नेता प्रतिपक्ष पदेन सदस्य होते हैं। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष नहीं होने की वजह से नियुक्ति प्रक्रिया बाधित है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सूचना आयुक्तों का पद रिक्त होने के दो महीने पहले से ही नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए। साथ ही सर्च कमेटी को नौकरशाहों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के नामचीन लोगों को भी सूचना आयुक्त नियुक्त करने पर विचार करना चाहिए। ऐसे में अभी खेल होना बाकी है।

आज का इतिहास

1966 : भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
1947 : विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
1995 : जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
2013 : इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
1556 : स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
1581 : ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
1681 : महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
1769 : कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
1901 : भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
1938 : प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
1943 : इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
1955 : पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
1989 : मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।
1989 : सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
2003 : भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
2006 : समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।

सुशासन व समावेशी विकास

> वर्ष 1997 का नागरिक अधिकारपत्र, 2005 का सूचना का अधिकार कानून, 2006 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस आंदोलन, प्रशासनिक सुधार के लिए आयोगों का गठन, समावेशी और टिकाऊ विकास पर अमल, स्मार्ट सिटी और स्मार्ट विलेज आदि का विकास भारत में लोकप्रबंध के नये आयाम को ही दर्शाते हैं। दरअसल, प्रशासनिक सुधार और सामाजिक परिवर्तन एक-दूसरे से तार्किक रूप से जुड़े होते हैं। प्रशासनिक सुधार राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम होता है। सरकार परिवर्तन और सुधार की दृष्टि से जितना अधिक जनोन्मुख होगी, सुशासन उतना अधिक प्रभावी होगा।

स्वतंत्रता के बाद संविधान लागू होने के साथ-साथ विकास का प्रशासन और प्रशासनिक विकास समेत सामुदायिक और सामाजिक विकास की अवधारणा को भी बल मिला था। मगर सशक्त समावेशी ढांचे का निर्माण करने में अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। आज भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, सड़क, सुरक्षा आदि से जुड़ी समस्याएं समाधान की मांग करती हैं। शासन वही अच्छा माना जाता है, जिसका प्रशासन अच्छा होता है और दोनों तब अच्छे होते हैं जब लोक कल्याण होता है। कम लागत में अधिक लोक कल्याण की योजनाओं की जरूरत भारत जैसे तीसरी दुनिया के देशों में अधिक है। इसका मूल कारण यहां आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया है। अगर इस तर्क को असंगत ठहराना है, तो यह बात पुख्ता तौर पर सिद्ध करनी होगी कि भारत की आधारभूत संरचना और समावेशी विकास सर्वोदय की स्थिति को प्राप्त कर चुके हैं। हालांकि नव-लोकप्रबंधन कोई प्रशासनिक सिद्धांत नहीं है और न ही कोई आंदोलन, बल्कि यह दोनों का मिश्रण है, जहां हर हाल में बेहतरी की खोज बनी रहती है, जो निजी हित के साथ-साथ पूरे समाज के लिए बेहतर की गुंजाइश पैदा करती है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में लोकप्रबंधन के नये आयामों में लोक कल्याणकारी व्यय को घटाया गया है। मसलन, रसोई गैस आदि से सबसिडी समाप्त करना, लोक उद्यमों का विनिवेश, निजीकरण और उनसे समझौता करना, विकेंद्रीकरण और निजी निकायों द्वारा ठेका प्रथा से कार्य करवाना आदि। हालांकि ई-गवर्नेंस लागू करने वाली गतिविधियों को बढ़ावा नव-लोकप्रबंध और सुशासन के चलते ही मिला है। जैसे ई-बैंकिंग, ई-टिकटिंग, ई-सुविधा, ई-अदालत, ई-शिक्षा समेत विभिन्न आयामों में इलेक्ट्रानिक पद्धति के समावेशन आदि के चलते सुशासन में निहित पारदर्शिता और खुलेपन को मजबूती मिली है। इतना ही नहीं, सरकारी संगठनों का निगमीकरण, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप जैसे उपायों पर आगे बढ़ाना नव-लोकप्रबंधन के नवीन आयाम हैं। वर्ष 1997 का नागरिक अधिकारपत्र, 2005 का सूचना का अधिकार कानून, 2006 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस आंदोलन, प्रशासनिक सुधार के लिए आयोगों का गठन, समावेशी और टिकाऊ विकास पर अमल, स्मार्ट सिटी और स्मार्ट विलेज आदि का विकास भारत में लोकप्रबंध के नये आयाम को ही दर्शाते हैं। दरअसल, प्रशासनिक सुधार और सामाजिक परिवर्तन एक-दूसरे से तार्किक रूप से जुड़े होते हैं। प्रशासनिक सुधार राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम होता है। सरकार परिवर्तन और सुधार की दृष्टि से जितना अधिक जनोन्मुख होगी, सुशासन उतना अधिक प्रभावी होगा। हालांकि सरकारें कुशलता के साथ अर्थव्यवस्था पर तो जोर देती हैं, पर आम जनमानस में इसका प्रभाव समावेशी अनुपात में नहीं पड़ पाता, जिसके चलते पूंजीवाद का विकास होता है। हालांकि पूंजीवाद के विकास के अनेक दूसरे कारण भी हो सकते हैं। गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था की कई परतें होती हैं। पहली परत में बाजार मुख्य संस्था होती है, वहीं दूसरी परत प्रतियोगिता के लिए जानी जाती है। एडम स्मिथ ने अपनी पुस्तक 'द वेल्थ आफ नेशन', जो अठारहवीं सदी के उत्तरार्द्ध की है, में भी पहली परत को महत्त्वपूर्ण माना है। भारत गांवों का देश है, मगर अब बढ़ते शहरों के चलते इसकी पहचान सिर्फ गांवों तक नहीं सिमटी है। भारत खेत-खलिहानों के साथ-साथ कल-कारखानों से युक्त हो चला है। बीते पचहत्तर वर्षों में विकास परत-दर-परत अनवरत हुआ है। स्वतंत्रता के बाद संविधान लागू होने के साथ-साथ विकास का प्रशासन और प्रशासनिक विकास समेत सामुदायिक और सामाजिक विकास की अवधारणा को भी बल मिला था। मगर सशक्त समावेशी ढ़ांचे का निर्माण करने में अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। आज भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, सड़क, सुरक्षा आदि से जुड़ी समस्याएं समाधान की मांग करती हैं। 1991 के उदारीकरण और बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारत में बदलाव की एक नई बयार चली। 1992 में समावेशी विकास और सुशासन की धारणा भी मूर्त रूप में उभरी, फिर भी बुनियादी विकास, मानव विकास सूचकांक और सुविधाजनक जीवन के मामले में आम जनमानस की जद्दोजहद कम नहीं हो रही है।

■ **सुशील कुमार सिंह**

वह चल बसी...

शहर में मेट्रो होने भर से शहर मेट्रो नहीं बनता। यह वही बात हुई कि एक फाइव स्टार होटल के सामने गरीब भूख से दम तोड़ देता है और हम उस होटल की स्पेशल रेसिपी के बारे में देश के नामी गिरामी समाचार पत्रों में लपलपाती जीभ से चटकारे लेते हुए उसकी खूबी पढ़ते हैं। यदि इस तरह जान लेने का नाम शहर है, तो ऐसे शहरों की हमारे यहाँ कोई कमी नहीं है। मैं उस दिन हर दिन की तरह जेएनटीयू मेट्रो स्टेशन के पास खड़ा अपने मित्र की प्रतीक्षा कर रहा था। तभी एकाएक सामने से झगड़ने की आवाज आयी। एक चालीस-पैंतालीस साल का अधेड़ फटी कमीज, घुटनों तक लिपटी मटमैली धोती उसमें भी जहाँ-तहाँ दया करुणा पैदा करने वाले बड़े-बड़े छेद थे, एक पतली सी लाठी थामे मेट्रो स्टेशन के द्वार के सामने भीख माँग रहा था। वह जोर-जोर से एक डरी-सहमी बूढ़ी औरत पर चिल्ला रहा था। बुढ़िया की कमर उम्र के चलते समकोण में झुकी हुई थी। उसके पास भी एक छोटी सी लकड़ी थी जिससे टेका लिए वह खड़ी थी। उस अधेड़ ने कहा - तू इधर क्यों आयी है? जानती नहीं यह मेरा अड्डा है। मैं हर दिन यहीं भीख माँगता हूँ। भलाई इसी में है कि चुपचाप तू यहाँ से चली जा। बुढ़िया टस से मस नहीं हुई। कहने लगी - क्या यह स्टेशन तेरे बाप-दादा का है जो तू ही भीख माँगेगा। मैं यहाँ से नहीं जाऊँगी। इतना सुनना भर था कि अधेड़ ने अपनी लाठी से बुढ़िया को ढ़केल दिया। अच्छा हुआ कि वह दीवार से सटी थी और उसके हाथ में भी छोटी सी लकड़ी थी। जैसे तैसे खुद को संभाला। कहने लगी - खबरदार जो धक्का दिया तो। तू क्या समझता है कि मुझे तेरे बारे में नहीं पता। तू वहीं इंदिरम्मा कॉलोनी में रहता है न जहाँ तेरा दुमंजिला मकान है। दो-दो बेटे हैं। भीख में मिले पैसों को सूद पर चढ़ा रखा है। मैं सब जानती हूँ। अधेड़ गुस्से के मारे लाल-पीला होने लगा - तो क्या हुआ? तेरे बाप का थोड़े न खाता हूँ। यहाँ चिल्ला-चिल्ला के लोगों को क्या बताना चाहती है? यह मेट्रो स्टेशन है। मुसाफिर आते और जाते रहते हैं। उन्हें खुद के लिए फुर्सत नहीं होती। वे खाक तेरी बात सुनेंगे। मैं तेरी बातों से डरने वाला नहीं हूँ। भाग यहाँ से वरना इस बार मारूँगा तो मर जायेगी। इसी बीच वहाँ से गुजर रहे एक मुसाफिर ने बुढ़िया के हाथ में पाँच रुपए का सिक्का धर दिया। यह देख अधेड़ गुस्से के मारे बुढ़िया पर झपटा और वह सिक्का छीनने की कोशिश करने लगा - ला इधर दे, नहीं तो अच्छा नहीं होगा। मेरे अड्डे पर खड़े होकर मेरे ही पेट पर लात मारती है। तुझे शर्म नहीं आती। बुढ़िया सिक्के को मुट्ठी में मजबूती से भींचती हुई कहने लगी - शर्म तो तुझे आनी चाहिए। तू चाहे तो मेहनत कर के खुद कमा सकता है। जानबूझकर फटी-पुरानी कमीज और धोती पहने लोगों की दया के नाम पर पैसे ऐंठना चाहता है। मेरा इस दुनिया में कोई नहीं है। पेट पालने के लिए मैं भीख माँगने के सिवाय कुछ कर भी नहीं सकती। एक लाचार के साथ इस तरह बर्ताव करना कहाँ तक सही है? आगे का हाल मैं जान पाता तभी मेरा मित्र वहाँ आ गया। मैं वहाँ से चला गया। अगले दिन समाचार पत्र में पढ़ने को मिला कि जेएनटीयू मेट्रो के पास पिछली रात एक बुढ़िया ठिठुरती सर्दी के कारण इस दुनिया से चल बसी।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
मो. नं. 73 8657 8657

खाद्य उत्पादों की बबार्दी

कभी कभी आवश्यकता से अधिक पैदावार होने से भी किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। आवश्यकता से अधिक पैदावार हो जाने से इन पदार्थों की कीमतें बाजार में बहुत कम हो जाती हैं जैसे, आलू, टमाटर, प्याज आदि फसलों के बारे में अक्सर देखा गया है। इस पृथ्वी पर रहने वाले मानवों की भलाई के लिए खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुकसान को रोका जाना आज की बड़ी आवश्यकता बन गया है। पूरे विश्व में ही आज खाद्य पदार्थों की बबार्दी बड़े स्तर पर हो रही है। इससे नागरिकों की खाद्य सुरक्षा पर भी एक गम्भीर प्रश्न चिह्न लग गया है। यूनाइटेड नेशन्स के पर्यावरण कार्यक्रम के एक अनुमान के अनुसार पूरे विश्व में 14 प्रतिशत खाद्य पदार्थों का नुकसान खाद्य पदार्थों को उत्पत्ति स्थल से खुदरा बिक्री स्थल तक पहुंचाने में हो जाता है। इसके अलावा, अन्य 17 प्रतिशत खाद्य पदार्थों का नुकसान इन्हें खुदरा बिक्री स्थल से उपभोक्ता के स्थल तक पहुंचाने में हो जाता है। खाद्य पदार्थों के इतने बड़े नुकसान का वातावरण में उत्सर्जित हो रही कुल गैसों में 8 से 10 प्रतिशत तक का योगदान रहता है। आज खाद्य पदार्थों में इस भारी मात्रा में हो रहे नुकसान का असर पूरे विश्व में रह रहे मानवों को खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने पर बहुत विपरीत रूप से पड़ रहा है एवं खाद्य पदार्थों की उपलब्धता में लगातार हो रही कमी के चलते ही विश्व के सभी देशों में मुद्रास्फीति की समस्या भी खड़ी हो गई है। खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुकसान की समस्या दिनों दिन बहुत गम्भीर होती जा रही है। यह केवल खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुकसान से जुड़ा हुआ विषय नहीं है बल्कि इन पदार्थों के उत्पादन पर खर्च किये जाने वाले समय, पानी, खाद, श्रम, एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने हेतु लागत एवं अन्य स्त्रोतों के अपव्यय का गम्भीर विषय भी शामिल है। विभिन्न खाद्य पदार्थों के होने वाले अपव्यय एवं नुकसान में एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने ले जाने में खर्च होने वाले डीजल, पेट्रोल का भी न केवल अपव्यय होता है बल्कि वातावरण में एमिशन गैस को फैलाने में भी इसकी बहुत बड़ी भूमिका रहती है। खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने वाली आपूर्ति चैन एवं इन खाद्य पदार्थों के कुल जीवन चक्र पर भी विपरीत असर पड़ता है। कुल मिलाकर खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुकसान से सभी देशों पर ही हर प्रकार से बहुत विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वर्ष 2014 में किये गये एक अध्ययन प्रतिवेदन के अनुसार खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुकसान से देश को भारी आर्थिक हानि भी होती है। इस प्रतिवेदन के अनुसार भारत को वर्ष 2014 में इस मद पर 92,156 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ था। न केवल खाद्य सामग्री के उत्पादन तक बल्कि खाद्य सामग्री के उत्पादन के बाद भी भारी नुकसान होते हुए देखा गया है। भारत में इस नुकसान का आकलन वर्ष 1968 से किया जा रहा है एवं इस नुकसान को नियंत्रित करने के प्रयास भी निरंतर किये जा रहे हैं परंतु उचित परिणाम अभी तक दिखाई नहीं दे रहे हैं। विशेष रूप से उत्पादन के बाद के नुकसान को समाप्त करने के लिए आज सम्पूर्ण सप्लाई चैन को ही ठीक करने की जरूरत है। उचित स्तर पर अधोसंरचना के विकसित न होने के चलते भी अक्सर सब्जियों एवं फलों का अधिक नुकसान होते देखा गया है। 140 करोड़ नागरिकों की जनसंख्या वाले भारत जैसे एक विकासशील देश के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि के खाद्य पदार्थों का नुकसान, बहुत भारी नुक्सान है, जो देश की आर्थिक प्रगति को भी सीधे-सीधे ही प्रभावित कर रहा है। एक अनुमान के अनुसार यदि खाद्य पदार्थों के इस नुकसान को रोक दिया जाये तो देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी उछाल लाया जा सकता है एवं इससे अंततः नागरिकों की आय में वृद्धि हो सकती है। खाद्य पदार्थों का अपव्यय एवं नुकसान विभिन्न स्तरों पर होता है। सबसे पहले तो किसान द्वारा विभिन्न प्रकार की फसलों की बुआई के समय से ही खाद्य पदार्थों का अपव्यय एवं नुकसान प्रारम्भ हो जाता है। फिर फसल के पकने के बाद फसल की कटाई करने से लेकर फसल के उत्पाद को मंडी में पहुंचाने तक भी खाद्य पदार्थों का अपव्यय एवं नुकसान होता है। मंडी से खुदरा व्यापारी तक उत्पाद को पहुंचाने पर भी नुकसान होता है। इसके बाद खुदरा व्यापारी से खाद्य पदार्थों को उपभोक्ता तक पहुंचाने में भी नुकसान होता है। हालांकि इस पूरी चैन में कोई भी व्यक्ति खाद्य पदार्थों में नुक्सान होने देना नहीं चाहता है परंतु फिर भी इसे रोक पाने में असमर्थता-सी महसूस की जा रही है।

■ **प्रह्लाद सबनानी**

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

तब प्रसन्न हुई देवेश्वरी जगदम्बाने कहा- तुम्हें विमल ज्ञान प्राप्त होगा, परंतु अभी तुम्हारा प्रारब्ध शेष है। समस्त प्राणियोंके नेत्रोंमें तुम्हारा निवास भी होगा। तुम्हारे कारण ही प्राणियोंके नेत्रोंमें पलक गिरानेकी शक्ति होगी। तुम्हारे निवासके कारण ही मनुष्य, पशु तथा पक्षी 'निमिष' (पलक गिरानेवाले) तथा देवता 'अनिमिष' (पलक न गिरानेवाले) होंगे ॥ 17-21 ॥

इस प्रकार उन राजाको वर देकर और सब मुनियोंको बुलाकर वे श्रीवरदायिनी भगवती वहीं अन्तर्धान हो गयीं ॥ 22 ॥

देवीके अन्तर्धान हो जानेपर वहाँ उपस्थित मुनिगण विधिवत् विचार करके निमिके शरीरको ले आये और पुत्रप्राप्तिके लिये उसपर अरणिकाष्ट रखकर वे महात्मा मन्त्र पढ़कर मन्त्रहोमके द्वारा निमिके देहका मन्थन करने लगे ॥ 23-24 ॥

तब अरणिके मन्थनसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ, जो समस्त लक्षणोंसे सम्पन्न और साक्षात् दूसरे निमिकी भाँति था। अरणिके मन्थनसे इसका जन्म हुआ था, अतः यह 'मिथि '- ऐसा कहा गया और जनकसे जन्म होनेके कारण 'जनक' यह नामवाला हुआ। राजा निमि विदेह हुए, अतः उनके कुलमें उत्पन्न सभी राजा 'विदेह' ऐसा कहे गये ॥ 25-27 ॥

इस प्रकार निमिके पुत्र राजा जनक प्रसिद्ध हुए उन्होंने गंगा के तटपर एक सुन्दर नगरीका निर्माण कराया, जो मिथिला नामसे विख्यात है। यह गोपुरों, अट्टालिकाओं तथा धन-धान्यसे सम्पन्न और बाजारोंसे सुशोभित है ॥ 28-29 ॥

इस वंशमें जो अन्य राजा हुए, वे सभी जनक कहे गये; वे सभी विख्यात ज्ञानी और विदेह कहे जाते थे ॥ 30 ॥

हे राजन! इस प्रकार निमिकी उत्तम कथाका मैंने आपसे वर्णन किया, शापके कारण उनके विदेह होनेको भी मैंने विस्तारसे कह दिया ॥ 31 ॥

राजा बोले-हे भगवन! आपने निमिके शापका कारण बताया, इसे सुनकर मेरा मन संशयग्रस्त और अत्यन्त चंचल हो गया है ॥ 32 ॥

वसिष्ठजी श्रेष्ठ ब्राह्मण थे, राजाके पुरोहित थे और वे कमलयोनि ब्रह्माजी के पुत्र थे, तब राजा निमिने उन मुनिको कैसे शाप दिया ? निमिने उन्हें गुरु और ब्राह्मण जानकर क्षमा क्यों नहीं किया। यह जैसा शुभ कार्य करनेपर भी उन्हें क्रोध कैसे आ गया? धर्मका रहस्य जान करके भी इक्ष्वाकुवंशमें उत्पन्न राजाने क्रोधके वशीभूत होकर अपने ब्राह्मण गुरुको शाप क्यों दिया ? ॥ 33-35 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

गांव-गांव शौचालय

पूरे झारखंड में गांव-गांव में शौचालय का निर्माण हो रहा है। यह एक काफी अच्छी योजना है, जिससे हमारे गांवों को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन, हमारे कई गांवों में गरमी के मौसम में पीने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं हो पाता है, ऐसे में शौचालय में उपयोग के लिए आम ग्रामीण पानी कहां से लायेंगे यह सोचने वाली बात है। हमें शौचालय के साथ-साथ पानी की भी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे कि लोग गरमी के मौसम में भी वहां पर पर्याप्त पानी का उपयोग शौच करने के बाद भी कर सकें। झारखंड के मुख्यमंत्री की यह घोषणा की ओडीएफ गांवों में होगी पेयजलापूर्ति की व्यवस्था एक सराहनीय कदम है। पानी की व्यवस्था से लोगों को भी राहत मिलेगी। साथ ही हाल में रेलवे लाईन पर शौच करते समय तीन महिलाओं की मौत से लगने लगा है कि अभी भी कई गांवों में शौचालय की व्यवस्था पूरी तरह नहीं हो पायी है। वहीं उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को अब जलावन के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। पहले हमें सड़क व जंगलों में ग्रामीण महिलाओं को जलावन व गोईठा के लिए भटकते देखा जाता था। इसमें अब निःसंदेह कमी आयी है। सरकार की यह योजना सचमुच सराहनीय है। साथ ही राशन की दुकानों में एक किलो अनाज मिलने से स्थिति में सुधार भी दिखाई दे रहा है। अगर सही लाभुकों तक योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है तो, इसका व्यक्तिगत भ्रष्टाचार ज्यादा है। इसे रोकने के लिए सही कदम उठाने की आवश्यकता है।

■ **विवेक कुमार , मेदिनीनगर।**

अपने ही बुने जाल में फंस गई ब्रिटेन की पीएम

ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में लिज ट्रस की पारी की खराब शुरूआत हुई है। इसे ब्रिटेन के लोग भी मानेंगे। यह शुरूआत आर्थिक व राजनीतिक ही नहीं, कूटनीतिक स्तर पर भी खराब रही है। लिज ट्रस के प्रधानमंत्री पद संभालने के दो महीने के अंदर उनके वित्त मंत्री को कुर्सी खाली करनी पड़ी। यह कुर्सी फिर उस शख्स को मिली, जिनका आर्थिक दर्शन एकदम अलग माना जाता रहा है। पिछले हफ्ते क्वासी क्वार्टेंग की जगह लेने वाले जेरेमी हंट हालांकि यह बात दोहराते रहे हैं कि लिज ट्रस के नेतृत्व में ही सारे फैसले लिए जा रहे हैं, फिर भी उन्होंने टैक्स को लेकर प्रधानमंत्री के वादे को पलट दिया है। **नई पीएम की मुसीबतें :** इसके बाद सत्ता के गलियारों में पूछा जा रहा है कि लिज ट्रस और कितने दिन अपने पद पर रहने वाली हैं। उनके सामने मुसीबतें भी कम नहीं हैं: बैंक ऑफ इंग्लैंड ने आगाह किया है कि ब्याज दरों में अपेक्षा से अधिक बढ़ोतरी करने की जरूरत पड़ सकती है क्योंकि महंगाई पिछले 40 वर्षों में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ रही है अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी लिज ट्रस की मूल आर्थिक नीतियों को गलती करार देते हुए कहा कि सरकार के मिनी बजट के बाद जो खलबली मची, वह मचनी ही थी। यहां तक कि ब्रिटिश सुपर मार्केट चेन टेस्को के प्रमुख ने भी कहा कि कंजर्वेटिव्स के पास विकास की कोई योजना ही नहीं है। प्रधानमंत्री बनने की रेस में ऋषि सुनक को हराकर ट्रस ने जो रुतबा हासिल किया था, वह इन वजहों से देखते-देखते गायब हो गया। सुनक ने तब आर्थिक मामलों में ट्रस के उतावलेपन को लेकर आगाह किया था, लेकिन टैक्स कटौती पर उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता से प्रभावित कंजर्वेटिव पार्टी के आम कार्यकर्ता उनके समर्थन में आ गये-सत्तासीन होने के बाद ट्रस ने इन विचारों को अमल में लाने की कोशिश शुरू की और नतीजा सबके सामने है। नये वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने माना कि पिछले फाइनैंस मिनिस्टर का 'मिनी बजट' 'बहुत तेजी से, बहुत आगे तक' चला गया। ट्रस को बचाने के लिए क्वार्टेंग को बलि का बकरा बनना ही था, लेकिन उनके जाने के बाद भी कंजर्वेटिव पार्टी में जिस तरह की निराशा दिख रही है, उससे साफ है कि ब्रिटेन इस वक्त शासन के मोर्चे पर किस तरह की गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहा है। **साख पर सवाल :** ब्रिटेन हमेशा से गंभीर नीतियों वाला देश रहा है। सबसे बुरे दौर में भी ब्रिटिश नीति-निर्माताओं ने धैर्य और दृढ़ता के साथ संकट का सामना किया और नतीजे हासिल किये। इसी की बदौलत यह वैश्विक राजनीतिक में अपने कद से ज्यादा हैसियत हासिल कर पाया। लेकिन आज यह सवाल पूछा जा रहा है कि नीतियां सावधानी से हर पहलू पर सोच-विचार कर बनाने के बजाय पूरी तरह से विचारधारा के आधार पर बनाई जा रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से ब्रिटेन एक के बाद मुसीबत में फंसता गया। ब्रेग्जिट उसके लिए जबर्दस्त झटका था और यूरोपियन यूनियन से बाहर आने की वजह से हुए नुकसान से ब्रिटेन अभी तक उबर नहीं पाया है। इसे लेकर राजनीतिक दलीलें जो भी हों, आर्थिक तर्क बेहद कमजोर दिखते हैं। लगता यही है कि ब्रिटिश नीति-निर्माता अभी तक इस बड़े बदलाव को पचा नहीं पाये हैं। प्रचंड बहुमत के साथ कार्यकाल शुरू करने वाले बोरिस जॉनसन को तमाम आरोपों के बीच प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा और पार्टी उनका कोई उपयुक्त उत्तराधिकारी नहीं खोज पाई। इस बीच कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी आक्रामक तेवर दिखाते हुए शासन करने वाली पार्टी के रूप में उभरी है। इसने टोरियों की अक्षमता से उपजी अव्यवस्था का फायदा उठाया और ऐसा लगता है कि दिसंबर 2024 में होने वाले चुनावों में लेबर पार्टी जीत सकती है। हाल में खराब गवर्नेंस के चलते ब्रिटेन की वैश्विक छवि को काफी नुकसान हुआ है। पोस्ट ब्रेग्जिट फॉरेन पॉलिसी की तमाम चर्चाओं के बावजूद तथ्य यह है कि ब्रिटेन अपने में ही मगन है। जब तक वह घरेलू आर्थिक समस्याओं पर काबू नहीं पाता और लिज ट्रस की सरकार टिकाऊ नहीं होती हिंद-प्रशांत की ओर ब्रिटेन के 'झुकाव' को भी शायद ही कोई गंभीरता से लेगा। भारत जैसे देश के लिए, जिसने हिंद-प्रशांत को लेकर ब्रिटेन के प्रो-एक्टिव रुख का स्वागत किया था, उसके साथ भी ट्रस सरकार संबंधों की बेहतरी के मामले में सुस्त पड़ी है।

■ **हर्ष वी पंत**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर : 07759972937,** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नम्बर** : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

दूध में मिलाकर पीयें सिर्फ ये दो चीजें, होंगे कई स्वास्थ्य लाभ

स्वस्थ शरीर के लिए दूध कितना आवश्यक है यह तो सभी जानते हैं। दूध में पाया जाने वाला कैल्शियम हड्डियों को मजबूत रखने में सहायता करता है। लेकिन यदि आप खाली दूध पीना पंसद नहीं करते तो उसमें सौंफ, मिश्री मिलाकर पी सकते हैं। सौंफ और मिश्री दोनों ही स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। सौंफ में विटामिन-सी, विटामिन-ई, कैल्शियम, जिंक, पौटेशियम, आयरन और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। वहीं दूध में भी कैल्शियम और प्रोटीन दोनों काफी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। सौंफ, मिश्री वाला दूध पीने से आपको कई स्वास्थ्य लाभ मिलेंगे।

पेट संबंधी समस्याओं से मिलेगा छुटकारा : दूध में सौंफ और मिश्री मिलाकर पीने से आपको पेट संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। सौंफ में एस्ट्रैगल और एनेथोल जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह पोषक तत्व गैस और अपच से भी राहत दिलवाने में सहायता करते हैं। सौंफ एसिडिटी और सूजन भी कम करने में बहुत ही फायदेमंद होती है। इस दूध का सेवन करने से आपका पेट भी एकदम स्वस्थ रहता है।

वजन करे कम : वजन कम करने के लिए भी आप दूध में सौंफ और मिश्री मिलाकर पी सकते हैं। इस दूध का सेवन करने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहेगा। सौंफ में फाइबर की मात्रा बहुत अच्छी पाई जाती है। फाइबर युक्त आहार का सेवन करने से आपकी भूख कंट्रोल हो सकती है और आपका वजन कम करने में भी सहायता मिलती है। यह दूध आपके शरीर में से एक्स्ट्रा फैट और कैलोरी को भी बर्न करने में सहायता करता है।

तनाव करे कम : बदलते लाइफस्टाइल के कारण कई लोग तनाव जैसी समस्या का भी सामना कर रहे हैं। तनाव से राहत पाने के लिए आप इस दूध का सेवन कर सकते हैं। यह आपका तनाव भी दूर करने में सहायता करता है। दूध में मिश्री और सौंफ मिलाकर पीने से आपका स्ट्रेस दूर होता है।

बढ़ाये आंखों की रोशनी : सौंफ में विटामिन-ए की मात्रा भी बहुत अच्छी पाई जाती है। विटामिन-ए आपकी आंखों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। इस दूध को पीने से आपकी आंखें भी स्वस्थ रहेगी। इसके अलावा आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी दूध बहुत ही फायदेमंद होता है। दूध में सौंफ और मिश्री मिलाकर पीने से आपकी आंखें स्वस्थ रहेगी।

स्किन बनाएं हेल्दी : दूध में सौंफ मिलाकर पीने से आपकी त्वचा भी स्वस्थ रहेगी। सौंफ में पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल गुण त्वचा के मुहांसे ठीक करने में मदद करते हैं। इस दूध को पीने से पेट में जमा गंदगी भी आसानी से निकल जाती है। शरीर में से टॉक्सिन्स साफ होते हैं और त्वचा में ग्लो आता है। यह दूध पीने से त्वचा साफ और क्लीयर रहेगी।

बढ़ाए हीमोग्लोबिन का स्तर: यह दूध आपके शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को भी बढ़ाने में भी मदद करता है। सौंफ और मिश्री वाला दूध पीने से शरीर में खून की पूर्ति भी होगी। एनीमिया की समस्या से भी बचाने में भी यह राहत मिलती है।

ऐसे पीएं सौंफ और मिश्री वाला दूध : दूध में सौंफ और मिश्री मिलाकर पीने के लिए एक गिलास में दूध डालें। दूध में सौंफ डालकर अच्छे से उबाल लें। इस दूध को अच्छे से छान लें। दूध में मिश्री का टुकड़ा डालें। इससे दूध और भी स्वादिष्ट और पौष्टिक बनता है।

धनतेरस पर इन उपायों को करने से प्रसन्न होंगी मां लक्ष्मी, घर आएगी सुख व समृद्धि

धनतेरस के दिन खरीददारी के अलावा चीनी, बताशा, खीर, चावल, सफेद कपड़ा आदि चीजों का दान करना उत्तम फलदायी माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इन वस्तुओं को दान करने से धन की कमी नहीं होती है और जमा पूंजी बढ़ती जाती है। दीपावली में पांच पर्वों की परंपरा है जिसकी शुरूआत धनतेरस से होती है। धनतेरस के दिन खरीदारी को शुभ माना जाता है जो सबके लिए सौभाग्यवर्धक होता है। इस दिन लोग अपनी-अपनी प्रिय चीजों की खरीदारी करते हैं। धनतेरस के दिन सोने और चांदी के बने आभूषण और सिक्के खरीदने की सदियों पुरानी सनातन परंपरा है जो चली आ रही है। धनतेरस को धनवंतरी जयंती तथा धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस से दीपों के पर्व दीवाली की शुरूआत मानी जाती है, इस दिन खरीददारी का खास महत्व है। धनतेरस के दिन घर में लायी गयी चीजों से घर में सुख-समृद्धि होती है।

पंचदेवों को पूजने की है परम्परा : धनतेरस के दिन न केवल भगवान धनवंतरि की बल्कि उनके साथ देवी मां लक्ष्मी, कुबेर, यम और भगवान गणेशजी की पूजा भी की जाती है। इनकी पूजा से मां लक्ष्मी अति प्रसन्न होती है और भक्त के घर में वास करती है।

धनतेरस से गोत्रिरात्र व्रत की होती है शुरूआत : धनतेरस से ही तीन दिन तक चलने वाला गोत्रिरात्र व्रत भी शुरू होता है। धनतेरस के दिन खरीददारी का अति विशिष्ट महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन खरीदी गई चीज दिनों-दिन वृद्धि करती हैं। इसलिए लोग सोना, चांदी, कपड़े, बर्तन आदि चीजों की खरीददारी भी करते हैं।

धनिया खरीदना होता है शुभ : वैसे तो धनतेरस के दिन सोना खरीदने की परम्परा है। परन्तु यह संभव हो तो पीतल का बर्तन, पीली कौड़ियां और धनिया खरीद सकते हैं। कहा जाता है कि इस दिन धनिया खरीदना बहुत ही शुभ होता है।

दीपदान करना, होगा लाभदायी : कहा जाता है कि धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त जिस घर में दीपदान किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु नहीं होती है। इसलिए धनतेरस के दिन दीपदान अवश्य करें।

धनतेरस के दिन दान का है खास महत्व : धनतेरस के दिन खरीददारी के अलावा चीनी, बताशा, खीर, चावल, सफेद कपड़ा आदि चीजों का दान करना उत्तम फलदायी माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इन वस्तुओं को दान करने से धन की कमी नहीं होती है और जमा पूंजी बढ़ती जाती है। साथ ही धन अर्जित करने में आ रही बाधाएं भी दूर होती हैं।

बहीखातों को करें नया : धनतेरस के दिन बहीखाते और लेखा-जोखा की पूजा करना शुभ माना जाता है। इस दिन से संकल्प के साथ नए कार्यों की शुरूआत करनी चाहिए जिसमें सफलता प्राप्त हो।

धनतेरस की शाम दीया जलाना, होगा लाभकारी : धनतेरस की शाम को घर में एक दीया जलाएं और उसके पास में एक कौड़ी को रख दें इसके बाद कौड़ी को अपने पैसे रखने वाली जगह पर लाल कपड़े में लपेटकर रख दें। इस उपाय से घर पर पैसों की कभी कमी नहीं रहेगी।

चांदी के सिक्के और हल्दी की गांठ की करें पूजा

धनतेरस पर चांदी के सिक्के और हल्दी की गांठ की पूजा करने से जीवन में सफलता मिलती है। इस उपाय को करने से राह में आ रहीं आर्थिक बाधाएं भी दूर हो जाती हैं।

धनतेरस के दिन किन्नरों का लें आशीर्वाद : धनतेरस के दिन को शुभ बनाने के लिए आप किसी किन्नर के हाथों से पैसे लेकर अपने पर्स में रख लें। इससे आपको जिंदगी में बहुत सफलता मिलेगी। कहा जाता है कि इस दिन यह उपाय करने से आपके पास जीवन में कभी धन की कभी नहीं होगी।

श्रीयंत्र की पूजा करना होगा फलदायी : धनतेरस और दिवाली पर श्रीयंत्र की पूजा करने से जीवन में कभी भी पैसों की तंगी नहीं रहती है। श्रीयंत्र की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि और वैभव का आगमन होता है और मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

❖ प्रज्ञा पाण्डेय

घर बैठे करें डायबिटीज कंट्रोल असरदार है ये इलाज

डायबिटीज में सबसे ज्यादा जरूरी है, शुगर लेवल का संतुलन बनाए रखना। शुगर कंट्रोल करने के लिए जरूरी है कि आप मॉर्निंग वॉक करें, अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें, और परहेज करें। साथ ही, कई ऐसे घरेलू उपाय हैं जिनसे आप डायबिटीज को कुछ हद तक कंट्रोल कर सकते हैं। आज के दौर में डायबिटीज बेहद आम बीमारी हो गई है, चाहे बच्चा हो या बूढ़ा, कोई भी चूका नहीं है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की राय में जो व्यक्ति डायबिटीज से पीड़ित होते हैं, उनमें हार्ट अटैक का खतरा आम व्यक्ति से कई गुना ज्यादा बढ़ जाता है। भारत में भी इसके काफी ज्यादा मरीज हैं। और इसका सबसे अहम कारण है- हमारा अस्त-व्यस्त लाइफस्टाइल और गलत खानपान। लेकिन लाइफस्टाइल और भोजन की आदतों में सुधार करके हम इस बीमारी से बच सकते हैं।

डायबिटीज में सबसे ज्यादा जरूरी है, शुगर लेवल का संतुलन बनाए रखना। शुगर कंट्रोल करने के लिए जरूरी है कि आप मॉर्निंग वॉक करें, अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें, और परहेज करें। साथ ही, कई ऐसे घरेलू उपाय हैं जिनसे आप डायबिटीज को कुछ हद तक कंट्रोल कर सकते हैं।

तुलसी की पत्तियां

हेल्थ एक्सपर्ट के बताया है कि तुलसी की पत्तियों के अनेक लाभ हैं, यह तो सभी जानते ही हैं। लेकिन क्या आपको मालूम है कि तुलसी आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल कर सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस की पत्तियों में एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। यह हमारी शरीर के बीटा सेल्स को इंसुलिन के प्रति सक्रिय बनाती हैं। अगर आपको इसका सेवन करना है तो आप तुलसी की पत्तियों का रस निकाल कर या फिर केवल पत्ते चबा सकते हैं।

करेले का करें सेवन

टाइप-2 डायबिटीज मरीजों के लिए करेला को काफी फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि इसमें कैरेटिन नाम का तत्व होता है, जिसका इस्तेमाल प्राकृतिक स्टेरॉयड के रूप में होता है। इससे खून में शुगर का स्तर बढ़ नहीं पाता। साथ ही डायबिटीज के मरीज का शुगर लेवल भी कंट्रोल रखता है।

जामुन भी है फायदेमंद

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए जामुन एक रामबाण इलाज है। उसका बीज, रस व पत्तियां, सभी लाभकारी होती हैं। शुगर पेशेंट, जामुन के सूखे बीजों को पाउडर बना कर एक चम्मच दिन में दो बार पानी या दूध के साथ लें। या फिर आप बाजार से जामुन के बीज का पाउडर भी खरीद कर सेवन कर सकते हैं। इससे आप अपने डायबिटीज को कंट्रोल में रख सकते हैं।

दालचीनी का पाउडर लें

दालचीनी कई सारे अचूक फायदों के लिए जाने वाला मसाला है, जो कि घर में आसानी से मिल जाता है। इसका सेवन करने से कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। यह ब्लड में शुगर के लेवल को कम करने और नियंत्रित करने में मददगार है। साथ ही, इसके नियमित सेवन से मोटापा भी कम होता है। दालचीनी के पाउडर को आप गुनगुने पानी में सेवन कर सकते हैं।

मेथी खाएं

डायबिटीज के मरीजों के लिए मेथी बहुत फायदेमंद माना गया है। यदि आप रोजाना कम से कम 50 ग्राम मेथी का सेवन करेंगे तो आपका ग्लूकोज लेवल जरूर नीचे चला जाएगा। साथ ही, आपको डायबिटीज की समस्या से राहत भी मिलेगी।

आंवला-करेले का मिक्स जूस पिएं

आंवले को तो रोगनाशक फल माना जाता है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदा करता है। यदि आप भी अपना शुगर लेवल कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो एक चम्मच आंवले के रस में करेले का रस मिलाएं और उसे हर दिन पिएं। यह डायबिटीज के लिए सबसे अच्छी दवाई मानी जाती है।

हर दिन पीएं ग्रीन टी

हर रोज सुबह और शाम ग्रीन टी पीने से डायबिटीज में फायदा होगा। क्योंकि ग्रीन टी में उच्च मात्रा में पॉलीफिनॉल पाया जाता है जो कि एक एंटी-ऑक्सीडेंट है। साथ ही, यह ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मददगार है।

❖ शैव्या शुक्ला

मस्तिष्क में मिर्गी : क्षेत्र के सटीक निर्धारण के लिए नया उपकरण

मिर्गी के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क क्षेत्र, जिसे एपिलेप्टोजेनिक जोन के नाम से जाना जाता है, की पहचान के लिए भारतीय शोधकर्ताओं के एक ताजा अध्ययन में एक नये डायनोस्टिक उपकरण की पेशकश की गई है। मिर्गी को दुनिया में चौथे सबसे आम तंत्रिका विकार के रूप में चिन्हित किया जाता है, जो विश्व में हर वर्ष लाखों लोगों को प्रभावित करता है। इसमें शरीर पर आंशिक अथवा संपूर्ण रूप से पड़ने वाले अनैच्छिक प्रभाव देखने को मिलते हैं, जिन्हें आमतौर पर दौरे के रूप में जाना जाता है। इस प्रकार के दौरों का कारण शरीर में अत्यधिक एवं असंतुलित विद्युतीय प्रवाह को माना जाता है, जिससे चेतना लुप्त हो जाती है, और ऐसी स्थिति बन जाती है कि प्रभावित व्यक्ति का अपनी आंतों (bowel) या मूत्राशय (blodder) के कार्य पर नियंत्रण नहीं रहता है।

मिर्गी के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क क्षेत्र, जिसे एपिलेप्टोजेनिक जोन के नाम से जाना जाता है, की पहचान के लिए भारतीय शोधकर्ताओं के एक ताजा अध्ययन में एक नये डायनोस्टिक उपकरण की पेशकश की गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह उपकरण प्रचलित विधियों की तुलना में अधिक अनुकूल है, जिसकी मदद से बिना चीरफाड़ कम समय में एपिलेप्टोजेनिक जोन की पहचान की जा सकती है। यह अध्ययन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है।

मिर्गी को आम तौर पर दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है। जब दवाएं मिर्गी के दौरे को नियंत्रित करने में विफल हो जाती हैं, तो इसे दवा-प्रतिरोधी मिर्गी कहा जाता है। मस्तिष्क की संरचनात्मक असामान्यताएं दवा-प्रतिरोधी मिर्गी के लिए संभावित रूप से सबसे अधिक जिम्मेदार होती हैं। इसीलिए, मस्तिष्क सर्जरी ऐसे रोगियों के लिए पूर्ण इलाज प्रदान कर सकती है। लेकिन सर्जिकल मूल्यांकन में सबसे जटिल कार्य विद्युतीय असामान्यता की उत्पत्ति का निर्धारण, और मस्तिष्क की संरचनात्मक असामान्यता के साथ इसके संबंध का पता लगाना है। मस्तिष्क की संरचनात्मक असामान्यताएं इतनी सूक्ष्म होती हैं कि अकेले एमआरआई की मदद से भी उनकी पहचान कठिन होती है। इसके लिए इलेक्ट्रोएन्सेफलोग्राम (ईईजी) मूल्यांकन के साथ व्याख्या करनी पड़ती है। न्यूरोसर्जन द्वारा उपयोग किए जाने वाले अन्य तौर-तरीकों में पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी (पीईटी) स्कैन और मैग्नेटोएन्सेफलोग्राफी (एमईजी) शामिल हैं। पीईटी स्कैन में रेडियोधर्मी पदार्थ का सेवन शामिल है। वहीं, भारत में एमईजी सुविधा बहुत सीमित है। क्रैनियोटॉमी और रोबोट-असिस्टेड सर्जरी में चीरफाड़ करनी पड़ती है, जिसमें चिकित्सकों को मस्तिष्क पर इलेक्ट्रॉड लगाने के लिए खोपड़ी में छेद करना पड़ता है। एपिलेप्टोजेनिक जोन डिटेक्शन में 2-8 घंटे लगते हैं, और मरीजों के लिए यह बेहद असुविधाजनक होता है।

आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर ललन कुमार के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने मिर्गी फोकल की पहचान के लिए बिना चीरफाड़ (Non-invasive) ईईजी आधारित ब्रेन सोर्स लोकलाइजेशन (BSL) फ्रेमवर्क विकसित किया है, जो कम समय में परिणाम दे सकता है, और रोगी के अनुकूल है। मिर्गी के दौरे से संबंधित ईईजी डेटा के आधार पर आंकड़ों की संरचना के प्रसंस्करण से जुड़ा एल्गोरिदम कुछ मिनटों के भीतर निर्दिष्ट क्षेत्र को इंगित कर सकता है। विशेष रूप से, शोधकताओं ने मिर्गी के दौरे के क्षेत्र का पता लगाने के लिए अभिनव हेड हार्मोनिक्स आधारित एल्गोरिदम की रूपरेखा प्रस्तुत की है। प्रोफेसर ललन कुमार का कहना है कि 'हमने मिर्गी दौरे के क्षेत्र का पता लगाने के लिए गोलाकार हार्मोनिक्स और हेड हार्मोनिक्स आधारित प्रक्रिया के उपयोग का प्रस्ताव पेश किया है। बिना चीरफाड़ और कम समय में मिर्गी क्षेत्र का पता लगाने से जुड़ा यह प्रयास महत्वपूर्ण है।'

शोधकर्ताओं ने एपिलेप्टोजेनिक जोन की पहचान के लिए नैदानिक ईईजी डेटा के आधार पर प्रस्तावित एल्गोरिदम को अपने अध्ययन में प्रामाणिक पाया है। उनका कहना है कि प्रस्तावित ढांचा स्वचालित और समय-कुशल मिर्गी क्षेत्र के निर्धारण में चिकित्सकों को एक प्रभावी समाधान प्रदान कर सकता है।

यह अध्ययन, आईआईटी दिल्ली में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग से जुड़ी शोधार्थी डॉ अमिता गिरी के पीएचडी शोध कार्य का एक हिस्सा है। प्रोफेसर ललन कुमार एवं डॉ अमिता गिरी के अलावा, शोध टीम के सदस्यों में आईआईटी दिल्ली के शोधकर्ता प्रोफेसर तपन के. गांधी, और दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, पुणे के शोधकर्ता डॉ नीलेश कुरवाले शामिल हैं। यह अध्ययन शोध पत्रिका साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित किया गया है।

बच्चों की इम्यूनिटी को बढ़ाने में सहायक है केला व दूध

केले और दूध में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं। इसमें कैल्शियम, पोटैशियम, मैगनीज, फाइबर और अन्य विटामिन आदि होते हैं। दूध और केला बच्चों की लम्बाई बढ़ाने में मददगार साबित होता है। बच्चें के दिमाग और फिजकली फिट भी रखता है।

बच्चों के नाश्ता करवाना एक कठिन काम है। बच्चें नाश्ते के लिए आसानी से मानते भी नहीं हैं। इन स्थितियों को देखते हुए माता-पिता बच्चों को कुछ ऐसा नाश्ता देना चाहते हैं जो बच्चों के हेल्दी और पौष्टिक भी रहें। दूध और केला एक ऐसा हेल्दी नाश्ता है। आपको बता दें कि केला एक ऐसा फल है जिसे आप ना केवल गर्मियों में बल्कि सर्दियों में भी खा सकते हैं। केले में विटामिन, पोटैशियम, मैगनीज, फाइबर जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हमारे शरीर की पोषण जरूरतों को पूरा करते हैं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि केला खाने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है और संक्रमण से बचाव होता है।

बच्चों के विकास में सहायक : केले और दूध में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं। इसमें कैल्शियम, पोटैशियम, मैगनीज, फाइबर और अन्य विटामिन आदि होते हैं। दूध और केला बच्चों की लम्बाई बढ़ाने में मददगार साबित होता है। बच्चें के दिमाग और फिजकली फिट भी रखता है। बच्चों के आहार में केले को शामिल करने से उन्हें बढ़ती उम्र के लिए कई आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। केला और दूध बच्चों की हड्डियों को मजबूत करता है।

बच्चों में आयरन की कमी को दूर करता है : केले में आयरन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। यह शिशुओं और बच्चों में एनीमिया को रोकने में मदद करता है। इसके सेवन से शरीर में खून की कमी नहीं होती और शरीर पूरी तरह से हेल्दी रहता है। साथ ही केले में विटामिन ए भी होता है और रोजाना एक केला खाने से बच्चों की आंखों की रोशनी में सुधार होता है।

इम्यूनिटी बूस्टर : केला और दूध दोनों ही बच्चों की इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार है। केला विटामिन, पोटैशियम, मैगनीज और फाइबर से भरपूर होता हैं और दूध में कुछ आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। केला विटामिन सी से भरपूर होता है। यह एंटीऑक्सीडेंट बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और शरीर को विभिन्न बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं और बच्चों को कई संक्रमण से बचाते हैं।

कब्ज की समस्या को करता है दूर : केले में काफी मात्रा में फाइबर पाया जाता है जो बच्चों के पाचन तंत्र को सही रखता है। अगर बच्चे में कब्ज की समस्या रहती है, तो रोज मैश किया हुआ केला बच्चे को देना शुरू करें। यह बच्चों की कब्ज की समस्या को दूर करेगा।

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन व्यवसायियों के लिए अनुकूल है। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी।

वृष राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। वाणी पर संयम रखने से अन्य लोगों के साथ मनमुटाव के प्रसंगों को टाल सकेंगे। आध्यात्मिक विचार और प्रवृत्तियों में दिनभर मन लगा रहेगा।

मिथुन राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलने के योग बन रहे हैं। आज का प्रत्येक कार्य बिना विघ्न के संपन्न होगा।

कर्क राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहेगी, कठिन परिश्रम से कार्य फसल होंगे। धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे तथा धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं।

सिंह राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में भी लाभ होगा। शेयर और प्रॉपर्टी में निवेश लाभदायक रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी।

कन्या राशि : आज का दिन लाभदायी है। कायक्षेत्र में अच्छा माहौल रहेगा और व्यापार-व्यवसाय में अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना रहेगी।

तुला राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाएं और विचारधारा की नवीनता से व्यापार प्रगति की दिशा में अग्रसर होने लगेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। नकारात्मक विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा से उबर पाएंगे।

धनु राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी के साथ भावनात्मक संबंध से बंध सकते हैं और उस संबंध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन प्रफुल्लित रहेगा।

मकर राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक लाभ होगा। व्यापार के विस्तार की नई योजनाएं शुरू कर सकते हैं, जिनमें सफलता मिलेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में समय अनुकूल रहेगा और आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार में विकास होने से मन में आनंद छाया रहेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति सम्बंधित दस्तावेजों को लेकर सावधानी रखना होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

जासूसी के मामले में दिल्ली पुलिस ने चीनी महिला को किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने फर्जी नाम से भारत में रहने और कथित रूप से 'राष्ट्र विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने के आरोप में एक चीनी महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिला की पहचान काई रूओ के रूप में हुई है और वह चीन के हैनान प्रांत की रहनेवाली है। पुलिस ने कहा कि वह एक नेपाली नागरिक के तौर पर भारत में रह रही थी और उसे उत्तरी दिल्ली के मजनूं का टीला से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान उसके पास से डोलमा लामा के नाम से एक नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र बरामद किया गया। हालांकि, जब क्षेत्रीय विदेशी पंजीकरण कार्यालय से पूछताछ की गयी, तो पता चला कि वह एक चीनी नागरिक है और 2019 में भारत आयी थी। दिल्ली पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि महिला को यह जानकारी मिलने के बाद मजनूं का टीला से हिरासत में ले लिया गया कि वह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल है और भारत में नेपाली नागरिक के रूप में रह रही है।

मेक्सिको में मालगाड़ी से टकराया फ्यूल ट्रक

मेक्सिको सिटी (एजेंसी)। मेक्सिको में एक मालगाड़ी और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे के बाद ट्रेन में आग लग गई। चौंकाने वाली बात तो ये है कि आग की लपटों में घिरी ट्रेन रुकी नहीं बल्कि पटरी पर दौड़ती रही। पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन कई लोगों के घायल होने की खबर है। घटना एग्वास्कालिएंटिस शहर की है। मेयर लियो मोंटेनेजू ने बताया कि आग से आस-पास के घरों को भी नुकसान हुआ है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि टक्कर के बाद तेल से भरा ट्रक पलट जाता है और दोनों गाड़ियों में आग लग जाती है। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। आसपास के लोग भागते दिख रहे हैं।

बेड़े में बढ़ेंगे सुखोई, घातक ब्रह्मोस मिसाइल पर पूरा भरोसा

चीन की चुनौतियों से निपटने की तैयारी में इंडियन एयरफोर्स

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत अपनी सैन्य क्षमताओं और देश में ही रक्षा सामग्री उत्पादन में लगातार वृद्धि कर रहा है। अब भारतीय वायुसेना ने अपने बेड़े में हवा से लॉन्च की जाने वाली ब्रह्मोस मिसाइल को ले जाने की क्षमता रखने वाले सुखोई एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई है। जानिए, भारत को इन विमानों की संख्या बढ़ाने की जरूरत क्यों है, ब्रह्मोस मिसाइल अमेरिका और चीन के मुकाबले में कितना मजबूत हथियार है?

चीन से क्या चुनौती है?

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी की हिंद महासागर क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ रहीं हैं। ऐसे में हिंद महासागर में दूर तक लक्ष्य को भेदने की क्षमता भारत के लिए जरूरी है। इसलिए अगस्त 2020 में वायुसेना ने तमिलनाडु के तंजावुर में सुखोई एसयू-30 एमकेआई की 222 'टाइगर शार्क' स्क्वाड्रन को शुरू किया। इसमें 18 लड़ाकू विमान शामिल थे, जिनमें से छह ब्रह्मोस से लैस हैं। चीन, लद्दाख और पूर्वोत्तर में भारत की कमान और नियंत्रण मुख्यालय समेत उत्तरी भारत में उन्नत लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी), एयरबेस को नष्ट कर सकता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ भारत की जमीनी सेना भी चीन की सीजे-20 एएलसीएम मिसाइल के हमलों की चपेट में आ सकती है। इसकी रेंज 2000 किलोमीटर से अधिक है। तंजावुर की रणनीतिक स्थिति भारतीय वायुसेना के ब्रह्मोस से लैस सुखोई-30 एमकेआई को मलक्का जलडमरूमध्य के पास लक्ष्यों पर निशाना साधने में सक्षम बनाती है। मलक्का जलडमरूमध्य मलेशिया और सिंगापुर के बीच एक संकीर्ण समुद्री चोकपॉइंट है, जो हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच प्रवेश द्वारों में से एक है। ब्रह्मोस से लैस सुखोई-30एमकेआई को यदि ग्रेटर निकोबार द्वीप पर तैनात किया जाता है, तो यह दक्षिणी हिंद महासागर के विशाल क्षेत्रों में स्थित दुश्मन के ठिकानों पर हमला कर सकता है। पाकिस्तान और चीन के साथ लगती भारत की पश्चिमी और पूर्वी सीमा पर तैनात सुखोई विमान इन देशों के अंदर स्टैंड-ऑफ रेंज और यहां तक कि भारतीय हवाई क्षेत्र के अंदर से भी लक्ष्य भेद सकते हैं।

भारत की आगे क्या है योजना?

भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल का विस्तारित-रेंज (ईआर) संस्करण भी विकसित किया है, जिसकी मारक क्षमता 450-500 किलोमीटर के बीच है। मई में वायुसेना ने ब्रह्मोस-ईआर का परीक्षण किया था, जिसके तहत तंजावुर में तैनात 222 टाइगर शार्क स्क्वाड्रन के एक सुखोई विमान ने बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में एक तय लक्ष्य को भेदा था। ब्रह्मोस के ईआर संस्करण का इस्तेमाल पूर्वी चीन में मुख्य रसद केंद्रों पर हमला करने के लिए किया जा सकता है।

कितनी होगी ब्रह्मोस की मारक क्षमता?

ब्रह्मोस की मारक क्षमता 500 किलोमीटर तक होगी जो 1500 किलोमीटर तक बढ़ सकती है। इसका वजन करीब 2500 किलोग्राम है और यह सबसे अच्छी अमेरिकी मिसाइलों के बराबर है। साल 2020 में एक परीक्षण के दौरान इस मिसाइल से लैस सुखोई ने पंजाब के एक एयरबेस से उड़ान भरी और करीब 4000 किलोमीटर दूर हिंद महासागर में स्थित एक लक्ष्य को भेदा। वायुसेना ने ब्रह्मोस एयर लॉन्च क्रूज मिसाइल को संचालित करने में सक्षम बनाने के लिए 40 सुखोई-30 विमानों को संशोधित करने की योजना को मंजूरी दी थी। इन विमानों का संशोधन हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा हो रहा है। अब तक 35 संसोशित विमान वायुसेना को मिल चुके हैं। इनके अलावा 20 से 25 लड़ाकू विमानों को संशोधित किए जाने की योजना है।

जल प्रलय से यूक्रेन को तबाह करने की तैयारी में रूस!

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बोले- निशाने पर है बड़ा डैम

कीव/मॉस्को (एजेंसी)। यूक्रेन में बीते आठ सालों से चल रहा रूसी हमला क्या अब जल प्रलय में तब्दील हो सकता है? यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के एक बयान से ये कयास लग रहे हैं। उनका कहना है कि रूस की ओर से उसके सबसे बड़े हाइड्रोइलेक्ट्रिक डैम पर हमले की तैयारी की जा रही है। जेलेंस्की का दावा है कि 'फॉल्स फ्लैग' ऑपरेशन के तहत रूस यह अटैक कर सकता है। यदि यह डैम टूट जाता है तो यूक्रेन के 80 कस्बे, गांव और शहर डूब सकते हैं। सबसे बड़ा खतरा खेरसन शहर को होगा, जो रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि काखोवका डैम पर अटैक कर रूस की कोशिश जल प्रलय लाने की है। इससे यूक्रेन में बड़ा मानवीय संकट खड़ा हो जाएगा और बड़ी प्राकृतिक आपदा आ जाएगी। यूरोपीय नेताओं को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेनाओं ने इस डैम को हमले के लिए चुना है। जेलेंस्की ने कहा कि यदि इस डैम पर कोई खतरा होता है तो आसपास के इलाके बाढ़ में डूब सकते हैं। इससे लाखों लोग खतरे में आ जाएंगे। इसके अलावा दक्षिणी इलाकों के लिए वाटर सप्लाई कट जाएगी। यही नहीं जापोरिझिया न्यूक्लियर पावर प्लांट का कूलिंग सिस्टम भी इससे प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा रूस की ओर से उत्तर क्रीमियाई नहर को भी तबाह किया जा सकता है। इस पर 2014 से ही रूस ने कब्जा जमा रखा है। जेलेंस्की ने आशंका जताई है कि इसे भी तबाह करके रूस आपदा की स्थिति पैदा कर सकता है।

रूस ने अब एनर्जी सिस्टम को ही बनाया युद्ध का मैदान

जेलेंस्की के सलाहकार मिखाइलो पोडोल्याक ने कहा कि रूस की कोशिश है कि इन इलाकों में आगे बढ़ रही यूक्रेनी सेना को रोका जाए। दरअसल, यूक्रेन पहले ही गहरे संकट से जूझ रहा है। देश के कई शहरों में बिजली की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसकी वजह यह है कि बीते दिनों में रूस की ओर से इलेक्ट्रिक पावर स्टेशनों पर हमले किए गए हैं। इससे बिजली की सप्लाई तक प्रभावित हुई है। यही नहीं कहा जा रहा है कि एक बार फिर से यूक्रेन से बाहर निकलनेवालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। जेलेंस्की ने यूरोपियन यूनियन परिषद को संबोधित करते हुए कहा, 'रूस की लीडरशिप ने अब हमारे एनर्जी सिस्टम को ही युद्ध का मैदान बनाने का फैसला कर लिया है। इसके परिणाम बेहद खतरनाक होंगे। हमारे वाला यह पूरे यूरोप के लिए ही चिंता की बात होगी।'

यूक्रेन के 30 फीसदी बिजली घरों को रूस ने कर दिया तबाह

कहा जा रहा है कि रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों से यूक्रेन के 30 फीसदी के करीब पावर स्टेशन तबाह हो गए हैं। कीव के कई इलाकों में लगातार ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। अब सरकार को नागरिकों से अपील करनी पड़ रही है कि वे बिजली की कम से कम खपत करें। जेलेंस्की का कहना है कि हमारी थोड़ी सी बिजली की बचत भी बड़ा फायदा पहुंचा सकती है।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती को सरकारी बंगला खाली करने का आदेश

श्रीनगर (एजेंसी)। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गुपकार रोड पर बने फेयरव्यू रेसिडेंस को खाली करने का नोटिस मुझे कुछ दिन पहले दिया गया था। यह कोई हैरानी की बात नहीं है। हालांकि, रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि उन्हें रहने के लिए वैकल्पिक बंगला दिया जा सकता है। नोटिस की बात सामने आने के बाद महबूबा ने कहा कि मेरे पास ऐसी जगह नहीं है जहां मैं रह सकूं। इसलिए मुझे निर्णय लेने से पहले अपनी कानूनी टीम से सलाह लेनी पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि नोटिस में लिखा गया है कि बंगला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के लिए है, लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि उनके पिता को सीएम पद से हटने के बाद यह बंगला दिया गया था।

2005 से इसी बंगले में रह रहीं महबूबा : महबूबा ने कहा कि यह बंगला उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद को दिसम्बर 2005 में दिया गया था, जब वे मुख्यमंत्री थे। गुपकार रोड पर बने आलीशान फेयरव्यू रेसिडेंस के आस-पास अधिकांश हाई प्रोफाइल राजनेता, नौकरशाह और पुलिस और खुफिया अधिकारी रहते हैं। इसी बंगले में महबूबा को कई बार नजरबंद किया जा चुका है।

फेयरव्यू रेसिडेंस पहले टॉर्चर हाउस था : 1989 तक इस बंगले का इस्तेमाल आधिकारिक गेस्ट हाउस के रूप में किया जाता था। बाद में सुरक्षाबलों ने 1990 में अपने कब्जे में ले लिया था। कैम्पस के नये उद्देश्य को गोपनीय रखने के लिए इसे पापा-2 नाम दिया गया था। यह 1996 तक एक इंटेरोगेशन और टॉर्चर सेंटर बना रहा। 1996 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्य सचिव अशोक जेटली यहां रहने लगे। 2003 में रेनोवेशन के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग यहां रहने आये। 2005 से यहां दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मुहम्मद सईद और उनकी बेटी महबूबा मुफ्ती का परिवार रहता है।

रूस को लड़ने की ट्रेनिंग दे रहा है ईरान

यूएस बोला- ईरानी सैनिक रूसी सेना को कामीकाजे ड्रोन चलाना सीखा रहे

वाशिंगटन (एजेंसी)। रूस-यूक्रेन जंग पिछले आठ महीने से जारी है। इसी बीच रूस ने हमले तेज करते हुए जंग में ईरानी हथिहारों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। अब अमेरिका का कहना है कि क्रीमिया में ईरानी सैनिक रूस के सैनिकों को जंग लड़ने की ट्रनिंग दे रहे हैं। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा कि ईरानी सैनिकों को रूसी बलों की मदद के लिए क्रीमिया भेजा गया। वो रूसी सैनिकों को ड्रोन चलाना सिखा रहे हैं। इसके बादे से यूक्रेन पर हमले तेज हुए। दरअसल, ईरान ने रूस को कामीकाजे ड्रोन भेजे हैं। चार दिन पहले यानी 17 अक्टूबर को इन्हें ड्रोन से कीव पर हमले किए गए थे। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के प्रवक्ता जॉन कर्बी ने कहा- क्रीमिया में ईरानी सैनिकों का होना जंग में ईरान की सीधी भागीदारी का प्रमाण है। वे यूक्रेन के नागरिकों और इंफ्रास्ट्रक्चर पर ड्रोन हमले करने में रूस की मदद कर रहे हैं। क्रीमिया वही इलाका है जहां रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था।

कीव पर ईरानी ड्रोन से हमला, तीन लोगों की मौत : रूस ने 17 अक्टूबर को ईरान से खरीदे गए कामीकाजे ड्रोन से यूक्रेन की राजधानी कीव पर हमला किया था। इस हमले में 3 लोगों की मौत हो गई थी।

हमले में इस्तेमाल किए गए कामीकाजे ड्रोन का नाम शाहीद-136 था। इस ड्रोन को ईरान का सबसे खतरनाक हथियार माना जाता है। इस ईरानी ड्रोन को सुसाइड ड्रोन भी कहा जाता है। इसका वजन 200 किलोग्राम है। इस ड्रोन की रेंज 2500 किलोमीटर है। रूस ने 10 अक्टूबर को राजधानी कीव समेत 9 शहरों पर 83 मिसाइलें बरसाई थीं। इसमें 12 लोग मारे गये थे। रूस ने ये बड़ा हमला कर्च ब्रिज पर हुए धमाके के बदले में किया था। 8 अक्टूबर को यूक्रेन ने रूस का कर्च ब्रिज उड़ा दिया था। ये ब्रिज रूस को क्रीमिया से जोड़ता है।

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की संसद की सदस्यता रद्द

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई नेता इमरान खान को बड़ा झटका देते हुए उन्हें पांच साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। आयोग ने इमरान की संसद सदस्यता भी रद्द कर दी है। इस फैसले के बाद इमरान अगले पांच साल तक चुनाव नहीं लड़ पायेंगे। इधर, इस फैसले के खिलाफ इमरान समर्थकों ने चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर जमकर बवाल काटा। इमरान समर्थकों ने यहां सुरक्षा में तैनात जवानों के साथ पहले हाथापाई की, फिर हवाई फायरिंग भी की। घटना में अब तक कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

विदेशी तोहफों को बेचने का आरोप : पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान रजा की अध्यक्षता वाली चार सदस्यों की बेंच ने इमरान के खिलाफ यह फैसला सुनाया। प्रधानमंत्री रहने के दौरान इमरान खान पर विपक्ष के सांसदों ने चुनाव आयोग में मामले की शिकायत की थी। इमरान पर आरोप था कि उन्होंने तोशखाना में जमा गिफ्ट्स को सस्ते में खरीदा और ज्यादा दामों में बेच दिया। चुनाव आयोग के सामने सत्ताधारी पाकिस्तानी डेमोक्रेटिक मूवमेंट ने तोशखाना गिफ्ट मामला उठाया था। कहा था कि इमरान ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न देशों से मिले गिफ्ट को बेच दिया था। इमरान ने चुनाव आयोग को बताया था कि उन्होंने तोशखाने से इन सभी गिफ्ट्स को 2.15 करोड़ रुपये में खरीदा था। इन्हें बेचकर उन्हें करीब 5.8 करोड़ रुपये मिले थे। जिन तोहफों को इमरान ने बेचा था उनमें एक बेशकीमती घड़ी, कफलिंक का एक जोड़ा, एक महंगा पेन, एक अंगूठी और चार रोलेक्स वॉच शामिल थीं। पाकिस्तान की मशहूर पत्रकार आलिया शाह के मुताबिक- पाकिस्तान में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति या दूसरे पद पर रहनेवालों को लोगों मिले तोहफों की जानकारी नेशनल आर्काइव को देनी होती है।

- भ्रष्टाचार केस में पूर्व पाक पीएम को पांच साल अयोग्य ठहराने पर बवाल
- समर्थकों ने चुनाव आयोग के ऑफिस पर की फायरिंग

पृष्ठ एक के शेष

कर्रा में 322 करोड़ की योजनाओं...
के लिए भी निर्णय लिये गये। सरकार जल्द सहायक पुलिसकर्मियों के लिए भी सम्मानजनक रास्ता निकालने का प्रयास कर रही है।

उन्नत खेती में बनेगा सहायक : मुख्यमंत्री ने कहा किसान पाठशाला का शुभारंभ हुआ है। राज्य की अधिक आबादी कृषि कार्य करती है। 100 किसान पाठशाला खोलने का निर्णय लिया है। किसानों को हमें लाभ पहुंचाना है। किसानों को इससे लाभ होगा। किसानों के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। किसान पाठशाला किसानों को वैकल्पिक संसाधनों के साथ-साथ तकनीकी सुविधाओं एवं उन्नत कृषि प्रणालियों का सामान्य तरीके से प्रयोग में लाते हुए नयी तकनीकों से उन्नत खेती को बढ़ावा देने में सहायक होगा। किसानों की सालाना आय में बढ़ोतरी तथा किसानों के समेकित उत्थान का माध्यम बनाना इस पाठशाला लक्ष्य तय किया गया है। किसानों के लिए पाठशाला को पुनर्जीवित किया जा रहा है, क्योंकि किसान है तभी जीवन है।

मुख्यमंत्री ने बढ़ाया बच्चियों का हौसला : मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा चलाये गये कोचिंग संस्थान के माध्यम से सहयोग प्राप्त कर जेईई मेंस एवं नीट में क्वालीफाई पांच छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इनको प्रोत्साहित करते एक-एक लैपटॉप उपहार स्वरूप प्रदान करने की घोषणा की। इन बच्चियों में से दयामनी सांगा और एलिशा हस्सा ने जेईई मेंस एवं दीपा पूर्ति, पूजा कुमारी एवं वाटिका कुमारी ने नीट क्वालीफाई किया है। मुख्यमंत्री ने कहा इन बच्चियों की सफलता से उत्साहित हूं। मुख्यमंत्री सारथी योजना का लाभ यहां के छात्रों को जल्द मिलेगा। पायलट प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ भी दुमका में होने जा रहा है। इस केंद्र में राज्य के युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

बूढ़ा पहाड़ व कोल्हान इलाकों में नये...
के बाद उग्रवादियों को झटका लगा था। वहीं, इस इलाके में रेंगरा कैंप स्थापित होने के बाद भी माओवादी गतिविधियां कम हुई हैं। ऐसे में माओवादियों ने रेंगरा से दूर के गांव व पौड़ाहाट में अपनी सक्रियता बढ़ायी है। जिसे लेकर बड़ा अभियान शुरू होना है।

लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन ने तोड़ी कमर : राज्य में लगातार सुरक्षाबलों के द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन से नक्सलियों की कमर टूटी है। बूढ़ा पहाड़ के मुक्ति के बाद झारखंड, बिहार और छतीसगढ़ में भाकपा माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। माओवादियों के लिए बूढ़ा पहाड़ रणनीतिक तौर पर काफी मजबूत था। वहीं, झारखंड के पारसनाथ, झुमरा और कोल्हाल के ट्राइजंक्शन पर भी दर्जनों कैंप स्थापित हुए हैं, जिसका असर माओवादी संगठनों पर पड़ा है। वर्तमान में राज्य के माओवादी नेतृत्व के संकट से भी गुजर रहे हैं।

साइट पर काम कर रहे तीन...
यादव दोनों के पैर में गोली लगी है । तीनो युवकों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद लाया गया । जहां डॉ एनके पांडेय के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रिम्स रेफर कर दिया गया। गोलीबारी की घटना में वहां काम कर रहे दो युवक बाल बाल बच गए । उन्होंने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही लातेहार एसपी अंजनी अंजन चंदवा पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। ज्ञात हो कि कुछ माह पूर्व ही उक्त कंपनी के साइट पर उग्रवादियों ने उत्पात मचाया था।

मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा पुलिस...
क्षेत्र में हथियारों की फैक्ट्री संचालित हो रही है। इसी सूचना के आलोक में पुलिस की स्पेशल टीम ने सतबरवा के अलग अलग इलाकों में छापेमारी की। पुलिस ने हथियारों की फैक्ट्री के खोज में तीन से चार जगहों पर छापेमारी की। इसी छापेमारी में सतबरवा के रबदा में हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी गई। पुलिस ने विभिन्न इलाकों से हथियार के फैक्ट्री संचालित करने के आरोप में सात लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस हिरासत में लिए गए सभी लोगों से पूछताछ कर रही है। और हथियार के फैक्ट्री से संबंधों को तलाश रही है। जानकारी के अनुसार हथियारों की फैक्ट्री से नक्सल और अपराधी तत्वों को हथियार सप्लाई किए जाते थे। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है। जिसके बाद पुलिस आगे की अनुसंधान कर रही है। पूरे मामले में पुलिस शनिवार को बड़ा खुलासा करेगी। पलामू में लंबे अर्से के बाद एक बड़ी हथियार की फैक्ट्री पकड़ी गई है। इससे पहले एक हथियार की फैक्ट्री पकड़ी गई थी, जो टीएसपीसी नक्सलियों की थी। इसी हथियार की फैक्ट्री से टीएसपीसी के हथियारों की मरम्मत होती थी और नये हथियार तैयार होते थे। यह हथियार की फैक्ट्री 2016-17 में पकड़ी गई थी।

बद्रीनाथ में पूजा के बाद मोदी ने किया...
रोपवे परियोजना की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने मंदाकिनी आस्था पथ और सरस्वती आस्था पथ के साथ-साथ वहां चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी। इसके बाद मोदी बद्रीनाथ पहुंचे। केदारनाथ और बद्रीनाथ सबसे महत्वपूर्ण हिंदू मंदिरों में से एक हैं। यह क्षेत्र एक श्रद्धावाले एक सिख तीर्थ स्थल-हेमकुंड साहिब के लिए भी जाना जाता है। इन जगहों पर शुरू हो रही कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से धार्मिक महत्व के स्थानों तक पहुंच को आसान बनाने और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रधानमंत्री के कमिटमेंट को दिखाती है।

उत्तराखंड को बहुत-बहुत बधाई : मोदी ने कहा-विकास के इन सभी प्रोजेक्ट्स के लिए, उत्तराखंड को और देश-विदेश के हर श्रद्धालु को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। गुरुओं की कृपा बनी रहे, बाबा केदार की कृपा बनी रहे, बद्री विशाल की कृपा बनी रहे, हमारे सभी श्रमिक साथियों को भी शक्ति मिले, यही प्रार्थना करते हैं। अयोध्या में इतना भव्य राममंदिर बन रहा है, गुजरात के पावागढ़ में मां कालिका के मंदिर से लेकर विन्ध्याचल देवी के कॉरिडोर तक, भारत अपने सांस्कृतिक उत्थान का आह्वान कर रहा है। पहले जिन इलाकों को देश की सीमाओं का अंत मानकर नजरअंदाज किया जाता था, हमने वहां से समृद्धि का आरंभ मानकर काम शुरू किया। पहले देश का आखिरी गांव जानकर जिसकी उपेक्षा की जाती थी, हमने वहां के लोगों की अपेक्षाओं पर फोकस किया।

मोदी ने सुनायी माणा गांव का किस्सा : केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन करने के बाद मोदी माणा पहुंचे। यह चीन की सीमा पर उत्तराखंड का आखिरी गांव है। यहां मोदी ने एक जनसभा संबोधित की। मोदी ने कहा कि बाबा केदार और बद्री विशाल जी के दर्शन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर जीवन धन्य हुआ। मन प्रसन्न हुआ।

हेट स्पीच देनेवालों के खिलाफ तत्काल...
संज्ञान लेने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि कार्रवाई करने में विफलत दोषी अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना मानी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धर्म की परवाह किये बिना कार्रवाई की जानी चाहिए। घृणा का माहौल देश पर हावी हो गया है। ऐसे बयान विचलित करनेवाले हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जस्टिस केएम जोसेफ की बेंच ने कहा 21वीं सदी में ये क्या हो रहा है? धर्म के नाम पर हम कहां हम पहुंच गये हैं? हमने ईश्वर को कितना छोटा बना दिया है। भारत का संविधान वैज्ञानिक सोच विकसित करने की बात करता है।

स्कैमर दिवाली कैशबैक, ऑनलाइन शॉपिंग व गिफ्ट के...
कानपुर से ही 45 से ज्यादा साइबर ठगी के मामले सामने आए हैं। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने कहा कि फेक मैसेज को किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि) पर भेजा जा सकता है। स्कैमर्स ज्यादातर महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। स्कैमर यूजर्स को फ्री दिवाली गिफ्ट के नाम पर अपने दोस्तों, रिश्तेदारों के साथ लिंक शेयर करने के लिए कहते हैं, जो कि ज्यादातर चाइनीज वेबसाइट होती है।

कैसे फंसाते हैं स्कैमर : सबसे पहले यूजर्स को इस लिंक वाला एक मैसेज भेजा जाता है। यह अन्य पीड़ितों से भी आ सकता है जिन्हें अपने दोस्तों और परिवार के साथ लिंक शेयर करने के लिए कहा गया है। एक बार जब कोई यूजर्स लिंक पर क्लिक करता है, तो उन्हें पहले एक फेक बधाई संदेश द्वारा बधाई दी जाती है। इसके बाद, उन्हें एक कुछ जानकारी मांगी जाती है। जैसे ही यूजर्स द्वारा जानकारी दी जाती है, यूजर्स को कई सामानों में से गिफ्ट चुनने के लिए कहा जाता है। इसके बाद एक बार और बधाई संदेश दिखाया जाता है और उन्हें इस लिंक को अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ शेयर करने के लिए कहा जाता है। निम्न सावधानी बरतें : - किसी भी साइबर ठगी से बचने का सबसे आसान रास्ता है कि आप किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।- किसी से भी अपनी बैंकिंग डिटेल्स, ओटीपी व एटीएम का पासवर्ड शेयर न करें। - फ्री गिफ्ट देने का वादा करनेवाले कॉल से सतर्क रहें और उन्हें कोई भी जानकारी और ओटीपी न दें। - अगर कोई आपके खाते की ऑनलाइन केवाईसी के लिए कॉल करता है तो उसे अनदेखा करें। - सोशल मीडिया या इंटरनेट पर किसी भी अनचाहे ई-मेल, एसएमएस या मैसेज में आए अटैचमेंट या लिंक को न खोलें। - ई-मेल, वेबसाइट और अज्ञात ई-मेल भेजनेवालों के स्पेलिंग एक बार जरूर चेक कर लें। क्योंकि ठग मिलती-जुलती स्पेलिंग से ठगी करते हैं।
- अपने पासवर्ड नियमित रूप से बदलते रहें।

25 को सूर्य ग्रहण, जानिये दीपावली पर...
सूर्य ग्रहण नहीं दिखेगा। क्योंकि इस क्षेत्र में यह सूर्य ग्रहण सूर्यास्त के बाद लगेगा। भारत में यह ग्रहण उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, लेह लद्दाख, जम्मू, श्रीनगर, गुजरात, राजस्थान, और पश्चिमी मध्य प्रदेश में यह ग्रहण दिखाई देगा। उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मुंबई, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक मे कुछ ही देर के लिए यह ग्रहण दिखाई देगा। भारत के अलावा यह सूर्य ग्रहण उत्तरी हिंद महासागर, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, यूरोप, पूर्वोत्तर अफ्रीका, दक्षिण पश्चिम एशिया, और अटलांटिक में दिखाई देगा।

दो साल की बच्ची अगवा, एक घंटे के अंदर बरामद

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में उस समय सनसनी फैल गई जब पुलिस को यह जानकारी मिली की अरगोड़ा इलाके से एक दो साल की मासूम बच्ची को अगवा कर लिया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही अरगोड़ा पुलिस एक्टिव हुई और सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ ह्यूमन इंटेलिजेंस का बेहतरीन प्रयोग कर बच्ची को एक घंटे के भीतर बरामद कर लिया वही बच्ची को गायब करने वाले आरोपी को भी धर दबोचा।

क्या है पूरा मामला : शुक्रवार की दोपहर अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार को फोन पर यह जानकारी दी गई कि अरगोड़ा इलाके के ढेला टोली से दो साल की मासूम बच्ची रिधिका को अगवा कर लिया गया है। मासूम रिधिका के पिता रणधीर कुमार मंडल अपने पड़ोसियों के साथ अरगोड़ा थाने भी पहुंचे। जानकारी मिलने पर और मामले की गंभीरता को देखते हुए अरगोड़ा पुलिस तुरंत एक्टिव हो गई। शहर के सभी थानों में रिधिका की तस्वीर भेज कर सबसे पहले उसकी तलाश शुरू की गई। स्टेशन और बस स्टैंड पर भी पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। इसी बीच ढेला टोली के कुछ घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस ने खंगालना शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति के द्वारा बच्ची को गोद में उठाकर ले जाते हुए देखा गया। पहचान कराने पर वह बच्ची के पड़ोस में ही रहने वाला युवक शम्भू शरण शर्मा निकला। आनन-फानन में पुलिस की टीम जब शंभू शरण शर्मा के घर पहुंची तब वह भागने की कोशिश कर रहा था, पुलिस ने उसे धर दबोचा वहीं उसने अपने घर के कमरे में मासूम बच्ची को छुपा कर रखा था, जहां से बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी शंभू शरण बिहार के नवादा जिला का रहने वाला है वह कई दिनों से ताक में था कि बच्ची को उठा सके। शुक्रवार की दोपहर जब बच्ची घर से बाहर खेल रही थी उस दौरान से मौका मिला और उसने बच्ची को उठा लिया और अपने घर में ले जाकर छुपा दिया। अगर सही समय पर अल्मोड़ा पुलिस एक्टिव होकर काम नहीं करती बच्ची को बरामद करना बेहद मुश्किल भरा काम होता क्योंकि आरोपी उसे लेकर नवादा भागने वाला था। गिरफ्तार आरोपी भागने की पूरी तैयारी कर चुका था उसने नवादा जाने के लिए बस में टिकट भी बुक करवा लिया था। पुलिस के पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह नवादा से आकर रांची में किराए के मकान में रहा करता था और यहां टेंट लगाकर यौन शक्ति बढ़ाने के लिए जड़ी-बूटी बेचा करता था।

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न

कांके। मालश्रृंग पंचायत के पंचायत सचिवालय सभागार में राज्य सरकार के द्वारा संचालित द्वितीय चरण में आप की योजना, आपका सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के लोगों के द्वारा पेंशन योजना, जॉब कार्ड, राशन कार्ड ,पीएम आवास योजना,मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का आवेदन के साथ कई ग्रामीण लाभुकों को परिसंपत्ति के रूप में चेक एवं गरीब वृद्धों के बीच कंबल का वितरण किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए झारखंड सरकार के प्रतिनिधि के रुप में उपस्थित कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी शीलवंत भट्ट एवं कार्यक्रम को सहयोग कर रहे कांके प्रखंड के सभी विभागों से आए हुए पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया। सैंकड़ो की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों से इस कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने एवं अपने पंचायत में शत-प्रतिशत विकास व कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक प्रयास एवं सहयोग की आवश्यकता पर कई सुझाव दिए।

रिम्स में दो सीनियर डॉक्टरों के बीच झड़प

रांची। रिम्स में शुक्रवार को कैंसर विभाग के एचओडी डॉ अनूप और यूरोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राणा प्रताप के बीच धक्का-मुक्की हुई। शुक्रवार को यूरोलॉजी ओपीडी के पास दर्जनों मरीज मौजूद थे। उन्होंने बताया कि डॉ अनूप ने डॉ राणा प्रताप के चैंबर में पहुंचकर सामान इधर-उधर फेंक दिया, बाहर रखे कार्टून को सीधे कमरे में फेंक दिया। डॉ अनूप ने डॉ राणा प्रताप को अपशब्द भी कहे। डॉ राणा प्रताप ने बताया कि डॉ अनूप उनके पास आए और कहने लगे कि तुम मेरे बारे में क्या बोल रहे थे। मेरे पीछे जासूस लगा रखे हो।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

-: आवश्यक सूचना :-

लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ थाना कांड सं0-09/2020, दिनांक-14.01.2020, धारा-25(1-A)/26/26(2)/35 Arms Act के प्राथमिकी अभियुक्त अमन श्रीवास्तव, पे0 सुशील श्रीवास्तव, सा0-कुब्बा, थाना-हण्टरगंज, जिला-चतरा के विरूद्व अनुसंधान के क्रम में उक्त काण्ड के अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार-प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

क्रम	अभियुक्त का नाम एवं पता
1.	अमन श्रीवास्तव, पे0 सुशील श्रीवास्तव, सा0-कुब्बा, थाना-हण्टरगंज, जिला-चतरा।

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार।

PR 280668 (Police) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार
नामांकन सुचना

एतद द्वारा लातेहार जिलान्तर्गत सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड के पत्रांक 1236 दिनांक 07.10.2022 के आलोक में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लातेहार, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाडीह, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महुआडॉड, एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदवा में नामांकन हेतु अंतिम तिथि दिनांक 30.10.2022 को संध्या 05:00 बजे तक कर दिया गया है। अतः नामांकन हेतु आवेदको को पुनः रिक्त सिटों के सापेक्ष आवेदन करने का अवसर दिया जाता है। आवेदन प्राप्त करने का अंतिम तिथि दिनांक 27.10.2022 को संध्या 05:00 बजे तक है। काउंसलिग सह नामांकन दिनांक 28.10.2022 को सुबह 10:00 बजे से जिला नियोजनालय लातेहार में आयोजित किया जायेगा।

ह0/-
प्रभारी प्राचार्य महिला औद्योगिक
प्रशिक्षण संस्थान लातेहार

PR 280605 Labour Employment and Traning(22-23)D

कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लोहरदगा
(मनरेगा कोषांग)

सूचना

वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक मनरेगा योजना में रजिस्टर्ड वेंडर का GST अंकेक्षण एवं रॉयल्टी की जॉच करने हेतु ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड के पत्रांक 3433 दिनांक 21.09.2022 एवं पत्रांक 1349(अनु0) दिनांक 07.04.2022 द्वारा HIMANSHU KUMAR & ASSOCIATES, CHARTED ACCOUNTANTS, BOKARO, JHARKHAND को कार्यानुमति दी गई है।

उक्त के आलोक में लोहरदगा जिला के वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक मनरेगा योजना में रजिस्टर्ड सभी वेंडरों के GST अंकेक्षण एवं रॉयल्टी की जॉच उक्त फर्म द्वारा दिनांक 27.10.2022, 28.10.2022 एवं 29.10.2022 को समय 11.00 बजे पूर्वा0 जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा के सभागार में की जायेगी।

अतः वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक लोहरदगा जिला अंतर्गत मनरेगा योजना में रजिस्टर्ड सभी वेंडरों को सूचित किया जाता है कि निम्न दस्तावेजों के साथ उक्त निर्धारत तिथि, समय व स्थान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

1. Bank statement
2. Gstr1
3. Gstr 3B
4. Purchase Voucher
5. Sale Voucher Carbon Copy
6. Royalty Deposite Slip

विभागीय निदेशानुसार "जिन वेंडरों द्वारा GST अंकेक्षण एवं रॉयल्टी का जॉच नहीं कराया जाता है, उनका भुगतान तत्काल स्थगित रखा जायेगा" तथा "वैसे वेंडर को काली सूची में नाम दर्ज कर विधि - सम्मत् कार्रवाई की जायेगी"।

परियोजना पदाधिकारी
जि.ग्रा.वि.अभि. लोहरदगा

PR 280595 Lohardaga (22-23)_D

उप विकास आयुक्त-सह-
जिला कार्यक्रम समन्वयक
मनरेगा, लोहरदगा

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

पत्रांक :- दिनांक :-

शुद्धि-पत्र

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक-11.10.2022 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई-निविदा पत्रांक सं0- RCD/DALTONGANJ/03/2022-23 आमंत्रित की गई है, जिसका PR No. 279667 Road(22-23):D है, जिसमें क्रमांक-2 में अंकित **Tentative Length 10.80 KM.** के स्थान पर संशोधित **Tentative Length 13.44 KM.** पढ़ा/समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR.NO.280628 Road(22-23):D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
(विकास-शाखा)

सूचना

गणित, भौतिकी एवं रसायन शास्त्र शिक्षक-सह-परामर्शी पद की संविदा आधारित नियुक्ति हेतु इस कार्यालय का ज्ञापांक 608/वि0 दिनांक 14.09.2022 द्वारा निकाली गयी विज्ञापन को अपरिहार्य कारणवश रद्द करते हुए लोहरदगा जिला के नदिया में अवस्थित विज्ञान केन्द्र, लोहरदगा में छात्रों को JEE एवं NEET की तैयारी कराने हेतु लोहरदगा जिला DMFT मद से निम्नांकित विशयों के अनुभवी एवं योग्य की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित की जाती हैं :-

क्र	विषय का नाम	पद का नाम	पदों की संख्या	न्यूनतम योग्यता	निर्धारित मानदेय (प्रति घंटा आधारित)
1	गणित	गणित शिक्षक-सह-परामर्शी	1	गणित विषय में प्रथम क्षेणी अथवा इंजीनियरिंग विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातक	राज्य के डिग्री कॉलेज में संविदा के आधार पर घंटी आधारित मानदेय के अनुरूप
2	भौतिकी	भौतिकी शिक्षक-सह-परामर्शी	1	भौतिकी विषय में प्रथम क्षेणी स्नातकोतर अथवा इंजीनियरिंग/मेडिकल विषय में प्रथम क्षेणी में स्नातक	
3	रसायन शास्त्र	रसायन शास्त्र शिक्षक-सह-परामर्शी	1	रसायन शास्त्र विषय में प्रथम क्षेणी स्नातकोतर अथवा इंजीनियरिंग/मेडिकल विषय में प्रथम क्षेणी में स्नातक	

चयनित शिक्षक-सह-परामर्शी को सर्वप्रथम 01 वर्श के लिए संविदा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जायेगा तथा एक वर्श के कार्यकलापों के मूल्यांकन के पश्चात् संतोशजनक पाए जाने पर ही अगले एक वर्श हेतु कार्यावधि विस्तार दिया जायेगा। संबंधित विशय के इच्छुक अनुभवी उम्मीदवार दिनांक 05.11.2022 को अपराह्न 05.00 बजे तक विहित प्रपत्र में अपना वांछित सभी प्रमाण पत्र प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, DRDA कार्यालय, जिला परिशद भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा PIN-835302 में स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक से समर्पित करेंगे।

नोट :- नियुक्ति से संबंधित योग्यता एवं आवेदन-पत्र का प्रारूप सहित विस्तृत जानकारी **https://www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है।

प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, लोहरदगा | उप विकास आयुक्त, लोहरदगा | उपायुक्त, लोहरदगा

PR 280593 Lohardaga(22-23)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID: eedwsd.lohardaga@gmail.com

शुद्धि पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/13/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 280203 Lohardaga (22-23) :D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है

क्र0		पूर्व में प्रकाशित	संशोधित
6	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	07.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न से	02.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
7	प्री बीड मिटिंग की तिथि	दिनांक 10.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची	दिनांक 07.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची
8	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	18.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक	11.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक
9	अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान	19.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला का कार्यालय 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची का कार्यालय	12.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में। 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में।
10	निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय	21.11.2022, 11:30 बजे पूर्वाह्न से	14.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR.NO.280602 Lohardaga(22-23):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID: eedwsd.lohardaga@gmail.com

शुद्धि पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/11/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 279852 Lohardaga (22-23).D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

क्र0		पूर्व में प्रकाशित	संशोधित
5	कार्य पूरा करने की अवधि	30 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.)	21 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc)
6	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	03.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न से	01.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
7	प्री बीड मिटिंग की तिथि	दिनांक 10.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची	दिनांक 05.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची
8	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	14.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक	09.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक
9	अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान	16.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला का कार्यालय 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची का कार्यालय	10.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में। 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में।
10	निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय	17.11.2022, 11:30 बजे पूर्वाह्न से	11.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 280599 Lohardaga(22-23).D

न्यूज गैलरी

बिग बैश लीग में नहीं खेलेंगी हरमनप्रीत कौर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पीठ की चोट के चलते बिग बैश लीग से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलिया की इस टी-20 लीग में वह मेलबर्न रेनेगेड के लिए खेलनेवाली थीं। मेलबर्न रेनेगेड के मैनेजर ने हरमनप्रीत कौर के बाहर होने पर कहा कि उन्होंने पिछले सीजन में हमारे लिये कमाल का प्रदर्शन किया था, लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि चोट के चलते वह पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। हरमनप्रीत शुरुआत में सिर्फ दो मैच के लिए उपलब्ध नहीं थीं, क्योंकि भारतीय महिला टीम एशिया कप में खेल रही थी। भारत ने यह टूर्नामेंट रिकॉर्ड सातवीं बार जीत लिया है, लेकिन अब हरमनप्रीत बिग बैश लीग नहीं खेल पा रही हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप के दो अभ्यास मैच रद्द

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को खेला जाने वाला टी-20 विश्व कप 2022 का वॉर्म-अप मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। ब्रिस्बेन के गाबा में बारिश पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे दिन के पहले वॉर्म-अप मैच के दौरान ही शुरू हो गई थी। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 154 रन बनाये, जिसके बाद 2.2 ओवर में पाकिस्तान का स्कोर 19 रन पर पहुंचते ही काले-घने बादलों ने गाबा को घेर लिया। दो घंटे की लगातार बारिश के बाद दोनों मैच रद्द कर दिये गये। मेलबर्न में 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अभियान की शुरूआत करने से पहले यह भारत का आखिरी वॉर्म-अप मैच था। इससे पूर्व भारत ने अपने पहले वॉर्म-अप मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 6 रन से मात दी थी। न्यूजीलैंड भी केवल एक अभ्यास मैच के साथ ही शीर्ष टूर्नामेंट का रूख करेगी, जहां उसे गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलना है। न्यूजीलैंड को उसके इकलौते अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट से हराया था। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले से टी-20 विश्व कप के सुपर-12 चरण की शुरूआत होगी। इसके बाद रोहित शर्मा की टीम सुपर-12 में अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को खेलेगी।

पूरी तरह से फिट हैं हार्दिक पांड्या

मेलबर्न (एजेंसी)। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक ने कहा है कि जीवन में सभी चीजों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने और चोटों से उबरने के दौरान परिवार के सदस्यों से समर्थन से उन्हें टी-20 विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करने में मदद मिली। ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप में अगर भारत को अच्छा प्रदर्शन करना है तो इसमें संभवतः हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले 29 साल के हार्दिक ने अपने परिवार द्वारा निभायी गयी महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की थी। उन्होंने कहा कि मेरे चोट से उभरने में पत्नी नताशा, बेटे अगस्त्य और भाई कृणाल ने अहम भूमिका निभाई। हार्दिक ने पिछले 18 महीने में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है। इससे पहले वह चोटिल होने के कारण लंबे समय तक गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। वह अब भारत के लिए नियमित रूप से गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे टीम का संतुलन बेहतर हुआ है। हार्दिक ने राइज वर्ल्डवाइड से कहा कि ह्यजीवन में सभी चीजों को सकारात्मक रूप से लेने और बेसिक्स पर चलने से काफी मदद मिली।

खेल मंत्री ने पाकिस्तान की धमकी का दिया जवाब, कहा - भारत को किसी की सुनने की जरूरत नहीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अगले साल भारत में आईसीसी वनडे वर्ल्ड से बाहर होने की पाकिस्तान की धमकी का जवाब देते हुए कहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इसका जवाब देगा और वनडे वर्ल्ड कप 2023 भारत में ही होगा। पाकिस्तान से एशिया कप को स्थानांतरित करने पर बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा की गयी टिप्पणियों के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वनडे वर्ल्ड कप से हटने की धमकी दी थी। बीसीसीआई की बैठक के बाद सचिव जय शाह ने तटस्थ स्थान पर एशिया कप के आयोजन पर टिप्पणी की थी। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि बीसीसीआई पीसीबी के ब्लैकमेल पत्र का जवाब देगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वनडे वर्ल्ड कप निश्चित रूप से भारत में होगा। उन्होंने कहा कि यह बीसीसीआई का विषय है और बोर्ड

इसका जवाब देगा। अगले साल भी वर्ल्ड कप होगा और दुनियाभर की टीमें भी खेलेंगी। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी स्थिति में है, जहां उसे किसी की सुनने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा, आज भारत को किसी भी क्षेत्र में नकारा नहीं जा सकता और क्रिकेट जगत में इसका बहुत बड़ा योगदान है। विश्व कप भारत में होगा, जो भव्य और ऐतिहासिक होगा।

भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप 2023 को ना कहा

अनुराग ठाकुर ने कहा कि गृह मंत्रालय फैसला करेगा, क्योंकि पाकिस्तान में सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं। यह सिर्फ क्रिकेट नहीं है। इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान की यात्रा की, लेकिन क्या उनकी तुलना भारत से की जा सकती है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के कार्यकारी बोर्ड के निर्णय के अनुसार पाकिस्तान अगले साल एशिया कप के अगले संस्करण की मेजबानी करनेवाला है। संयोग से जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष हैं। जय शाह ने पाकिस्तान में एशिया कप के आयोजन पर कहा था, एशिया कप 2023 का आयोजन तटस्थ स्थान पर होगा। भारत सरकार है, जो हमारी टीम के पाकिस्तान जाने की अनुमति का फैसला करती है, इसलिए हम उस पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन 2023 एशिया कप के लिए यह तय किया गया है कि टूर्नामेंट एक तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जायेगा।

पाकिस्तान ने दी वनडे वर्ल्ड कप से हटने की धमकी

पीसीबी ने बुधवार को जय शाह के बयान का जवाब देते हुए कहा था कि इस तरह के बयान एशियाई और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकते हैं और 2023 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा को भी प्रभावित कर सकते हैं। पीसीबी ने बयान में कहा कि इस तरह के बयान में क्षमता है कि ये एशियाई और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकते हैं और क्रिकेट विश्व कप-2023 तथा 2024-31 चक्र में भारत में भविष्य की आईसीसी प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा को भी प्रभावित कर सकते हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में सबसे बड़ा उलटफेर

आयरलैंड ने वेस्टइंडीज को हराया, दो बार की चैम्पियन वर्ल्ड कप से बाहर

लोर्कन टकर ने नाबाद 45 रनों की खेली पारी

वहीं, कप्तान एंड्रयू बालबर्नी ने 37 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इसके बाद पॉल स्टर्लिंग का साथ दिया लोर्कन टकर ने जिन्होंने नाबाद 45 रनों की पारी खेली और टीम को शानदार जीत दिलाई। गेंदबाजों की बात करें तो आयरलैंड की ओर से गैरेथ डेलानी ने तीन विकेट चटकाए तो वहीं वेस्टइंडीज के केवल अकील होसिन ही एक विकेट ही चटका पाए। शुक्रवार को हुए मैच से पहले वेस्टइंडीज और आयरलैंड ने अबतक एक-दूसरे के साथ सात टी-20 मैच खेले हैं। इनमें से वेस्टइंडीज ने तीन जीते हैं जबकि आयरलैंड ने दो जीते हैं। दो मैच ऐसे थे जिनका कोई नतीजा नहीं निकला। दोनों टीमों ने अब तक आईसीसी टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट में छह टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें वेस्टइंडीज ने दो, जबकि आयरलैंड ने तीन मैच जीते हैं। एक मैच में कोई नतीजा नहीं निकला। बता दें कि वेस्टइंडीज ने 2012 और 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था।

मेलबर्न (एजेंसी)। टी-20 क्रिकेट में वेस्टइंडीज एक ऐसी टीम रही है जिसने दो बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। लेकिन इस बार उसका यह सपना अधूरा रह गया। शुक्रवार को हुए धमाकेदार मुकाबले में आयरलैंड की टीम ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाए। वहीं, आयरलैंड की टीम 17.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाकर सुपर ट्वेल्थ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

वेस्टइंडीज की बैटिंग रही सुस्त : मैच की बात की जाये तो वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी की। लेकिन सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स महज एक रन बनाकर चलता हो गए। इसके अलावा जॉनसन चार्ल्स भी 24 रन बना पाए। एविन लुइस ने 13 रनों की पारी खेली। इसके बाद वेस्टइंडीज की पारी को संभाला ब्रैंडन किंग ने जिन्होंने नाबाद 62 रन बनाए और 147 रनों का लक्ष्य दूसरी टीम को देने में मदद की। दूसरी ओर आयरलैंड की बात की जाए तो आयरलैंड ने शुरूआत से ही मैच में कब्जा जमाए रखा और सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने नाबाद रहते हुए 48 बॉल पर 66 रन की पारी खेली।

पंजाब किंग्स से सहायक कोच के तौर पर जुड़े हैडिन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन 2023 इंडियन प्रीमियर लीग से पहले पंजाब किंग्स से सहायक कोच के तौर पर जुड़ गये हैं। पंजाब की फ्रेंचाइजी ने महान भारतीय अनिल कुंबले की जगह विश्व कप विजेता कोच ट्रेवर बेलिस को नया मुख्य कोच नियुक्त करने के बाद 44 वर्षीय हैडिन को टीम से जोड़ा। हैडिन और बेलिस दोनों सनराइजर्स हैदराबाद में भी साथ ही थे। हैडिन आस्ट्रेलिया के लिए 66 टेस्ट, 126 वनडे और 34 टी-20 मैच खेल चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सूत्र ने गुरुवार को पीटीआई से कहा कि हैडिन को सहायक कोच नियुक्त किया गया है। जल्द ही बाकी सहयोगी स्टाफ की भी नियुक्ति की जायेगी।

कुंबले के अलावा टीम ने सहायक कोच जोंटी रोड्स और गेंदबाजी कोच डेमियन राइट का अनुबंध भी नहीं बढ़ाया था। रोड्स 2020 चरण से पहले पंजाब की टीम से जुड़े थे जबकि राइट इसके एक साल बाद आये थे। टीम पिछले तीन सत्र में प्लेऑफ में भी जगह नहीं बना सकी है, तो प्रबंधन ने कुंबले का अनुबंध नहीं बढ़ाने के अलावा सहयोगी स्टाफ के सदस्यों से भी अलग होने का फैसला किया। पंजाब की टीम बेलिस के मार्गदर्शन में पहला आईपीएल खिताब जीतने की उम्मीद लगाये हैं जिन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कोचिंग में 2012 और 2014 में दो खिताब दिलाये थे।

यूएई ने रोमांचक मुकाबले में नामीबिया को हराया, दोनों टी-20 वर्ल्ड कप से हुए बाहर

मेलबर्न (एजेंसी)। यूएई ने नामीबिया को सात रन से हराकर टी-20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। यूएई के नामीबिया के खिलाफ जीत के साथ ही नीदरलैंड ने सुपर-12 में जगह बना ली है। ग्रुप ए से श्रीलंका और नीदरलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के अगले राउंड के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यूएई ने जहां टी-20 विश्व कप इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की है, वहीं नीदरलैंड ने इस जीत के दम पर टी-20 विश्व कप के सुपर-12 राउंड में प्रवेश कर लिया है। ग्रुप-ए की शीर्ष टीम श्रीलंका पहले ही अगले दौर में पहुंच चुकी है जबकि इस साल टूर्नामेंट में यूएई और नामीबिया का सफर समाप्त हो गया है। टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-12 में श्रीलंका की टीम ग्रुप एक में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगी, जबकि ग्रुप दो में नीदरलैंड भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश की टीमें होंगी। यूएई ने डेविड वीजे (55) के जुझारू अर्द्धशतक के बावजूद नामीबिया को आईसीसी टी-20 विश्व कप के पहले दौर के रोमांचक मुकाबले में गुरुवार को

सात रन से मात दी। यूएई ने ग्रुप-ए के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुहम्मद वसीम (50) के अर्द्धशतक और सीपी रिजवान के नाबाद 43 रनों की बदौलत 20 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाये। नामीबिया इसके जवाब में 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 141 रन ही बना सकी। नामीबिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 69 रन पर सात विकेट गंवा दिये थे और उन्हें सात ओवरों में 80 रन की आवश्यकता थी। वीजे ने 36 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 55 रन बनाते हुए रूबेन ट्रंपलमैन (25) के साथ आठवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। नामीबिया को आखिरी ओवर में 14 रन की दरकार थी, लेकिन ओवर की चौथी गेंद पर वीजे आउट हो गये और उनकी टीम लक्ष्य से सात रन पीछे रह गयी।

यूएई की जीत से भारत को बड़ा फायदा

भारत-पाकिस्तान में आर या पार, मैच से पहले इंडियन मीडिया में छिड़ी बहस

होबार्ट (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया में जारी टी-20 वर्ल्ड कप में राउंड-1 के मुकाबले लगभग खत्म हो चुके हैं। सुपर-12 के समीकरण सामने हैं। श्रीलंका, नीदरलैंड्स, नामीबिया, यूएई, वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, आयरलैंड और स्कॉटलैंड के बीच घमासान से सिर्फ 4 टीमें ही आगे जाएंगी। श्रीलंका, नीदरलैंड्स, नामीबिया और यूएई ग्रुप ए में हैं। ग्रुप बी में वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, आयरलैंड और स्कॉटलैंड है। दोनों ग्रुप से 2-2 टीमें सुपर-12 में एक्शन में दिखेगी। इस ग्रुप के सभी मैच खत्म हो चुके हैं। जैसी कि उम्मीद थी, पूर्व चैंपियन श्रीलंका तीन मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में टॉप पर है। श्रीलंका अब सुपर 12 के ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के साथ शामिल होगा। नीदरलैंड्स तीन मैचों में दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सुपर 12 के ग्रुप 2 में डच टीम भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के साथ शामिल होगी। यूएई ने नामीबिया को हराकर नीदरलैंड्स का रास्ता क्लियर किया। इसी के साथ भारत का सेमीफाइनल का रास्ता भी आसान हो चुका है। अब टीम इंडिया और डच टीम का सामना 27 अक्टूबर को होगा।

ग्रुप बी का समीकरण भी देखिए : दो बार की पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज की भिड़ंत आयरलैंड से और

स्कॉटलैंड का सामना शुक्रवार को जिम्बाब्वे से होना है, जिसमें ग्रुप बी की टॉप की दो टीमों को सुपर 12 के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। वेस्टइंडीज, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे के बीच जो भी दो टीमें अपने मैच जीतती हैं, वे आगे बढ़ जाएंगी, लेकिन होबार्ट में शुक्रवार को बारिश की भविष्यवाणी के साथ, मैचों पर भारी प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिसके बाद समीकरण नेट रन-रेट में बदल जाएगा। अगर दोनों मैच रद्द हो जाते हैं तो स्कॉलैंड बी1 तो जिम्बाब्वे बतौर बी2 टीम क्वालीफाई होगी।

टी-20 रैंकिंग : सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर बरकरार केएल राहुल और कोहली भी टॉप 15 में शामिल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आईसीसी टी-20 विश्व कप में सुपर 12 के मुकाबले शुरू होने से पहले खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी कर दी गई है। बल्लेबाजों में भारत के सूर्यकुमार यादव दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। वहीं, पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान शीर्ष पर काबिज हैं। भारत के केएल राहुल और विराट कोहली भी टॉप 15 में काबिज हैं। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के पास 861 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ ट्राई सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी स्थिति और मजबूत की है। सूर्यकुमार यादव 838 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। केएल राहुल 13वें, विराट कोहली 15वें और कप्तान रोहित शर्मा 16वें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे से पहले तीसरे

स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में एकमात्र बदलाव दसवें स्थान पर हुआ है। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स ने 13 पायदान की छलांग लगाई है और 10वें स्थान पर आ गए हैं।

ऑलराउंडर रैंकिंग में शाकिब टॉप पर : हार्दिक पांड्या भी ऑलराउंडर रैंकिंग में 173 रेटिंग अंकों के साथ छठे स्थान पर बरकरार हैं। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन टॉप पर बने हुए हैं। शाकिब ने बांग्लादेश के लिए पिछले दो मैचों में दो अर्धशतक लगाए हैं और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को खिलाफ अपनी स्थिति और मजबूत की है।

गेंदबाजों में मुजीब और महाराज को फायदा : गेंदबाजों में अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान दो स्थान के फायदे के साथ पांचवें और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर आ गए हैं। इसके अलावा गेंदबाजों की रैंकिंग में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड 705 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर काबिज हैं। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान 696 रेटिंग अंक के साथ दूसरे और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा 692 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी के पास 688 रेटिंग अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं।